3 राजधानी
स्थायी समिति की शक्तियों के हस्तांतरण की गुहार

6 अभिमत
पाकिस्तान-तालिबान में बढ़ता टकराव

11 विदेश
ईरान में नौ पाकिस्तानी श्रमिकों की हत्या

12 स्पोर्ट्स
इंग्लैंड ने भारत को 28 रन से हराया

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 83
नई दिल्ली, सोमवार, 29 जनवरी, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सदन की कार्यवाही में व्यवधान ठीक नहीं
राष्ट्रीय-10

# बिहार में थमा सियासी तूफान

## नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली

**दीपक कुमार झा।** पटना/नई दिल्ली

**जदयू अध्यक्ष** नीतीश कुमार ने रविवार को एक और राजनीतिक उलटफेर करते हुए रिकॉर्ड नौंवी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया। इसके साथ ही पिछले एक सप्ताह से जारी अटकलों को दौर समाप्त हो गया, नीतीश कुमार ने इस बार भाजपा के समर्थन से यह सब किया है। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन के रूप में जीतने के बाद नीतीश ने 18 महीने पहले भाजपा से नाता तोड़ते हुए अगस्त 2022 में राजद, कांग्रेस गठबंधन में सरकार बना ली थी। हालिया फैसले पर राजद नेता तेजस्वी ने टिप्पणी की कि यह नीतीश की राजनीति का अंत और बिहार में जदयू का अंत है।

40 लोकसभा सीटों वाले महत्वपूर्ण राज्य में 72 घंटे के सुव्यवस्थित शासन परिवर्तन के बाद पटना में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में राजभवन में राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने नीतीश को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि बिहार में नवगठित एनडीए सरकार राज्य के विकास और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी, साथ ही उन्होंने नीतीश कुमार और उनके दो विधायकों को शपथ लेने पर बधाई दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि बिहार में नई सरकार पूरे समर्पण के साथ लोगों की सेवा करेगी।

नीतीश कुमार के साथ भाजपा नेता विजय कुमार सिन्हा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने उपमुख्यमंत्री (डिप्टी सीएम) पद की शपथ ली। नई सरकार में भाजपा के प्रेम कुमार ने मंत्री पद की शपथ ली, जबकि पूर्व सीएम जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाले हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय विधायक सुमित सिंह के अलावा जदयू सदस्य ( शेष पेज 9 )



पटना के राजभवन में प्रदेश की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते जदयू नेता नीतीश कुमार

## इंडिया गठबंधन के ताबूत में आखिरी कील

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**भाजपा** के सबसे बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टक्कर देने की अपनी आकांक्षाओं को आकार देने के लिए एक दिन पहले तक बड़े विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के अग्रदूत और मुख्य वास्तुकार रहे जेडीयू के मुखिया नीतीश कुमार ने रविवार को करारा झटका देते हुए एक बार फिर एनडीए के साथ आ गए। इसे इंडिया गठबंधन में आखिरी कील माना जा रहा है। नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ नई सरकार का गठन करने के साथ विपक्ष को करारा झटका दिया है। इसके साथ ही कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गुट के साथियों के गठबंधन का नौ महीने बाद भी कोई नतीजा नहीं निकल सका है। तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने और कांग्रेस के साथ कोई समझौता नहीं करने की घोषणा करके समूह पर ठंडा पानी डालने के कुछ दिन बाद, जद (यू) ने भी कहा कि क्षेत्रीय सहयोगियों के प्रति पार्टी का उदासीन रवैये और पुराने संबंधों के कारण गठबंधन टूट रहा है। आम आदमी पार्टी ने भी पिछले हफ्ते पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। इसका मतलब है कि पश्चिम बंगाल, बिहार, पंजाब के बाद झारखंड में भी केवल उम्मीद ही बची है, जबकि 80 लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में भी अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी और कांग्रेस दोनों के बीच सबकुछ ठीक नहीं दिखाई दे रहा है। हालाँकि, अखिलेश ने ( शेष पेज 9 )

# भाजपा के सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा बने उपमुख्यमंत्री

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



**बिहार में** नीतीश कुमार की भाजपा के साथ नई पारी में उपमुख्यमंत्री पद की रविवार को शपथ लेने वाले सम्राट चौधरी (54) और विजय कुमार सिन्हा (64) रविवार को प्रदेश भाजपा की दूसरी पीढ़ी के नेतृत्व में सामने आए। पिछड़ी जाति से आने वाले चौधरी, अगड़ी जाति से आने वाले सिन्हा को नीतीश सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय व दायित्व मिलने की संभावना है। पार्टी के अन्य नेता नितिन नबीन, शाहनवाज हुसैन, रामप्रीत पासवान, नीरज सिंह बब्लू को नई सरकार में मंत्री बनाए जाने की संभावना है। इससे पहले जदयू और भाजपा की सरकार में सुशील कुमार मोदी उपमुख्यमंत्री थी। सूत्रों ने कहा कि बिहार में 40 से अधिक लोकसभा सीटें हैं, जो इसे राजनीतिक बदलाव के साथ भाजपा के लिए फायदेमंद हो सकता है। नीतीश कुमार को एनडीए के पाले में वापस लाने के साथ भाजपा को लोकसभा में बड़ी बढ़त मिल सकती है। जैसे-जैसे देश अगले साल लोकसभा चुनावों के लिए तैयार हो रहा है, इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के करिश्मे के साथ भाजपा चुनाव मशीनरी से लैस एक मजबूत ताकत दिखाई दे रही है।

गठबंधन सहयोगी के रूप में नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के तुरंत बाद, पटना में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि एनडीए आगामी लोकसभा चुनावों में 'प्रचंड जीत' हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में नई एनडीए सरकार उज्ज्वल बिहार बनाएगी। बिहार के लोगों ने पिछले विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के साथ हमारे स्वाभाविक गठबंधन को जनादेश दिया था। जब भी हम एक साथ सत्ता में रहे हैं, बिहार को फायदा हुआ है, चाहे वह कानून व्यवस्था के मामले में हो या आर्थिक विकास का। नवीनतम विकास के साथ, बिहार में भाजपा की वर्तमान पीढ़ी के नेताओं को आगामी लोकसभा चुनावों में किनारे किए जाने की संभावना है। रविवार को चौधरी को भाजपा विधायक दल का नेता और सिन्हा को उपाध्यक्ष चुना गया। चौधरी, एक कुशवाह ओबीसी नेता, को पिछले साल संजय जयसवाल चौधरी की जगह बिहार का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जो कथित तौर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से ( शेष पेज 9 )

# कंपकंपाती ठंड से राहत के आसार नहीं



● एक बार फिर बनेगी शीत लहर और कोल्ड डे की संभावना

**संजय राय।** नई दिल्ली

**दिल्ली एनसीआर** सहित उत्तर भारत के अन्य राज्यों में भी हाल फिलहाल कड़ाके की ठंड से राहत मिलने के कोई आसार नहीं हैं। बीच बीच में तापमान में गिरावट या वृद्धि भले होती रहे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सर्दी जा रही है। ठिठुरन भरी ठंड इस बार फरवरी के मध्य तक रह सकती है। इन सर्दियों में मौसम का मिजाज ही नहीं, इसका पूर्वानुमान भी पहेली बन गया है। पूर्वानुमान ठंड का होता है तो धूप खिली जाती है और जब आसमान साफ होने का पूर्वानुमान हो तो दिन भर बादल छाए रहते हैं। मसलन, शनिवार को दिन भर तेज धूप खिली रही तो तापमान ही नहीं बढ़ा, बल्कि ठंड भी एकाएक कम हो गई थी लेकिन रविवार को दिन भर धुंध और बादल छाए रहे तो ठंड फिर से बढ़ गई। तापमान भी सामान्य से नीचे रिकार्ड किया गया। जिसके कारण उड़ानें, ट्रेनें और परिवहन के अन्य साधन भी प्रभावित हुए। न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत से दो डिग्री कम है, जबकि अधिकतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत के लिए सामान्य है। मयूर विहार दिल्ली का सबसे ठंडा इलाका रहा, जहां अधिकतम तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शहर में सबसे कम है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मजबूत पश्चिमी विक्षोभों के आने से अबकी बार मौसम का पैटर्न थोड़ा बदला हुआ है। हवाएं मंद चल रही हैं, नमी 90 प्रतिशत तक बनी हुई है। बरसात भी नहीं हो रही। इस सबके चलते दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा एवं मध्य प्रदेश में मध्यम से घना कोहरे की स्थिति बनी हुई है। आसमान में बादल भी निचले स्तर पर बन रहे हैं। इन्हीं सब कारणों से सूरज का ताप ठीक से धरती तक नहीं पहुंच पा रहा और कभी कोल्ड डे तो कभी शीत लहर के हालात बने हुए हैं। मौसम विज्ञानी बताते हैं कि इस स्थिति में अभी आगामी कुछ दिनों में भी बदलाव के संकेत नहीं हैं। इसके विपरीत एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। मैदानी क्षेत्रों में इसका सीधा असर तो नहीं होगा लेकिन पहाड़ों पर बर्फबारी हो सकती है। उत्तर पश्चिमी हवाओं के जरिये इस बर्फबारी की ठंडक फिर समूचे उत्तर भारत को कंपकंपा सकती है। 30-31 जनवरी को फिर एक और पश्चिमी विक्षोभ आने का पूर्वानुमान है। इसके चलते हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अनुमान है कि इन परिस्थितियों के चलते ठिठुरन भरी ठंड का असर मध्य फरवरी तक भी बना रह सकता है। अगर कोल्ड डे अथवा शीत लहर वाली स्थिति फिर से बन जाए तो भी अतिश्योक्ति नहीं। वर्षा हो जाए तो मौसम का पैटर्न बदल सकता है, लेकिन इस महीने तो ऐसी कोई संभावना लग नहीं रही। पीछे मुड़कर देखें तो पिछले वर्ष भी दिसंबर में न बर्फबारी हुई थी और न ही बरसात। इस साल भी कमोबेश वैसे ही हालत बन रहे हैं। अबकी बार तो दिसंबर क्या, ( शेष पेज 9 )

# कालकाजी मंदिर में जागरण के लिए बना मंच टूटा, भगदड़ से महिला की मौत, 17 घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रसिद्ध** कालकाजी मंदिर में शनिवार देर रात जागरण के दौरान बड़ा हादसा हो गया। यहां जागरण के लिए बनाया गया मंच टूटने से भगदड़ मच गई। इस अफरा-तफरी में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एम्स ट्रॉमा सेंटर, सफदरजंग अस्पताल और मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस वक्त यह हादसा हुआ उस वक्त वहां गायक बी प्राक का प्रोग्राम चल रहा था। घटना के बाद पुलिस ने जागरण के आयोजकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महिला की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

पुलिस ने बताया कि शनिवार रात कालकाजी माता मंदिर के महंत परिसर में माता का जागरण आयोजित किया गया था। जो पिछले 26 सालों से यहां पर आयोजित होता आ रहा है, लेकिन इस जागरण को लेकर पुलिस से कोई अनुमकति नहीं ली गई थी। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की टीम तैनात की गई थी। जागरण के दौरान डेढ़ हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे। जो स्टेज बना हुआ था वह लोहे के फ्रेम पर लकड़ी से बना हुआ था। देर रात साढ़े 12 बजे वजन अधिक होने बीच से अचानक टूट गया। इसके बाद वहां भगदड़ मच गई जिससे मंच पर बैठे और जमीन पर उसके आसपास बैठे लोग घायल हो गए। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि अन्य 17 श्रद्धालु घायल हो गए। हादसे मे जान गंवाने वाली महिला की पहचान टीना के रूप में हुई है। परिवार में पति और तीन बच्चे हैं। वह तुगलकाबाद एक्सटेंशन में रहती थी। सभी घायलों की हालत स्थिर है। इनमें से कुछ लोगों को शरीर के अलग-अलग भाग में फ्रैक्चर हुई है। एक प्रत्यक्षदर्शी वरुण ने बताया कि मंदिर में बड़ी भीड़ थी क्योंकि गायक बी प्राक वहां मौजूद थे। अचानक मंच ढह गया और मंच के पास बैठे लोगों को चोटें आईं। गायक बी प्राक तब तक वहां से जा चुके थे। मंदिर में मौजूद एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि उसने बहुत तेज आवाज सुनी और लोगों को बाहर भागते हुए देखा। पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया, कार्यक्रम के लिए कोई पूर्व अनुमति नहीं दी गई थी। हालांकि, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे। इस मामले में जागरण आयोजकों के खिलाफ आईपीसी की धारा 337/304/188 के तहत मामला दर्जकिया गया है। मौके पर क्राइम टीम को बुला करके छानबीन कराई गई।



दिल्ली में कालका जी मंदिर में जागरण के दौरान गिरा मंच। इस हादसे में एक महिला की मौत गई और 17 लोग घायल हो गए

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महिला की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर उन्होंने कहा कि कालकाजी मंदिर के जागरण में कल रात हुआ हादसा बेहद दुखद है, हादसे में एक महिला की मौत हुई है, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। घायल हुए 17 लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। साथ ही लिखा कि उनकी दिल्ली वालों से अपील है कि किसी भी तरह के बड़े आयोजन में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखें, व्यवस्था इस प्रकार करें कि कोई भी अप्रिय घटना नहीं घटे। वहीं मशहूर गायक बी प्राक ने कहा कि कालकाजी मंदिर में जागरण के लिए बनाए गए मंच के ढह जाने से निराश हैं। उन्होंने घटना के तुरंत बाद इंस्टाग्राम पर एक वीडियो संदेश साझा करते हुए कहा कि ऐसा पहली बार है कि जहां वह प्रस्तुति दे रहे थे वहां ऐसा हुआ मां कालकाजी मंदिर में। उम्मीद करते है कि घायल जल्द ही ठीक हो जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रबंधन ने भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की लेकिन भक्तों की भावनाएं चरम पर थीं। उन्होंने कहा कि प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने भीड़ को समझाने की कोशिश की और उन्हें पीछे हटने के लिए कहा, लेकिन यह देवी मां और मेरे लिए आपका प्यार है लेकिन हमें अब से बहुत सावधान रहना होगा और बच्चों, बुजुर्गों और बाकी सभी का बहुत ख्याल रखना होगा।

# राम का शासन संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत: मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भगवान राम का शासन, हमारे संविधान निर्माताओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत था। अयोध्या के राम मंदिर में भगवान राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया और इस दौरान सामूहिकता की जो शक्ति देखी गई वह विकसित भारत के संकल्पों का बहुत बड़ा आधार है। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में देशवासियों से संवाद करते हुए कहा कि भगवान राम का शासन देश के संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत था और इसलिए 22 जनवरी को अयोध्या में मैंने देव से देश की बात और राम से राष्ट्र की बात की थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सबकी भावना एक, सबकी भक्ति एक, सबकी बातों में राम, सबके दिल में राम हैं। देश के अनेकों लोगों ने इस दौरान राम भजन गाकर उन्हें श्रीराम के चरणों में समर्पित किया जबकि 22 जनवरी की शाम को पूरे देश ने राम ज्योति जलाई, दिवाली मनाई। इस दौरान देश ने सामूहिकता की शक्ति देखी, जो विकसित भारत के हमारे संकल्पों का भी बहुत बड़ा आधार है। सामूहिक शक्ति देश को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने पद्म पुरस्कारों के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि हाल ही में पुरस्कारों से सम्मानित होने वाले कई लोग ऐसे थे जिन्होंने बड़े बदलाव लाने के लिए जमीनी स्तर पर और सुर्खियों से दूर काम किया। मुझे बहुत खुशी है कि पिछले दशक में पद्म पुरस्कारों की प्रणाली पूरी तरह से बदल गई है। अब यह लोगों का पद्म बन गया है। पद्म पुरस्कार विजेताओं में से प्रत्येक का योगदान देशवासियों के लिए प्रेरणा है। कि उनमें से कई ऐसे थे जिन्होंने शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय संगीत, लोक नृत्य, रंगमंच



और भजन की दुनिया में देश का नाम रोशन किया। विदेशों से भी कई लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, क्योंकि उनका काम भारतीय संस्कृति और विरासत को नई ऊंचाई प्रदान कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस साल गणतंत्र दिवस परेड को बहुत ही अद्भुत करार दिया और कहा कि इस बार सबसे ज्यादा चर्चा महिला शक्ति की हुई। जब कर्त्तव्य पथ पर केंद्रीय सुरक्षा बलों और दिल्ली पुलिस की महिला टुकड़ियों ने कदमताल शुरू किया तो सभी गर्व से भर उठे। महिला बैंड का मार्च देखकर, उनका जबरदस्त तालमेल देखकर, देश-विदेश में लोग झूम उठे। इस साल परेड में मार्च करने वाले 20 दस्तों में से 11 दस्ते महिलाओं के ही थे। इस दौरान जो झांकियां निकाली गई उसमें भी सभी महिला कलाकार ही थीं और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी करीब 1,500 बेटियों ने हिस्सा लिया था। इसमें दिखाया गया कि कैसे नारी शक्ति जल-थल-नभ, साइबर और अंतरिक्ष सहित हर क्षेत्र में देश की सुरक्षा कर रही है। 21वीं सदी का भारत, ऐसे ही महिला-नीत विकास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है। इस वर्ष 13 महिला खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार मिलने का जिक्र करते हुए कहा कि बदलते हुए भारत में हर क्षेत्र में देश की महिलाएं कमाल करके दिखा रही हैं। मोदी मोदी ने मन की बात की इस कड़ी में अंगदान पर भी चर्चा की और कहा कि हाल के वर्षों में देश में एक हजार से अधिक लोग ऐसे रहे हैं, जिन्होंने, अपनी मृत्यु के बाद अपने अंगों का दान कर दिया। उन्होंने इस नेक कार्य में योगदान देने वाले लोगों व संगठनों की सराहना भी की। अब मैं भारत की एक ऐसी उपलब्धि साझा कर रहे हैं जिससे मरीजों का जीवन आसान बनेगा, उनकी परेशानी कुछ कम होगी। आप में से कई लोग होंगे, जिन्हें इलाज के लिए आयुर्वेद, सिद्ध या यूनानी की चिकित्सा पद्धति से मदद मिलती है। लेकिन इनके मरीजों को तब समस्या होती है, जब इसी पद्धति के किसी दूसरे डॉक्टर के पास जाते हैं। इन चिकित्सा पद्धतियों में बीमारी के नाम, इलाज और दवाइयों के लिए एक जैसी भाषा का इस्तेमाल नहीं होता है। इन आयुष पद्धतियों से जुड़े हमारे चिकित्सक, इस कोडिंग को जल्द से जल्द अपनाएंगे। ( शेष पेज 9 )

# फिल्म सिटी को लेकर कंपनियों ने पेश किया विजन

## यमुना प्राधिकरण कार्यालय में 30 को खोला जाएगा टेंडर, अभिनेता अक्षय कुमार व बोनी कपूर ऑनलाइन हुए शामिल

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

मुख्यमंत्री योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट फिल्म सिटी को लेकर यमुना प्राधिकरण के सभागार में एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में फिल्म सिटी परियोजना में बिड डालने वाली चारों कंपनियों के द्वारा अपना प्रेजेंटेशन दिया गया।

इस दौरान फिल्म स्टार अक्षय कुमार ऑनलाइन जुड़े और उन्होंने भी अपनी राय रखी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी परियोजना में शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में फिल्म सिटी प्रोजेक्ट हेतु बिड करने वाली चारों कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा प्रेज़ेंटेशन दिया गया।




इसमें प्रमुख सचिव व अध्यक्ष यमुना प्राधिकरण अनिल कुमार सागर, निदेशक सूचना शिशिर सिंह, अंशुमन त्रिपाठी सहायक निदेशक द्वारा ऑनलाइन तथा प्राधिकरण की तरफ़से मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुण वीर सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कपिल सिंह तथा विपिन कुमार जैन, ओएसडी शैलेंद्र भाटिया, शैलेंद्र कुमार सिंह, सीएल, आरपी गुप्ता, कंसलटेंट कंपनी सीबीआरई सहित अन्य अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया। इस बैठक में फिल्म सिटी परियोजना के अंतर्गत बिड करने वाली चारों कंपनियों द्वारा अपना प्रेजेंटेशन दिया गया।

इस प्रेजेंटेशन में विशेषकर कंपनियों द्वारा फिल्म सिटी परियोजना को विकसित किए जाने के संबंध में अपना विजन, कॉन्सेप्ट, टाइम लाइन, हाइलाइट्स आदि बिंदुओं पर जोर दिया गया। बोनी कपूर, आशीष भूटानी, सीईओ भूटानी इंफ्रा, अश्विनी चैटले एवं अली चैटले, राजीव अरोड़ा, अरविन्द कुमार बिन्नी द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया। केसी बोकाडिय, करिश्मा जैन, विशाल, हर्ष जैन आदि द्वारा फिल्म सिटी परियोजना के संबंध में अपना विजन प्रस्तुत किया गया।

फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार द्वारा ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया। उनके द्वारा भी फि ल्म सिटी को लेकर प्रेजेंटेशन दिया गया। प्राधिकरण कार्यालय में दिनेश विजन मैडॉक फि ल्म्स, दिव्यांशु, अश्विनी सहित चेरीकाउंटी टीम के प्रतिनिधियों द्वारा अपना विजन एवं प्रस्तुतीकरण दिया गया।

विनय कुमार मित्तल सीईओ फि ल्म सिटी प्रोजेक्ट, शंकरण कन्नन, लीगल कंसलटेंट और सुधीर शर्मा तथा विवेक द्वारा टी सीरीज कंपनी के विज़न, डिज़ाइन, कॉन्सेप्ट का प्रेजेंटेशन प्राधिकरण कार्यालय में दिया गया। चारों कम्पनीज को टेक्निकली क़्लीफ़ इड पाया गया। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि आगामी मंगलवार 30 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे यमुना प्राधिकरण कार्यालय के सभाकक्ष में फइनेंसियल बिड खोली जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कलाकारों ने कैनवास पर उकेरी कलाकृतियां



**नोएडा।** डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में आयोजित अर्थ कला प्रदर्शनी सीजन-5 का समापन हो गया। प्रदर्शनी के दौरान मॉल में दर्शकों ने सुंदर कलाकृतियों का खूब सराहा। कला प्रदर्शनी में भारतीय कलाकारों द्वारा एक से एक सुंदर कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य पारंपरिक और समकालीन कलाकारों को अपना काम प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना और कला प्रेमियों के लिए एक समुदाय का निर्माण करना था। प्रदर्शनी में भारतीय संस्कृति, विरासत का सौंदर्य बोध, रचनात्मक शक्ति और कलात्मक गुणवत्ता का सुंदरता से चित्रण किया गया। लाइव पेंटिंग के दौरान रामकुमार प्रजापति, डॉ. समता शर्मा, अरिजीत चंदा, विजया अश्विन जैसे कलाकारों ने अपनी सुंदर कलाकृतियों से सभी का दिल जीत लिया। 16 जनवरी से शुरू हुई इस लाइव कला प्रदर्शनी का आयोजन 28 जनवरी तक किया गया।

### मेट्रो की मांग को लेकर निवासियों ने किया प्रदर्शन

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो की मांग को लेकर एक बार फिर प्रदर्शन किया। रविवार को यह सभी लोग एक मूर्ति गोल चक्कर पर इकट्ठा हुए और जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि सरकार उनकी कोई भी सुनवाई नहीं कर रही है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि सरकार एक तरफ क्लीनध्ग्रीन एनर्जी पर जोर दे रही है, दूसरी तरफमेट्रो जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं की देरी पर खामोश है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो के सिविल स्ट्रक्चर हेतु 2020 के बाद चार बार निविदा निकल चुकी है, बावजूद इसके अभी तक संशोधित डीपीआर में ही एनएमआरसी के अधिकारी अटके हैं। एक दशक में भी एक प्लान न बनाने वाली संस्था के सहारे विकास का खाँचा खींचने का प्रयास कितना सफ ल होगा, ये वर्तमान सरकार के जिम्मेदार नेताओं के लिए विचारणीय विषय है। नोएडा। एक बार फि र सार्वजानिक परिवहन की व्यवस्था के लिए एक मूर्ति चौक पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी जुटे और प्रदर्शन किया। रोहित मिश्रा ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में, निवासी कई हफ्तों से लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन सुनने वाला कोई नहीं, ऐसा लग रहा है जैसे लाखों लोगों के लिए रोज रोज आने वाली समस्याओं से इनका कोई सरोकार नहीं।

### बिजली मीटर अतिरिक्त शुल्क को लेकर प्रदर्शन

**नोएडा।** सेवियर ग्रीनार्च के निवासियों ने बिजली मीटर से कैम चार्जेस कॉमन एरिया रखरखाव शुल्क कटौती के खिलाफ एनपीसीएल के ऑफिस में जाकर लिखित में शिकायत की। निवासियों ने बताया कि सेवियर ग्रीन आर्च में टावर से मेंटेनेंस शुल्क बिजली मीटर से काटा जा रहा है, जबकि बिजली के बिल से इस तरह के चार्जेस काटना अनैतिक है, इसके साथ साथ बिल्डर द्वारा फरवरी माह से अन्य टावरों से भी इस शुल्क को लेने के लिए नोटिस भेजा गया। निवासियो ने अपनी शिकायत में कहा है कि यह अनैतिक है और बिजली के मीटर से बिजली के अलावा कोई दूसरा चार्ज काटना पूरी तरह से कानूनी अपराध है। इस दौरान ग्रीनआर्च सोसाइटी निवासी नमित रंजन, नवल सिंह, पवन चौधरी, उमेश रंजन, अशोक सैनी, नीतेश एवं रश्मि पाण्डेय उपस्थित रहे।

### हार्ट अटैक को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**नोएडा।** हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों के बीच नेफोमा फाउंडेशन ने इको विलेज 2 सोसायटी में सीपीआर और बेसिक लाइफ़सपोर्ट कैंप आयोजित करवाई। इस कैंप में यथार्थ अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर पुनीत ने लोगों को सीपीआर देना सिखाया। उन्होंने बताया कि अगर सभी लोग सीपीआर सीखें तो कार्डिएक अरेस्ट के 10 में सात लोगों की जान बचाई जा सकती है। कैंप में सोसायटी के रेज़ीडेंट्स के साथ गार्ड और फैसिलिटी मैं काम करने वाले कर्मचारियों ने सीपीआर सीखा। इस जागरूकता कैंप में सोसाइटी के लोगों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान डॉक्टरों ने बताया गया कि हार्ट अटैक के मामले लगातार बढ़ते हुए जा रहे हैं।

# पुलिस अधिकारी पर सिक्योरिटी गार्ड से वर्दी का रौब दिखाने का आरोप

- सोसाइटी में गाड़ी गलत दिशा से निकालने पर हुआ था विवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में पुलिस और हाउसिंग सोसायटी के बीच झड़प होने का मामला सामने आया है। आरोप है कि यहां पर एक पुलिस अधिकारी ने वर्दी का रौब दिखाते हुए सिक्योरिटी गार्ड से न केवल अभद्र व्यवहार किया, बल्कि हवाई फायरिंग की भी। जब मौके पर पहुंची पुलिस भी सिक्योरिटी गार्ड को ही हिरासत में लेकर चली गई।

मामला ग्रेटर की पंचशील ग्रीन्स 2 सोसाइटी का है। पंचशील ग्रीन्स.दो सोसाइटी में यूपी पुलिस के एक अधिकारी गेस्ट बनकर किसी फ्लैट में आए थे। गलत साइड से निकलने पर गार्ड ने उन्हें रोका, जिससे वह भड़क गए और गार्ड के साथ गाली-गलौज की। उसके बाद बाहर सर्विस लेन में कार लगाकर अपनी पिस्तौल कार से निकाल लाए। स्थानीय लोग बता रहे हैं कि पुलिस अधिकारी ने हवाई फायरिंग भी की। इसी दौरान जानकारी पाकर 112 नंबर की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस सिक्योरिटी गार्ड की बात को सुने बिना ही उसे उठा कर ले गई।

# एनएचएआई करेगा नए एक्सप्रेसवे का निर्माण

- निर्माण के लिए नोएडा प्राधिकरण देगा जमीन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के विकल्प के तौर पर नया एक्सप्रेस वे का निर्माण एनएचएआई करेगी। प्राधिकरण ने इसके लिए एनएचएआई को पत्र लिखा है। इसके निर्माण में आने वाला खर्च भी एनएचएआई उठाएगा। निर्माण के बाद खर्चे की लागत विज्ञापन राइट्स के आधार वसूल की जा सकती है। इसका एक मसौदा भी तैयार किया जा रहा है। ये एक्सप्रेस वे 32 किमी का होगा।

दिल्ली के कालिंदी कुंज से यमुना एक्सप्रेस वे यानी नोएडा एयरपोर्ट को सीधे कनेक्ट करेगा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में एनएचएआई को पत्र लिखा गया है। जिसमें निर्माण और फि जिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी उनकी होगी। लैंड नोएडा प्राधिकरण की ओर से उनको दी जाएगी। अभी ये तय किया जा रहा है कि एक्सप्रेस वे एलिवेटड बनाया जाए या पुश्ता के समानान्तर इसका जॉइंट सर्वे किया जा चुका है। नोएडा में करीब 28 किमी का हिस्सा इस एक्सप्रेस वे होगा। बाकी 4 किमी का एक पेच बनाया जाएगा ये पेच यमुना एक्सप्रेस वे को जोड़ेगा। जिससे दिल्ली से सीधे नोएडा एयरपोर्ट तक वाहन जा सकेंगे।

इस सप्ताह फिजिबिलिटी रिपोर्ट आ जाएगी। दिल्ली और यमुना एक्सप्रेस को रोटरी के जरिए जोड़ा जाएगा इसका निर्माण भी एनएचएआई ही करायागा। क्योंकि दिल्ली में इस एक्सप्रेस वे मुंबई बड़ौदा एक्सप्रेस वे से जोड़ने का प्लान है। इन सभी तथ्यों को मिलाकर ही फि जिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस बीच ये साफहो गया कि नोएडा प्राधिकरण इस एक्सप्रेस के निर्माण में काई रकम खर्च नहीं करेगा। नोएडा.ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। व्यस्त समय में वाहन कतार लगकर चलते हैं। वाहनों के बीच गेप काफी कम रहता है।

अब इस साल जेवर एयरपोर्ट शुरू होने से वाहनों की संख्या और बढ़ जाएगी। इसको देखते हुए ये एक्सप्रेस वे काफी फायदे मंद होगा। साथ लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। समिति की ओर से हाल के दिनों में नए एक्सप्रेस के लिए सर्वे किया गया। ये सर्वे नोएडा के सेक्टर.94 यानी यमुना पुश्ता से लेकर सेक्टर.150 करीब 28 किमी तक का किया गया। यहां दो विकल्प दिए गए। पहला एक्सप्रेस वे समानांतर पुश्ता के साथ एक एक्सप्रेस वे बनाया जाए या फिर मौजूदा एक्सप्रेस वे के ऊपर एलिवेटड एक्सप्रेस वे बनाए। यह सड़क नोएडा के सेक्टर 128, 135, 150, 151, 168 के साथ.साथ ग्रेटर नोएडा के कुछ क्षेत्रों को जाने वाले वाहन चालकों को एक अतिरिक्त कनेक्टिविटी देगा।

### महिला से मारपीट मामले में ऑटो चालक भेजा जेल

**नोएडा।** नोएडा में एक ऑटो चालक की महिला सवारी को थप्पड़ मारने और अभद्र व्यवहार करने का मामला सामने आया है। दरअसल, एक ऑटो चालक महिला को आगे की सीट पर बैठाना चाहता था, लेकिन महिला ने इनकार दिया तो चालक ने महिला को थप्पड़ जड़ दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। उसका ऑटो रिक्शा भी जब्त कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार परी चौक के पास स्थित अंसल मॉल से एक महिला को ऐच्छर आना था। जब उसने आगे की सीट पर बैठने से मना कर दिया तो ऑटो चालक ने उसे थप्पड़ मार दिया।

नॉलेज पार्क थाना प्रभारी के बताया कि पुलिस ने आरोपी ऑटो चलाक प्रदीप निवासी कासना के खिलाफ केस दर्ज उसे गिरफ्तार कर लिया है। प्रदीप का ऑटो रिक्शा भी जब्त कर लिया गया है। वायरल वीडियो के आधार पर ऑटो चालक के खिलाफकार्रवाई की गई है।

# डिलीवरी बॉय से नामी बदमाश के बेटों ने मांगी रंगदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में फूड डिलीवरी बॉय से कुख्यात बदमाश के बेटों ने एक लाख रुपए की रंगदारी मांगी है। आरोप है कि उसके ससुराल वालों की सड़क हादसे में मौत के बाद 20 लाख रुपए का इंश्योरेंस मिला है। इसकी जानकारी आरोपियों को थी।

इसके बाद वह इस पर रंगदारी देने का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि थाना पुलिस ने उसकी मदद नहीं की। डीसीपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ है। गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र की गुलाब वाटिका में रहने वाले प्रवीण कुमार ने आरोप लगाया कि उसके दोस्त को अपहरण करके डरा धमका के रंगदारी मांगी है। दीपक को इंश्योरेंस के पैसे की जानकारी हुई तो उसने एक लाख रुपए मांगे। प्रवीण कुमार के मुताबिक, दीपक ने 20 तारीख दोपहर ढाई बजे इसे बुलाया। प्रवीण अपने दोस्त अंश के साथ दीपक के पास पहुंचा। प्रवीण का आरोप है कि दीपक, उसके साथी विकास और निशु ने प्रवीण और अंश को पिस्तौल दिखाकर अपनी कार में बिठा लिया।




यूपी दिवस समारोह के अंतिम दिन मुख्य अतिथि सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार बांटे।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसान बोलेंगे हल्ला

- दस प्रतिशत आवासीय मांग को लेकर मंगलवार को दूसरे चरण का प्रदर्शन होगा शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसान 30 जनवरी को हल्ला बोलेंगे। इसको लेकर किसान अपनी तैयारी में जुटे हुए हैं। किसान ज्यादा से ज्यादा प्राधिकरण पर पहुंचे इसको लेकर किसान सभा के कार्यकर्ता गांव-गांव जनसभाएं कर रहे हैं और लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्राधिकरण पर पहुंचने की अपील कर रहे हैं।

किसान सभा 30 जनवरी से दूसरे चरण का आंदोलन शुरू कर रही है। 10 प्रतिशत आबादी प्लाट, नए कानून को लागू करना और आबादियों के निस्तारण सहित अन्य मुद्दों को लेकर आंदोलनमोर्चा लगाकर चलेगा। 30 जनवरी के आंदोलन की तैयारी के सिलसिले में किसान सभा गांव में नुक्कड़ सभाएं, पंचायतें, जनसभाएं प्रचार अभियान चला रही हैं। प्राधिकरण ने 10 प्रतिशत आबादी प्लाट के मुद्दे को सालों लंबित रखा है। किसानों में भारी आक्रोश है। हजारों की संख्या में किसान आंदोलन में हिस्सा लेंगे, आज इसी सिलसिले में सादोपुर के बाबा समाज खेल मंदिर पर बड़ी पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिला पुरुषों नौजवानों ने हिस्सा लिया। पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने कहा कि 10: प्लाट की लड़ाई अपने अंतिम दौर में है। प्रस्ताव बोर्ड बैठक से पास होकर शासन के अनुमोदन के लिए चला गया है, जिसे मंजूर कराकर ही किसान सभा दम लेगी।

किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि नए अधिग्रहण कानून के संबंध में प्रस्ताव पास हो चुका है, उसका भी शासन से अनुमोदित होना शेष है, अनुमोदन करा कर ही आंदोलन खत्म होगा। किसान सभा के महासचिव जगबीर नंबरदार ने ऐलान किया कि रोजगार और भूमिहीनों के मुद्दों पर किसान सभा गंभीर हैं। वेंडिंग जोन के आरक्षण को लागू करवाना आवंटित करवाना इस आंदोलन का मकसद है।

### नोएडा में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

नोएडा। नोएडा में अपने पति के साथ किराये के मकान में रहने वाली एक 23 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी है।

जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले की 23 साल की एक महिला अपने पति के साथ नोएडा के थाना सेक्टर 58 क्षेत्रातंर्गत बिशनपुर गांव में किराये के मकान में रहती थी। शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि महिला ने पंखे से फ ांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है।

# फ्लैट खरीदारों को राहत, 1 फरवरी से होगी रजिस्ट्री

- 13 बिल्डरों ने बकाया जमा करने की प्रक्रिया शुरू हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा शहर में पिछले काफी समय से अपने फ्लैट की रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे बॉयर्स के लिए यह खबर राहत देने वाली है। दरअसल, आगामी 1 फरवरी से फ्लैट बॉयर्स अपने फ्लैट की रजिस्ट्री करा सकेंगे।

अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों पर यूपी कैबिनेट के फैसले से बकायेदार बिल्डरों को राहत मिली है। 13 बिल्डरों ने बकाया जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब नोएडा प्राधिकरण कैंप



लगाकर रजिस्ट्री शुरू कराएगा। इन 13 ग्रुप हाउसिंग प्रॉजेक्ट में 1900 से ज्यादा फ्लैट हैं।

प्राधिकरण अधिकारियों को उम्मीद है कि सोमवार को और भी बकायेदार बिल्डर बकाया जमा करने को आगे आएंगे। बकाया मिलने के हिसाब से आने वाले नए बिल्डरों की भी रजिस्ट्री खोल दी जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं यूपी के औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज सिंह द्वारा शनिवार को समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि 57 बकायेदार बिल्डरों में से 13 बिल्डर बकाया जमा करने को लिए आगे आए हैं और लिखित सहमति भी दे दी है। इन बिल्डर प्रॉजेक्ट में 1900 से ज्यादा फ्लैट हैं।

साथ ही पिछले बैठकों में शामिल हुए कई बिल्डर ने सोमवार तक लिखित सहमति देने के लिए कहा है। लिखित सहमति देने वाले बिल्डरों ने 25.25 प्रतिशत धनराशि भी जमा कर दी है। 4 बिल्डरों की धनराशि प्राधिकरण को डिमांड ड्राफ्ट से मिल गई है। 5 ने अगले 60 दिनों में बकाया राशि जमा करने को कहा है। 4 बिल्डर प्रॉजेक्ट ऐसे भी हैं जिनका बकाया कम था।

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all concerned that the original perpetual Lease Deed, C&D Form, Original Possession Letter, Demand Letter, etc. regarding property No. C-61, East of Kailash, New Delhi-110065, with other correspondence with DDA kept in Green Colour File has been misplaced/lost and is not traceable and a report in this regard has also been filed online complaint with the Police Station Crime Branch, LR No.240802/2023 dated 14.03.2023.

Any person, Bank, Company, Financial Institution, Firm, Society, Government, Semi-Government Organization etc. etc. knowing the whereabouts or having in their possession the above mentioned documents may inform Mr. Pankaj Gambir on my email ID sahiba_pankaj@yahoo.co.in and Phone No. 9312210692 and Dy. Director LAB(Residential) C-3 Block, IIIrd floor, Vikas Sadan, DDA, New Delhi, within 15 days of publication of this notice.

**ई-नीलामी सूचना**

**विनिर्माण डिफेक्टिड चार पहिया मोटर वाहन पार्टस्, एचपीडीसी प्रक्रिया के माध्यम से उत्पादित ब्रैकेट ट्रांस ज्वाइंट मैक, मैटेरियल ग्रेड एडीसी -12 (एल्यूमीनियम डाई कास्ट घटक)**

इच्छुक खरीदारों को "विनिर्माण डिफेक्टिड चार पहिया मोटर वाहन पार्टस्, एचपीडीसी प्रक्रिया के माध्यम से उत्पादित ब्रैकेट ट्रांस ज्वाइंट मैक, मैटेरियल ग्रेड एडीसी -12 (एल्यूमीनियम डाई कास्ट घटक)" के निपटान के लिए ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है, बचा हुआ सामान "जैसा है जहां है", जो कुछ है" और "कोई शिकायत नहीं" के आधार पर बेचा जाएगा और यह मैसर्स आस्क ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित है। मैटेरियल का निरीक्षण प्लॉट नं. 30-31, ग्राम नवादा फतेहपुर, गुड़गांव, द्यहरियाणा-122001 पर केवल कार्य दिवसों पर 27-01-24 से 06-02-24 के बीच सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच किया जा सकता है। निरीक्षण के लिए कृपया श्री सचिन कपूर से 9205886798 पर संपर्क करें।

**ई-नीलामी 07-02-24 को आयोजित की जाएगी।**

ई-नीलामी की नियम और शर्तों हेतु फॉर्म प्राप्त करने या वेबसाइट https://wwwsealthedeal.co.in/ से डाउनलोड करने के लिए कृपया श्री बिभु झा से 8369652088 पर संपर्क करें।

**नीलामीकर्ताः सील द डील,** जिसका पंजी. कार्यालय 148, पॉकेट सी2, सेक्टर 5, रोहिणी, दिल्ली-110085

**फॉर्म और ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करने की अंतिम तिथि 06-02-24 है।**

### गाजियाबाद में किशोरी को अगवा कर जबरन की शादी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में मोदीनगर थाना पुलिस ने 10 दिन पूर्व अगवा की गई किशोरी को शनिवार सुबह बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी ने किशोरी को अगवा करने के बाद उससे जबरन शादी की और बंधक बनाकर 10 दिन तक दुष्कर्म किया था। नगर की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति की 16 वर्षीय पुत्री बीती 16 जनवरी को लापता हो गई थी। परिजनों ने एक युवक पर अगवा करने की आंशका जताते हुए मामले की तहरीर दी थी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस टीम किशोरी की तलाश में लगी थी। शनिवार को पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी ने किशोरी को अगवा करने के बाद उससे जबरन शादी की।

# सूरजपुर वेटलैंडः जीवों से भरपूर व प्राकृतिक सुंदरता का खजाना

- 31 जनवरी को होगा कार्यक्रम, 2000 से अधिक लोग लेंगे भाग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश में 27 जनवरी से नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल की शुरुआत हो गई है यह फेस्टिवल 2 फरवरी तक मनाया जाएगा। प्रकृति का यह कार्यक्रम प्रकृति प्रेमियों, पक्षी प्रेमियों के लिए एक आनंददायक अनुभव होने वाला है। इसी के तहत ग्रेटर नोएडा में मुख्य कार्यक्रम 31 जनवरी को सूरजपुर वेटलैंड में होगा, जहां 2000 से अधिक लोग प्रकृति और पक्षी महोत्सव में भाग लेंगे।

ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित सूरजपुर वेटलैंड में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता के दौरान जिलाधिकारी




सूरजपुर वेटलैंड में एक प्रेस वार्ता के दौरान नोएडा के जिलाधिकारी मनीष कुमार व अन्य।

मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि 27 जनवरी से 2 फरवरी तक उत्तर प्रदेश नेचर एंड वर्ल्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी बर्ड सेंचुरी पर यह कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्नाव से इस कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। हमारे यहां पर यह मुख्य कार्यक्रम 31 जनवरी को मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा जिला प्रशासन गौतमबुद्ध नगर की जनता के लिए अपनी छुट्टियां बिताने और वन्य जीवन की सुंदरता को सर्वोत्तम तरीके से देखने के लिए एक सुंदर स्थान बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहा है। हम अपनी प्रकृति के प्रति सभी उम्र के लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सूरजपुर वेटलैंड में इस प्रकृति और पक्षी महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जिले के वन्य जीवन को बेहतर बनाने के लिए सभी से फीडबैक लेंगे।

यूपी सरकार का लक्ष्य सूरजपुर वेटलैंड को एनसीआर का सबसे अच्छा पर्यटन स्थल बनाना है। जिला वन अधिकारी पीके श्रीवास्तव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि 31 जनवरी का प्रकृति और पक्षी महोत्सव वैश्विक हिट होने जा रहा है क्योंकि फि ल्म उद्योग, नौकरशाही और वन्यजीवन के प्रसिद्ध लोग प्रकृति और पक्षी महोत्सव में शामिल हो रहे हैं। यह पक्षी महोत्सव अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव पर्यटकों को आकर्षित करने वाला है। आपको सूरजपुर वेटलैंड की खूबसूरती से प्यार हो जाएगा। वहीं शेविंग्स के संस्थापक मदन मोहित भारद्वाज ने कहा कि हम सभी स्कूलों, विश्वविद्यालयों और अभिभावकों से अपने बच्चों को लाने और उन्हें विभिन्न पक्षियों और प्राकृतिक वनस्पतियों और जीवों के बारे में बताने की अपील करते हैं। सूरजपुर वेटलैंड, ग्रेटर नोएडा के मध्य में स्थित, विविध वनस्पतियों और जीवों से भरपूर, प्राकृतिक सुंदरता का खजाना है। प्रकृति और पक्षी महोत्सव का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता और संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देते हुए इस समृद्ध जैव विविधता का प्रदर्शन और जश्न मनाना है। 31 जनवरी को यहां पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगे इस कार्यक्रम में सभी की एंट्री निशुल्क रहेगी। सूरजपुर वेटलैंड, 0.60 किमी में फैला हुआ, एक महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र है, जो विभिन्न प्रकार के पौधों और जानवरों के जीवन का समर्थन करता है। अंतर्राष्ट्रीय महत्व के रामसर वेटलैंड के रूप में नामित, सूरजपुर वेटलैंड और प्रवासी पक्षी प्रजातियों दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण निवास स्थान है, जो इसे पक्षी प्रेमियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनाता है।

# दिल्ली भाजपा ने 70 विधानसभा प्रभारियों की घोषणा की

## अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी को संगठनात्मक मजबूती का प्रयास




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को 70 विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रभारियों की सूची जारी की है। सचदेवा ने कहा है कि उन्होंने फरवरी 2025 में विधानसभा चुनाव से लगभग एक साल पहले विधानसभा प्रभारियों की इस सूची की घोषणा की है और इससे उन्हें अगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति भी तैयार की जा रही है।

यही वजह है कि अन्य पार्टियों से अलग हटकर भाजपा ने लगातार 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह से राष्ट्रीय राजधानी में तैयारी तेज कर दी है। इसी कड़ी में रविवार को सचदेवा ने दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के अलग-अलग प्रभारी के नाम की घोषणा भी कर दी है। इससे लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी को संगठनात्मक और राजनीतिक रूप से मजबूत करने में मदद मिलेगी। दिल्ली नगर निगम में भाजपा की 15 साल की बादशाहत को आम आदमी पार्टी ने छीन लिया। पिछले 10 सालों से लगातार आम आदमी पार्टी का दिल्ली की सत्ता पर कब्जा है। इस बार दिल्ली भाजपा पूरी कोशिश में लगी हुई है कि किसी तरह से आम आदमी पार्टी को इस बार शिकस्त दी जाए। यही वजह है कि पार्टी ने पहले ही अपने सभी प्रभारी और कार्यकर्ताओं की सूची जारी कर दिया है। इसके साथ ही प्रदेश बीजेपी ने 2025 में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को सक्रिय कर दिया है और लोस और विस चुनावों के लिए नई रणनीति बनाई जा रही है।

## कांग्रेस को ठगना चाहते हैं केजरीवाल : सचदेवा



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि ऐसा लगता है कि अरविंद केजरीवाल विपक्षी दलों के ठग गठबंधन में महाठग बन गए हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि कांग्रेस की आत्मकेंद्रित राजनीति के कारण विपक्षी दलों का भारतीय गठबंधन पहले ही टूटना शुरू हो गया है, लेकिन अंततः अरविंद केजरीवाल ही विपक्षी गठबंधन के महाठग बनते दिख रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि दिल्ली के लोग इस बात से हैरान हैं कि केजरीवाल दिल्ली में कांग्रेस के साथ गठबंधन चाहते हैं, जहां आर्थिक आरोपों के उजागर होने के बाद वह अब राजनीतिक रूप से कमजोर हैं, लेकिन कुछ हफ्ते पहले केजरीवाल ने घोषणा की थी कि वह पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटें लड़ेंगे और जीतेंगे। उन्होंने घोषणा की है वो आम आदमी पार्टी हरियाणा में अकेले लड़ेगी क्योंकि इन 2 राज्यों में आप आज कांग्रेस से ज्यादा मजबूत है। ऐसा लगता है कि केजरीवाल गठबंधन के नाम पर कांग्रेस को राजनीतिक तौर पर ठगना चाहते हैं।

## 'यमुना किनारे आरती का वादा भूल गए मुख्यमंत्री'

- भाजपा नेता ने कहा, उपराज्यपाल के प्रयासों से पूरी हो रही जनभावना



**पायनियर सामचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना का आभार व्यक्त किया है कि उनके प्रयासों से जल्दी ही दिल्ली में यमुना किनारे गंगा आरती की तर्ज पर यमुना आरती शुरू होने जा रही है।

भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के झूठ का भी खुलासा किया है क्योंकि नवंबर 2015 में उन्होंने दिल्ली की जनता से वादा किया था कि यमुना किनारे रोजाना आरती शुरू की जाएगी। उन्होंने तीन सालों में यमुना की सफाई का भी संकल्प लिया था जिसे वह हर कसम और वादे की तरह भूल गए हैं।

बिधूड़ी ने कहा कि अगले दो महीने में ही दिल्ली में कश्मीरी गेट अंतरराज्यीय बस अड्डे के पास हरिद्वार और वाराणसी में गंगा आरती की तर्ज पर पावन यमुना आरती शुरू हो जाएगी और इसके लिए वासुदेव घाट का निर्माण कर लिया गया है। हालांकि उपराज्यपाल महोदय के प्रयासों से दिल्ली में यमुना आरती शुरू की जा रही है लेकिन दिल्ली सरकार इस दिशा में पूरी तरह फेल हो गई है। बिधूड़ी ने याद दिलाया कि कि 14 नवंबर 2015 को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यमुना आरती का आयोजन किया था। वहीं उन्होंने यह वादा किया था कि दिल्ली में प्रतिदिन शाम को यमुना आरती की जाएगी लेकिन वह उस वादे को पूरी तरह भूल गए।

उस समय यमुना किनारे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें यमुना को मां बताया गया था। यही नहीं, उन्होंने यमुना के किनारे संकल्प लिया था कि तीन सालों में ही यमुना साफ हो जाएगी, मगर उन्होंने यमुना मैया से किया वह संकल्प भी भुला दिया जबकि इस बात को 9 साल हो गए है।

## विधायक निधि के उपयोग पर नगर निगम की रोक गलत : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने आम आदमी पार्टी (आप) नेतृत्व वाले नगर निगम के उस निर्णय की निंदा की है जिसमें अनधिकृत कॉलोनियों और ग्रुप हाउसिंग सोसायटी में विकास कार्यों पर विधायक निधि के उपयोग पर रोक लगा दी गई है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल 2022 एमसीडी चुनावों के बाद दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों और ग्रुप हाउसिंग सोसायटी में किसी भी विकास कार्य के खिलाफ हैं। ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के निवासियों ने हमेशा भाजपा को वोट दिया है, लेकिन अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को मालिकाना हक देने के केंद्र सरकार के फैसले के बाद उन्होंने भी भाजपा का समर्थन करना शुरू कर दिया है, जिससे केजरीवाल राजनीतिक रूप से निराश हो गए हैं। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा सीएम केजरीवाल चाहते थे कि एमसीडी अनधिकृत कॉलोनियों के साथ-साथ ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों में भी विकास कार्य करे, लेकिन दोनों में सत्ता में हैं तो अतिरिक्त आयुक्त से दोनों क्षेत्रों में विकास कार्यों पर रोक लगाने का आदेश जारी करवा दिया है।

## लड़की पर तेजाब फेंकने वाला नाबालिग धरा

**नई दिल्ली।** बुराड़ी इलाके में एक स्कूल के समीप एक लड़की पर तेजाब जैसा तरल पदार्थ कथित तौर पर फेंकने को लेकर रविवार को 16 वर्षीय एक किशोर को पकड़ा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

घटना बुधवार दोपहर एक बजे हुई, जब लड़की शास्त्री पार्क एक्सटेंशन इलाके में एक स्कूल से अपने 10 वर्षीय संबंधी को लाने के लिए गई थी। घटना की शिकायत उसी दिन दर्ज कर बुराड़ी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 326 (बी) और 341 के तहत प्राथमिकी भी दर्ज की गई।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि उस रसायन की वजह से लड़की को अपनी आंखों, गर्दन और नाक पर झुलसने जैसा आभास, खुजली और जलन महसूस हुई। हमले के बाद लड़की को बुराड़ी के ही एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने हमलावर की पहचान और उसे पकड़ने के लिए तीन टीमें गठित कीं। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) मनोज कुमार मीणा ने बताया, बारीकी से जांच करने पर हमारी सीसीटीवी टीम ने करीब 10 मिनट बाद अपराध स्थल से एक किलोमीटर दूर एक लड़के को भागते हुए देखा। वीडियो को ध्यानपूर्वक देखने पर और जानकारी मिली, जिसके आधार पर संदिग्ध को पकड़ लिया गया। अआरोपी ने पूछताछ के दौरान अपना गुनाह कबूल कर लिया।

## दिल्ली नगर निगम स्थायी समिति की शक्तियों को हस्तांतरित करने की गुहार

- महापौर शैली ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया





**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

महापौर शैली ओबेरॉय ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। ओबेरॉय ने पैनल गठित होने तक स्थाई समिति के कार्यों का संचालन दिल्ली नगर निगम द्वारा करने की अनुमति देने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है।

इस घटनाक्रम से करीब एक पखवाड़ा पहले एमसीडी के एक विशेष सत्र के दौरान ओबेरॉय ने सदन में स्थाई समिति की शक्तियों को सदन को सौंपने का प्रस्ताव रखा था, जबकि भाजपा सदस्यों ने इस कदम का विरोध करते हुए हंगामा किया था। भाजपा ने आरोप लगाया था कि यह कदम अवैध और असंवैधानिक था। याचिका में उपराज्यपाल कार्यालय को प्रतिवादी बनाया गया है और इसमें नगर निकाय के सुचारु कामकाज के लिए निर्देश देने की मांग की है।

इसमें कहा गया कि 17 मई, 2023 को शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार की सहायता और सलाह के बिना एमसीडी में नामांकित व्यक्तियों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। ओबेरॉय ने अपनी याचिका में कहा, नामांकित व्यक्तियों की नियुक्तियों की वैधता का निर्णय स्थाई समिति के 18 सदस्यों में से 12 के चुनाव पर सीधे और महत्वपूर्ण रूप से प्रभाव डालेगा, यानी यह सीधे तौर पर इसके भीतर विशेष बहुमत का निर्धारण करेगा।

इसलिए स्थाई समिति का गठन अभी तक नहीं किया जा सका है। याचिका में कहा गया है कि एमसीडी शक्ति और जवाबदेही, दोनों ही लिहाज से स्थाई समिति से बेहतर निकाय है, इसलिए यह उचित होगा कि पैनल के कानूनी रूप से गठित होने तक समिति के कार्यों का संचालन एमसीडी द्वारा किया जाए।

## आईएनए मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आईएनए मेट्रो स्टेशन पर 30 वर्षीय एक व्यक्ति ने मेट्रो ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार शाम करीब सात बजे हुई। मृतक की पहचान अजितेश सिंह के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में सिंह को प्लेटफॉर्म नंबर दो से समयपुर बादली जाने वाली मेट्रो ट्रेन के सामने कूदते हुए देखा गया।

घटना के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना मिलने के बाद एक दस्ता मौके पर पहुंचा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, सिंह की पहचान एक कॉल के जरिए हुई, जो उसके मोबाइल फोन पर आई थी। उन्होंने बताया, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने हजारों स्थानों पर सुनी मन की बात

- अध्यक्ष जेपी नड्डा, उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, डॉ. अलका गुर्जर, दिल्ली अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी हुए सम्मिलित



पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनते अध्यक्ष जेपी नड्डा, उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, दिल्ली अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा आदि।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रत्येक माह की भांति दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 109वें एपिसोड को सुना।

दिल्ली के कुछ विशेष स्थानों पर आयोजित मन की बात कार्यक्रमों को सुनने के लिए राष्ट्रीय नेता सहित प्रदेश पदाधिकारी भी शामिल हुए। दिल्ली के सेवा नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, सह मीडिया प्रमुख संजय मयूख, राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम, राजस्थान सरकार के मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर, प्रदेश मंत्री बांसुरी स्वराज और जिला अध्यक्ष राजीव राणा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने दिल्ली के आरके पुरम में मन की बात संदेश पूर्व विधायक अनिल शर्मा एवं पूर्व पार्षद सारी राधेश्याम शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का गुर्जर ने रोहिणी में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को विधायक विजेंद्र गुप्ता एवं निगम पार्षद स्मिता कौशिक सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सुना। मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम से महिला सशक्तिकरण और खेल विकास को लेकर चर्चा की जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है।

मोदी सरकार के महिला सशक्तिकरण के दृढ़संकल्प का अदभूत नजारा हमने 26 जनवरी की परेड में देखा जब केंद्रीय सुरक्षा बलों और दिल्ली पुलिस की महिला टुकड़ियों ने कदमताल शुरू किया और साथ ही महिला बैंड का मार्च देखकर हमें गर्व महसूस हुआ।

## सिविक सेंटर पर ढोल नगाड़ों के साथ ज्ञापन चस्पा करेंगे ग्रामीण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पंचायत संघ ने एमसीडी के बजट के संबंध में सुझाव लेने के लिए मेयर ने समय न देने के विरोध में सिविक सेंटर पर गांवों से संबंधित मामलों का ज्ञापन चस्पा करने का निर्णय लिया है।

पंचायत संघ के पदाधिकारी पांच फरवरी को ढोल नगाड़ों के साथ ज्ञापन चस्पा करने जाएगे। यह निर्णय रविवार को मादीपुर गांव में पंचायत में किया।पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि मेयर ने जनता की राय पर बजट तैयार करने का गत आठ दिसंबर को ऐलान किया था, लेकिन उनकी ओर से अभी तक बजट तैयार करने के लिए सुझाव नहीं मांगे गए है। वहीं पंचायत संघ ने अपने स्तर पर मेयर को बजट के संबंध में गांवों से जुड़े मामलों से जुड़े सुझाव देने का निर्णय लिया और उनसे मिलने का समय मांगा गया, लेकिन उन्होंने अभी तक उनको मिलने का समय नहीं दिया। जबकि आम आदमी पार्टी की सरकार ने बजट तैयार करना शुरू कर दिया है।

इस तरह मेयर ने जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। वह इसके विरोध में आगामी पांच फरवरी को सिविक सेंटर पर धरना प्रदर्शन करेंगे।



गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले कलाकार लाल किले में चल रहे भारत पर्व उत्सव में शामिल हुए। फोटो: रंजन डिमरी

## एसीपी के बेटे का शव मिला, साजिशकर्ता धरा

- सोनीपत से एक शादी समारोह से लौटते समय दो दोस्तों ने दिया वारदात को अंजाम



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने एक सहायक पुलिस आयुक्त के बेटे का शव बरामद कर लिया है, जिसे वित्तीय विवाद को लेकर उसके दो दोस्तों ने कथित तौर पर हरियाणा में एक नहर में धक्का दे दिया था, अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य आरोपी विकास भारद्वाज को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक का शव हरियाणा के समालखा के पास नहर से बरामद किया गया।

पुलिस ने कहा कि एक शादी से लौटते समय तीस हजारी कोर्ट में एक वकील के साथ काम करने वाले क्लर्क समेत दो लोगों ने एसीपी के बेटे के शव को नहर में फेंक दिया था। लक्ष्य चौहान अपने दो दोस्तों विकास भारद्वाज और अभिषेक के साथ सोमवार को हरियाणा के सोनीपत में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। उन्होंने बताया कि जब वह अगले दिन घर नहीं लौटा, तो बाहरी-उत्तरी दिल्ली में एसीपी (ऑपरेशंस) के रूप में तैनात उसके पिता यशपाल सिंह ने मंगलवार को गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पूरी घटना का खुलासा शुक्रवार को तब हुआ जब नरेला निवासी अभिषेक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) रवि कुमार सिंह ने कहा, अभिषेक को शुक्रवार को पकड़ा गया और पूछताछ में पता चला कि 22 जनवरी (सोमवार) की दोपहर को वकील के क्लर्क विकास ने उससे संपर्क किया और उसे भिवानी में एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए अपने साथ आने के लिए कहा। विकास ने अभिषेक को बताया था कि लक्ष्य, जो तीस हजारी कोर्ट में प्रैक्टिस करता है, ने उससे कर्ज लिया था और जब उसने लक्ष्य से अपने पैसे वापस मांगे तो उसने उसके साथ दुर्व्यवहार किया।

## भाजपा सांसदों ने कुछ भी नहीं किया : लवली

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मौजूद प्रतिनिधियों को बदलने की योजना है इसका प्रमाण



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि भाजपा दिल्ली से अपने मौजूदा सांसदों को बदलने की योजना बना रही है, यह इस बात का पर्याप्त प्रमाण है कि पिछले 10 वर्षों में लोगों के कल्याण के लिए वे अक्षम थे और उन्होंने कुछ भी नहीं किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने यह बात पार्टी के कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के क्रम में रविवार को क्रमशः विकासपुरी और नजीरपुर में तिलक नगर और नजफगढ़ जिला कांग्रेस समितियों द्वारा आयोजित बैठकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। कांग्रेस अध्यक्ष लवली 3 फरवरी को गीता कॉलोनी रामलीला मैदान में होने वाले न्याय संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी में जुटे हुए हैं। अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि भाजपा को दिल्ली के लोगों से माफी मांगनी चाहिए कि उन्होंने अपने सांसद उम्मीदवारों के रूप में नाकारा व्यक्तियों को मैदान में उतारा है, जो निर्वाचित होने के बाद अपनी जिम्मेदारी से भाग गए, जबकि लोग अपने निर्वाचन क्षेत्रों में उनकी उपस्थिति सबसे अधिक चाहते थे।

अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि भाजपा पिछले दो लोकसभा चुनावों से लगातार अपने लापता सांसदों के बारे में लोगों के सवालों से बचने के लिए गैर-प्रदर्शन करने वाले सांसदों को हटाकर नये उम्मीदवारों को इस बार भी चुनाव में उतरने की नीति अपना रही है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भाजपा सांसदों की विफलताओं और गैर-प्रदर्शन को उजागर करने को कहा, जिन्होंने लोगों को धोखा दिया है कि जब उन्हें उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी तब वे उनकी मदद के लिए नहीं आए।

लवली के अलावा बैठकों में भाग लेने वाले प्रमुख नेताओं में वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक मुकेश शर्मा, राष्ट्रीय सचिव अमृता धवन, पूर्व विधायक आदर्श शास्त्री, कंवर सिंह यादव, अमित मलिक, एडवोकेट सुनील कुमार, इंद्रावती, जगमोहन मारवाह, राजेश यादव, सुषमा यादव, अनिल मित्तर, अमनदीप सिंह सूदन सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता थे।

## एलजी ने दी अनुकंपा के आधार पर दो आश्रितों को नियुक्ति की मंजूरी

- उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस के जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए मानदंडों में रियायत दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उम्र और शारीरिक मानकों के निर्धारित मानदंड में छूट देते हुए, दिल्ली पुलिस में अनुकंपा के आधार पर दो व्यक्तियों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस को महिपाल और लव चौधरी को कांस्टेबल (कार्यकारी) के पद पर नियुक्ति आदेश जारी करने का निर्देश दिया है। वहीं, आवेदन जमा करने के समय लव चौधरी की आयु कांस्टेबल (कार्यकारी) और कांस्टेबल (ड्राइवर) पद के लिए क्रमशः 29 वर्ष और 30 वर्ष की आयु सीमा के मुकाबले 30 वर्ष 8 महीने थी। दोनों ही मामलों में उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस (नियुक्ति और भर्ती) नियम, 1980 के नियम 30 के तहत छाती माप और उम्र के निर्धारित मानदंड में ढील देने के प्रावधान का प्रयोग किया और सेवा के दौरान दिवंगत हुए पुलिस कर्मियों के आश्रितों को नियुक्ति आदेश जारी करने का निर्देश दिया। महिपाल के पिता कांस्टेबल मुकना राम की मृत्यु 22 दिसंबर 2000 में हुई थी।

## हरियाणा में विस अकेले, लोस चुनाव साथ लड़ेंगे : केजरीवाल

**पीएनएस।** नई दिल्ली/चंडीगढ़

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि उनकी आम आदमी पार्टी (आप) हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी, लेकिन लोकसभा चुनाव विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के साथ मिलकर लड़ेगी।

लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में प्रस्तावित हैं जबकि विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होंगे।

आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने जींद में पार्टी की बदलाव जनसभा में कहा, आज लोगों को केवल एक ही पार्टी पर भरोसा है, और वो आम आदमी पार्टी है। एक तरफ उन्हें पंजाब, तो दूसरी तरफ दिल्ली में हमारी सरकार दिखती है।

आज हरियाणा एक बड़ा बदलाव चाहता है। इसके पहले दिल्ली और पंजाब के लोगों ने यह बड़ा बदलाव किया था और अब वहां के लोग खुश हैं। केजरीवाल ने कहा कि आप हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी, लेकिन लोकसभा चुनाव विपक्षी गठबंधन इंडिया के हिस्से के रूप में लड़ा जाएगा।

इस कार्यक्रम में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि केवल आम आदमी पार्टी ही लोगों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति और अन्य सुविधाएं प्रदान कर सकती है जैसा कि उसने दिल्ली और पंजाब में किया है।

# गुरुग्राम जिला में मतदाताओं की संख्या 13 लाख 84 हजार 625 हुई

## 4,62,765 मतदाताओं के साथ बादशाहपुर सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र

### जिला में मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

जय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत जिला के सभी चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 22 जनवरी 2024 को कर दिया गया। जिला में इस समय कुल मतदाताओं की संख्या 13,84,625 हो चुकी है। जिनमें पुरुष मतदाताओं की सख्या 7,29,168 और महिला मतदाताओं की संख्या 6,55,457 है। गत वर्ष यानी 27 अक्टूबर 2023 को हुए प्रारंभिक प्रकाशन के समय यह संख्या 13 लाख 42 हजार 369 थी, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या सात लाख आठ हजार 578 तथा महिला मतदाताओं की संख्या छः लाख 13 हजार 527 थी।

मतदाता सूची के प्रकाशन व निर्वाचन संबधित गतिविधियों के सराहनीय कार्य के लिए गुरुग्राम जिला को हाल ही में प्रदेश में पहला स्थान मिला था। आयु वर्ग के अनुसार मतदाताओं की संख्या जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में 18 से 19 वर्ष आयु के 24,637, 20 से 29 वर्ष आयु के 2,44,832, 30 से 39 वर्ष आयु के 3,30,960 आदि के साथ-साथ 100 से 109 वर्ष तक आयु के 1134, 110 वर्ष से 119 तक के 57 तथा 120 वर्ष से अधिक आयु के 13 मतदाता सूची में पंजीकृत हैं।

### पटौदी व बादशाहपुर विधानसभा में मतदाताओं का विवरण

**जिला** के 75-पटौदी विधानसभा क्षेत्र (अ.जा.) के लिए मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के उपरांत मतदाताओं की कुल संख्या 2,45,787 है, जिनमें पुरुष मतदाता 1,28,390 तथा महिला मतदाता 1,17,397 हैं। इसी तरह 76-बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 4,62,765 है और इस विधानसभा क्षेत्र में 2,44,499 पुरुष तथा 2,18,266 महिला मतदाता पंजीकृत हैं। मतदाताओं की संख्या के लिहाज से बादशाहपुर जिला की सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र है।

### गुरुग्राम और सोहना विधानसभा क्षेत्र

77-गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 4,05,814 है, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 2,12,363 तथा 1,93,451 महिला मतदाता पंजीकृत है। वहीं 78-सोहना विधानसभा क्षेत्र में 1,43,916 पुरुषों व 1,26,343 महिलाओं सहित कुल मतदाता 2,70,259 हैं।

### अभी भी ठीक करवाई जा सकती मतदाता सूची में जानकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला के सभी पंजीकृत मतदाताओं से अपील की है कि 22 जनवरी 2024 को प्रकाशित की गई फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अवलोकन करते हुए सूची मे दर्ज अपना नाम, फोटो व अन्य विवरण की जांच करा लें, यदि कोई गलती पाई जाती है या आपका नाम किसी कारण वश जुड़ नहीं पाया है, या वह उस समय 18 वर्ष का नहीं हुआ था तो वह अब भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए गए निरंतर अद्यतन के दौरान अपना नाम फार्म नंबर-6 ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से भरकर मतदाता सूची में दर्ज करवा सकता है।

# 'हरियाणा में सिक्खों की सेवा में खट्टर' का विमोचन 31 को

### कुवि में सीएम मनोहर लाल करेंगे विमोचन

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के अतिरिक्त निदेशक डा. कुलदीप सैनी ने कहा कि हरियाणा में सिक्खों की सेवा में खट्टर पुस्तक का विमोचन 31 जनवरी को होगा। यह कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में सुबह 11 बजे होगा।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगें। अतिरिक्त निदेशक डा. कुलदीप सैनी ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सिक्ख समाज के लिए अनेकों कार्य किए है। इस समाज के लोगों को तमाम मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने, समाज के लोगों का मान सम्मान करने तथा सिक्ख समाज के लोगों के विकास के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कार्य किए है। इस समाज के लिए किए गए कार्यो को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर हरियाणा में सिखों की सेवा में खट्टर पुस्तक को लिखा है। इस पुस्तक का विमोचन 31 जनवरी को सुबह 11 बजे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में होगा और इस कार्यक्रम में सिक्ख समाज के तमाम लोगों को आमंत्रित किया गया है। इस पुस्तक का विमोचन करने के लिए स्वयं मुख्यमंत्री मनोहर लाल पहुंचेंगे।

# मन की बात कार्यक्रम हर भारतवासी के लिए प्रेरणादायी: कमल यादव

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने टीकली गांव में सुना साल का पहला मन की बात कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के गांव टीकली में मन की बात कार्यक्रम के बाद एक सम्मान समारोह में कंबल वितरित करते भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव।

भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम हर भारतवासी के लिए प्रेरणादायी है। हर माह होने वाले मन की बात कार्यक्रम से सभी को एक नई उर्जा मिलती है। कार्यक्रम के बाद टीकली गांव में ही कमल यादव ने राव धर्मसिंह द्वारा दिव्यांग एवं विधवा सम्मान समारोह व कंबल वितरण कार्यक्रम में भाग लिया।

कमल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के रूप में हमें एक करिश्माई नेता मिला है। पूरी दुनिया में भारत की पहचान सुदृढ़ व मजबूत राष्ट्र के रूप में बनी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम से अनेक परंपराएं पुनर्जीवित हो रही हैं। कमल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज 109वें संस्करण में महिला शक्ति और अयोध्या में बने भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देशवासियों के ऐसे प्रयासों को सामने लाया जा रहा है जो निस्वार्थ भावना के साथ समाज और देश को सशक्त करने का काम कर रहे हैं।

कमल यादव ने कहा कि मोदी सरकार के इन दस सालों में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेकों योजनाएं बनाई गई हैं। पीएम आवास योजना के तहत मकानों की रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर की जा रही है। हर घर नल से स्वच्छ जल आ रहा है। मोदी सरकार ने निशुल्क गैस सिलेंडर देकर महिलाओं को धुआं से मुक्ति दिलाई है। नारी शक्ति वंदन बिल पास कराकर महिलाओं को लोकसभा और राज्यसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर मोदी सरकार ने मातृशक्ति को देश का नेतृत्व करने का अधिकार दिया है। इस मौके पर पूर्व सरपंच टिकली, वेद यादव, नरेन्द्र यादव, राकेश यादव, पूर्व सरपंच मनोज यादव व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### संदेश यात्रा को लेकर विधायक चौधरी ने ली कार्यकर्ताओं की मीटिंग

**चंडीगढ़।** कांग्रेस पार्टी की संदेश यात्रा की कालका विधानसभा में 5 फरवरी को पहुंचेगी। जिसकी त्यारियों को लेकर रविवार को कालका विधायक प्रदीप चौधरी ने रायपुररानी ब्लॉक के कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग में यात्रा को लेकर चर्चा की।

विधायक प्रदीप चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा की राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सेलजा के नेतृत्व में चल रही यात्रा को हरियाणा प्रदेश में बहुत अच्छा जन समर्थन मिल रहा है। इसलिए सभी साथी मिलकर गांवों में लोगों को इस यात्रा में पहुंचने का न्योता दें। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा में हाल में शामिल लोगों को लेकर कहा की कई सरपंचों पर दबाव बनाया की वो बीजेपी में शामिल हो। लेकिन वो शामिल नहीं हुए। फिर कुछ नेताओं ने अपनी हवा बनाने के लिए ऐसे लोगों को भाजपा में शामिल करवाया। जो पहले से ही भाजपा से जुड़े हुए है। उन्होंने यह भी कहा की आज बीजेपी से हर किसी का मोहभंग हो गया है। क्योंकि बीजेपी केवल धर्म की राजनीति करती है। वो विकास को लेकर कभी गंभीर नहीं होती है। आज लोगों को नौकरी की जरूरत है, वो मिल नही रही है।

# भाजपा हरियाणा की नवनियुक्त महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

### जिला अध्यक्ष कमल यादव के मार्गदर्शन में हुआ स्वागत समारोह का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम भाजपा कार्यालय में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी का स्वागत करती पूर्व सांसद डा. सुधा यादव।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी का पार्टी कार्यालय गुरुकमल में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिला अध्यक्ष कमल यादव के मार्गदर्शन में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मनीता गर्ग के नेतृत्व में स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

अपने स्वागत से अभिभूत उषा प्रियदर्शी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब व प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मदारी सौंपी है उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करेंगी। नवनियुक्त महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारी पूरी टीम मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं के हितार्थ अनकों योजनाएं चलाई हैं जिससे महिलाएं समृद्ध और सशक्त हो रही है। मोर्चा की कार्यकर्ता लोकसभा और विधानसभा चुनाव में प्रत्येक घर तक पहुंचकर महिला वोटरों को बूथ तक लाने पूरा प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि एक बार फिर मोदी और मनोहर सरकार बनाने में महिला मोर्चा पूरी ताकत लगा देगा।

केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव ने कहा कि महिला मोर्चा की पूरी टीम अब लोकसभा और उसके बाद विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में महिला मोर्चा की भूमिका अहम रहने वाली है। महिला मोर्चा की प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर कार्य करते हुए संगठन को और मजबूत करें साथ लोगों को जोड़कर पार्टी का विस्तार भी करें। स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम में मेयर मधु आजाद, महिला मोर्चा प्रभारी प्रवीण जोशी, लोकसभा प्रभारी विद्यु कालरा, जूनागढ़ अखाड़े से साध्वी व प्रदेश सचिव अलीशा तोमर, कोषाध्यक्ष पूनम भटनागर, कीर्ति, सोशल मीडिया महिला मोर्चा प्राची खुराना, जयंती, डॉ पुष्पा बिश्नोई, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष कृष्ण, महामंत्री अजीत यादव समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# भारत को सर्कुलर इकोनॉमी में विश्व में अग्रणी बनाएं : जी20 शेरपा अमिताभ कांत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



संवहनीय प्रथाओं का प्रचार करने में उल्लेखनीय पड़ाव तक पहुँचने की उपलब्धि हासिल करने के साथ 11वें इंटरनेशनल मटेरियल रिसाइकलिंग कॉन्फ्रेंस (आईएमआरसी) आज समापन हुआ। सीओपी 28 के प्रमुख विषयों को एकीकृत करते हुए रिसाइकलिंग, चक्रीय अर्थव्यवस्था और सस्टेनेबिलिटी के महत्वपूर्ण पहलूओं पर चर्चा करने के लिए ग्लोबल लीडर्स, सरकार के उच्च-पदस्थ अधिकारी और उद्योग विशेषज्ञ एक मंच पर इकठ्ठा हुए थे। एमआरएआई का 11वां आईएमआरसी कॉफ्रेंस एंड एक्सपो एशिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है जिसमें 2200 प्रतिनिधि मंडलों ने उपस्थिति दर्ज की और इस कार्यक्रम में 35 से अधिक देशों से 200 प्रदर्शनकारी सहभागी हुए। 'विज़न 2047 की ओर रिसाइकलिंग उद्योग में बदलाव' पर इस कॉन्फ्रेंस का विषय केंद्रित था।

कॉन्फ्रेंस के समापन के साथ 4 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी को पार करते हुए साल 2024 में भारत को 8% से अधिक के विकास दर से आगे ले जाना सामूहिक फोकस बना हुआ है। 11 वें आएमआरसी ने रिसाइकलिंग क्षेत्र में सहयोग और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए एक मज़बूत नींव तैयार कर दी है जो एक पर्यावरण के अधिक अनुकूल और अधिक सस्टेनेबल वैश्विक भविष्य के लिए योगदान दे सकेगा। आखिरी दिन आयोजित किए गए पूर्ण सत्र को मुख्य अतिथि अमिताभ कांत, जी-20 शेरपा, भारत सरकार द्वारा संबोधित किया गया। श्री प्रल्हाद जोशी, मंत्री, संसदीय कार्य, कोयला एवं खदान, ने भी एक वीडियो संदेश साझा किया। संजय मेहता, अध्यक्ष, एमआरएआई ने वैश्विक ट्रेंड्स के साथ संरेखित होते हुए स्क्रैप आयात के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि नॉन-फेरस शुल्क हटाया जाए।

### डॉ. रेणु को एनजीओ प्रणाम इंडिया ने किया सम्मानित

**चंडीगढ़।** एनजीओ प्रणाम इंडिया फाउंडेशन द्वारा सेवा, समर्पण और उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाता रहा है। इसी मुहिम के तहत पटियाला की जानी मानी दंत चिकित्सक डॉक्टर रेणु कांसल को उनके सेवा और समर्पण के कार्यों में योगदान देने के लिए एनजीओ प्रणाम इंडिया फाउंडेशन की फाउंडर और संचालक शालू गुप्ता ने ट्रॉफी से सम्मानित किया।

शालू गुप्ता ने बताया कि डॉक्टर रेणु कांसल दूसरों की सेवा करने का लक्ष्य लेकर काम करती हैं। उनकी यह सेवा सैकड़ों लोगों की चेहरे पर मुस्कान लाती है। यह सम्मान उन्हें हर कदम पर प्रोत्साहित करेगा। डॉक्टरों के समर्पण को सलाम है।

# स्वार्थ की राजनीति वाले नीतीश भरोसे लायक नहीं: अजय यादव

## हर घर कांग्रेस घर घर कांग्रेस अभियान के दौरान कही यह बात

### गुरुग्राम में चलाया जा रहा अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान में शामिल पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव व अन्य नेता।

बिहार में नीतीश कुमार की राजनीति पर कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि नीतीश कुमार स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं। जनता की भावनाओं की कदर नहीं कर रहे हैं। नीतीश कुमार भरोसे के लायक बिल्कुल नहीं है। उन्होंने अपनी स्वार्थपरक मानसिकता और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के लिए बिहार की जनता के साथ धोखा किया है। यह बात उन्होंने रविवार को यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सेक्टर-15 पार्ट 1 व सेक्टर-4 में हर घर कांग्रेस घर घर कांग्रेस अभियान के दौरान कही।

अजय सिंह यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सभी नीतियां जनता के हित में है और कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो आम आदमी का भला कर सकती है। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार से समाज का हर वर्ग दुखी है। सरकार की जन विरोधी नीतियों के चलते महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है जिससे जनता में रोष है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम की जनता आज भी सरकारी अस्पताल की बिल्डिंग, बस स्टैंड, यूनिवर्सिटी, मेट्रो का विस्तार नहीं हुआ, ओल्ड गुड़गांव जाम से जूझ रहा है, खेड़की डोला टोल नहीं हटाया गया, नगर निगम भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है, लेकिन जनता के सूध लेने वाला कोई नहीं है। कैप्टन अजय सिंह यादव ने लोगों से अपील की यदि उन्होंने अपना आशीर्वाद दिया।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज डावर ने कहा कांग्रेस पार्टी ने संकल्प लिया है कि कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर 500 रुपये में गैस सिलेंडर, ओल्ड पेंशन स्कीम दोबारा चालू की जाएगी। बिजली की 200 यूनिट फ्री, बुजुर्गों को 6000 रुपये पेंशन, गरीबों को मुफ्त प्लांट के अलावा महंगाई कम करने के प्रयास किए जाएंगे और युवाओं को पक्की नौकरी दी जाएगी। इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज डावर, पर्ल चौधरी, महिला जिला अध्यक्ष निर्मल यादव, सुनीता रंगा, एडवोकेट सुबे सिंह यादव, एडवोकेट के एस राव, शेखर गुज्जर, राजपाल यादव, सुनील यादव इत्यादि मौजूद रहे।

# वेदांतु ने ऑफलाइन लर्निंग सेंटरों के उद्घाटन के साथ देश भर में किया अपना विस्तार

पायनियर समाचार सेवा। जनकपुरी, दिल्ली,

### एड-टेक के दिग्गज वेदांतु ने ऑफलाइन शिक्षा में किया प्रवेश, देश भर में खोले वेदांतु लर्निंग सेंटर

दिल्ली के जनकपुरी में वेदांतु लर्निंग सेंटर के उद्घाटन के साथ एड-टेक जगत का दिग्गज वेदांतु ऑफलाईन कोचिंग में बदलाव लाने के लिए तैयार है। दिल्ली के जनकपुरी लर्निंग सेंटर ने 21 जनवरी 2024 से अपना संचालन शुरू किया, जो ऑफलाइन चैनलों के माध्यम से गुणत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाने के वेदांतु के प्रयासों को दर्शाता है। भारत के 16 शहरों में एक साथ उद्घाटन खासतौर पर जेईई/नीट परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करने की वेदांतु की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

वेदांतु के लर्निंग सेंटर व्यक्तिगत लर्निंग के लिए आधुनिक दृष्टिकोण पेश करते हैं, जिन्हें खासतौर पर जेईई, नीट और फाउन्डेशन कोर्सेज़ के लिए डिज़ाइन किया गया है। दशकों के आधुनिक तकनीकों के साथ वेदांतु सुनिश्चित करता है कि इसके आधुनिक ऑनलाईन प्लेटफॉर्म एवं फिज़िकल क्लासरूम में छात्रों को पढ़ाई का बेजोड़ अनुभव मिले। सेंटरों में अध्यापक, विशेषज्ञ और छात्रों पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देते हैं और उन्हें उनकी ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए विशेष तरीकों से पढ़ाते हैं। वहीं वेदांतु की तकनीकी संरचना के माध्यम से छात्र अपने घर बैठे भी आराम से पढ़ाई कर सकते हैं।

वेदांतु इम्प्रूवमेन्ट प्रोमिस का यह नया संस्करण शैक्षणिक मॉडल में वेदांतु के भरोसे की पुष्टि करता है। यह प्रतिबद्धता सुनिश्चित करती है कि छात्र निर्धारित शैक्षणिक नियमों का अनुपालन करें और अगर उनमें सुधार नहीं होता है तो वेदांतु उनकी फीस वापस लौटा देगा। अध्यापन और आधुनिक तकनीकों का यह संयोजन छात्रों की सफलता के लिए वेदांतु की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

वेदांतु लर्निंग सेंटरों में आधुनिक सुविधाएं, नई तकनीकों पर आधारित क्लासरूम और इंटीग्रेटेड सिस्टम हैं। लर्निंग के रोचक माहौल में छात्रों से व्यक्तिगत प्रतिक्रिया ली जाती है, उन्हें क्लास में सभी गतिविधियों में हिस्सा लेने का मौका मिलता है, उनके टेस्ट, असाइनमेन्ट पर निगरानी रखी जाती है। इस तरह का सक्रिय दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि अभिभावकों को उनके बच्चे की प्रगति के बारे में हर ज़रूरी जानकारी मिले।

वेदांतु के संस्थापकों ने कहा, "हम सिर्फ छात्रों को परीक्षा के लिए कोचिंग ही नहीं देते, बल्कि उन्हें जीवन के लिए भी तैयार करते हैं। अपनी सेवाओं को ऑफलाइन सेंटरों में विस्तारित करना हमारी यात्रा का स्वाभाविक हिस्सा है, ताकि हम छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बना सकें। इस यात्रा के माध्यम से हम वादा करते हैं कि छात्रों को उनकी यात्रा में हर ज़रूरी सहयोग प्रदान करेंगे और उन्हें उनकी क्षमता का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। हम देश के दूर-दराज़ के इलाकों में भी छात्रों को सहयोग प्रदान करना चाहते हैं। देश भर में विस्तार देश भर के छात्रों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा उपलब्ध कराने के वेदांतु के समर्पण की पुष्टि करता है।

# बेहतर सुविधा युक्त अनाजमंडी व ऑटो मार्केट बनवाने के करूंगा प्रयास : नवीन गोयल



जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों को संबोधित करते नवीन गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने रविवार को शिवजी पार्क गली नंबर-18 में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों की तरफ से सुविधाओं के लिए रखी गई मांगों को पूरा कराने के लिए भरसक प्रयास करने की बात कही।

इस अवसर पर उदित भारद्वाज, नवीन यादव, देवप्रकाश यादव, दिनेश प्रधान, बबली यादव, महेश यादव, संजय यादव, प्रताप सिंह, गोल्डी, रामरति देवी, नाला देवी, मुन्नी देवी, जयपाल चौहान, अशोक, श्रीभगवान व अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे। नवीन गोयल ने कहा कि

### जनसंपर्क अभियान के दौरान पर्यावरण व स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

शिवजी पार्क क्षेत्र में एक तरफ तो खांडसा मंडी है, दूसरी तरफ बसई रोड लगता है। इन स्थानों पर आमजन को काफी काम रहता है। उन्होंने कहा कि शहर में मंडी और ऑटो मार्केट बेहतर होना बहुत जरूरी होती है। यहां दिनभर हजारों लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में लोगों के लिए वहां सुविधाएं भी होनी चाहिए। नवीन गोयल ने कहा कि ऑटो मार्केट एक स्थान पर होना इसलिए जरूरी है कि पूरे शहर में अलग-अलग स्थानों पर मैकेनिक बैठे हैं। वे कई तरह की परेशानियां झेलते हुए अपना काम करते हैं।

# कला के क्षेत्र में किरण नादर को पद्मश्री सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट (केएनएमए) की संस्थापक एवं चेयरपर्सन किरण नादर को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्मश्री के लिए चुना गया है। यह सम्मान कला को बढ़ावा देने एवं इसे समृद्ध बनाने की दिशा में उनके योगदान को दिखाता है। पद्मश्री को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में गिना जाता है। सरकार ने 25 जनवरी को इस वर्ष नागरिक सम्मान पाने वालों की सूची जारी की। केएनएमए की संस्थापक के रूप में किरण नादर ने समृद्ध सांस्कृतिक माहौल को बढ़ावा देने और समकालीन कला को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पद्मश्री सम्मान इस साल मार्च-अप्रैल में प्रदान किए जाएंगे।

इस मौके पर किरण नादर ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा, कला के क्षेत्र में पद्मश्री प्राप्त कर मैं सम्मानित अनुभव कर रही हूं। यह मात्र व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि संपूर्ण केएनएमए परिवार के साझा प्रयासों का उत्सव है। मेरे परिवार और कला जगत के लोगों से मिले समर्थन का भी इसमें बड़ा योगदान रहा है। यह किसी भी संस्थान के लिए बड़ी उपलब्धि है और समाज में कला की अहमियत को दिखाता है।

किरण नादर के नेतृत्व में केएनएमए भारत एवं भारतीय उपमहाद्वीप में मॉडर्न एवं कंटेंपरेरी आर्ट के लिए समर्पित अग्रणी संस्थान बन गया है। म्यूजियम में देश एवं विदेश के कई प्रतिष्ठित कलाकारों के आर्ट वर्क्स हैं।

उभरते हुए एवं स्थापित कलाकारों की कलाओं का सम्मान करते हुए कैटलॉग एवं कला की किताबों के प्रकाशन में सक्रियता के साथ केएनएमए लगातार सांस्कृतिक परिदृश्य को बढ़ावा दे रहा है। कला की शिक्षा को लेकर प्रतिबद्धता के साथ म्यूजियम हर उम्र के लोगों के लिए शैक्षणिक कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और संवाद सत्र का आयोजन करता है। शिक्षा के क्षेत्र में केएनएमए की पहल कला को लेकर समझ बढ़ाने और नई पीढ़ी के कलाकार तैयार करने पर केंद्रित है। इसके अलावा संग्रहालय पैनल चर्चा और फिल्म स्क्रीनिंग जैसे कार्यक्रमों का भी अयोजन करता है। केएनएमए कला एवं समाज के बीच की दूरी को खत्म करने की दिशा में प्रयासरत है।

मॉडर्न एवं कंटेंपरेरी इंडियन आर्ट की पैट्रन के रूप में किरण ग्लोबल आर्ट मार्केट में बड़े बदलाव का माध्यम बनी हैं। उन्होंने भारत के कल्चरल लैंडस्केप में भी बड़ा योगदन दिया है। पद्मश्री सम्मान दिखाता है कि भारत में कला की उन्नति के लिए किरण नादर के योगदान को सरकार ने समझा है। केएनएमए आगे भी इस दिशा में प्रतिबद्ध रहेगा।

# कश्मीर में शांति

## अच्छा संकेत

**जम्मू कश्मीर** में आतंकी घटनाओं की संख्या में कमी अच्छा संकेत है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि 2019 में अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद से जम्मू कश्मीर में आतंकी गतिविधियों तथा उनके कारण हताहतों की संख्या में काफी कमी आई है। आतंक संबंधी घटनाओं में उल्लेखनीय रूप से 66 प्रतिशत कमी आई है और क्षेत्र में सिविलियनों की मौतें 81 प्रतिशत घटी हैं। हालांकि, इस डेटा से अनुच्छेद 370 समाप्त करने तथा जम्मू कश्मीर में उसके सुरक्षा स्थितियों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर बहस छिड़ गई है, पर सुरक्षित रूप से कहा जा सकता है कि आतंक के खिलाफ युद्ध अभी समाप्त नहीं हुआ है। हालांकि, आतंकी घटनाओं ताा उनके कारण सिविलियनों की मौतों में काफी कमी आई है, पर यह आंकड़ा अब भी इतना बड़ा है कि 'धरती का स्वर्ग' कहे जाने वाले कश्मीर के प्रति चिन्ता पैदा करता है। अनुच्छेद 370 जम्मू कश्मीर राज्य को प्रशासन और निर्णय प्रक्रिया के मामले में विशेष स्वायत्तता देता था और यहां तक कि उसका अपना संविधान और झंडा था। लेकिन, 5 अगस्त, 2019 को नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने अनुच्छेद 370 समाप्त करने तथा राज्य को दो संघशासित क्षेत्रों-जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख में बांटने का निर्णय किया। अनुच्छेद 370 समाप्त करने के पीछे एक प्रमुख कारण क्षेत्र की सुरक्षा स्थितियों में सुधार का अनुमान था। आतंकी घटनाओं में 66 प्रतिशत की कमी का अर्थ है कि जम्मू कश्मीर में स्थिति धीरे-धीरे ही सही, पर निश्चित रूप से सामान्य हो रही है। न केवल जम्मू कश्मीर, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के व्यापक संदर्भ में शांति और स्थायित्व बाहाल करने के लिए आतंकी गतिविधियां समाप्त करना जरूरी है।



आतंकी घटनाओं में कमी में योगदान देने वाले कारकों का आलोचनात्मक विश्लेषण जरूरी हो गया है। कुछ लोगों का तर्क है कि सुरक्षा बलों की बढ़ी हुई उपस्थिति तथा कठोर आतंकवाद-विरोधी उपायों ने अतिवादी गतिविधियों पर लगाम लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। जम्मू कश्मीर में टकराव में सिविलियनों का हताहत होना गंभीर चिन्ता का विषय है जो अक्सर व्यापक अशांति व विरोध प्रदर्शन का कारण बनते हैं। सिविलयनों की मौतों में कमी एक सकारात्मक संकेत है कि दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी में निरपराध नागरिकों को फंसने से बचाया जा रहा है। हालांकि, आतंकी घटनाओं और सिविलियनों की मौतों में कमी अच्छी बात है, पर यह स्वीकार करना चाहिए कि चुनौतियां अभी बनी हुई हैं। आलोचकों का कहना है कि अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद संचार व आवागमन पर लगे नियंत्रणों के कारण जम्मू कश्मीर में निवासियों के लिए परिवेश सहज नहीं है। मानवाधिकार उल्लंघनों तथा दैनिक जीवन पर उनका प्रभाव महत्वपूर्ण मुद्दे हैं और इन पर गौर किया जाना चाहिए। चूंकि, सरकारी दावों के अनुसार चीजें सामान्य होती जा रही हैं, इसलिए समय आ गया है कि जम्मू कश्मीर में राजनीतिक प्रक्रिया पटरी पर लाई जाए तथा राजनीतिक पार्टियों को अपनी गतिविधियां शुरू करने की अनुमति दी जाए। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय निर्वाचन आयोग को निर्देश दिए हैं कि वह जम्मू कश्मीर में सितंबर, 2024 तक विधानसभा चुनाव कराए। यह सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती है। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराना एक और चुनौती है क्योंकि समस्यायें खड़ी करने वाले पूरी ताकत लगा कर प्रक्रिया बाधित करना चाहेंगे। लेकिन जम्मू कश्मीर में लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार बहाल होने पर ही इसे पूरी तरह शांत कहा जा सकता है।

# पाकिस्तान-तालिबान में बढ़ता टकराव

**पाकिस्तान अपने देश में बढ़ती हिंसा का दोषी स्वयं है। अफगानिस्तान में हिंसा भड़काने के बाद पाकिस्तान को अब उसका फल भुगतना पड़ रहा है।**



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)

पाकिस्तान में तालिबान से बढ़ते टकराव के कारण हिंसा बढ़ रही है। लेकिन पाकिस्तान अपने देश में बढ़ती हिंसा का दोषी स्वयं है। अफगानिस्तान में हिंसा भड़काने के बाद पाकिस्तान को अब उसका फल भुगतना पड़ रहा है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के तालिबान शासकों के बीच बढ़ता टकराव और हिंसा समकालीन इतिहास की एक उल्लेखनीय विडंबना है। अतीत पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि इस्लामाबाद अफगानिस्तान में तालिबान शासन स्थापित करने के लिए इससे अधिक कुछ और नहीं कर सकता था। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में तालिबान शासन स्थापित करने में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह लंबे समय तक उसकी रणनीति का हिस्सा रहा है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में तालिबानों को प्रशिक्षण और हथियार दिए तथा उसकी कतारों में पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों और जवानों को प्रतिनियुक्ति पर काम करने के लिए भेजा। इस प्रकार पाकिस्तान ने सितंबर, 1997 में अफगानिस्तान में पहली तालिबान सरकार स्थापित करने में सफलता प्राप्त की थी। लेकिन इसके बाद जब तालिबान शासन तथा अमेरिका के बीच टकराव बढ़ा तब पाकिस्तान ने अमेरिका के इशारे पर चलते हुए 2001 में तालिबान के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व में चले अभियान में अमेरिकी सहमति से बड़ी संख्या में अपने सैनिकों तथा इंटर-सर्विसेज़ इंटेलीजेंस-आईएसआई के डाइरेक्टरेट जनरल के अनेक एजेंटों को वहां भेजा। इसके पीछे उसका घोषित इरादा अमेरिका की सहायता करना था। उसने अपनी रणनीति के अंतर्गत नवंबर, 2001 में कुंदूज़ से तालिबान और अलकायदा के सर्वोच्च कमांडरों को भी वहां भेजा। हालांकि, उसने अपने परंपरागत दोमुंहेपन के चलते वाशिंगटन से यह भी कहा था कि तालिबान तथा अलकायदा नेताओं और लड़ाकुओं को बाद में वहां से निकाला भी जाएगा।



पाकिस्तान ने पहले अमेरिका के निर्देश पर सोवियत संघ-विरोधी गठबंधन को लगातार विस्तारित समर्थन जारी रखा। लेकिन 9-11 में अमेरिका पर आतंकी हमले के बाद दिसंबर, 2001 में तालिबान को अफगानिस्तान से बाहर निकालने में भी उसने अमेरिका का साथ दिया। लेकिन परोक्ष रूप से पाकिस्तान ने तालिबान नेताओं को अपने देश में पाला-पोसा तथा उनको अपने क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से काम करने की अनुमति दी। इसके साथ ही उसने तालिबान की अपने सैनिकों से मदद की तथा उनको सीमान्त क्षेत्रों में सुरक्षित स्वर्ग प्रदान किए जहां से वे अफगानिस्तान में स्वतंत्र रूप से अपनी गतिविधियां चला सकते थे।

पाकिस्तानी सहायता के बिना तालिबान अपना अस्तित्व बचा नहीं सकते थे। लेकिन इससे इस तथ्य पर पर्दा नहीं डाला जा सकता है कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संबंध शुरू से ही अच्छे नहीं थे। यह स्थिति उस समय तक बनी रही जब तक दिसंबर, 1979 में सोवियत संघ द्वारा अफगानिस्तान में प्रवेश और कब्जे के बाद इस्लामाबाद ने अमेरिका के इशारे पर मुजाहिदीनों के समर्थन का फैसला नहीं किया। अगस्त, 1947 में पाकिस्तान की स्वतंत्रता के बाद से ही अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच यह दुश्मनी खुलेआम सामने आ गई थी जब एकमात्र अफगानिस्तान ने संयुक्त राष्ट्रसंघ में पाकिस्तान के प्रवेश का विरोध किया था। तत्कालीन अफगान सरकार ने पख्तूनों वाले क्षेत्र तथा पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सशस्त्र अलगाववादी आंदोलनों का सक्रिय समर्थन भी किया था।

दोनों देशों के बीच टकराव का मुख्य कारण ड्यूरंड रेखा थी। ब्रिटिश राजनयिक व सिविल सर्वेन्ट सर मार्टिमर ड्यूरंड तथा अफगानिस्तान के अमीर अब्दुल रहमान खान ने 12 नवंबर, 1893 को भारत तथा अफगानिस्तान के बीच इसे आधिकारिक सीमा के रूप में परिभाषित किया था। उस समय पाकिस्तान भारत का ही हिस्सा था। लेकिन अब्दुल रहमान खान की मृत्यु के बाद अफगानिस्तान ने इसे विधिक सीमा के रूप में स्वीकार करने से इनकार कर दिया क्योंकि अफगान के प्रमुख नस्ली समूह के ज्यादा पख्तून पाकिस्तानी सीमा में आ गए थे। काबुल चाहता था कि इस रेखा को पूरब में सिंधु नदी की ओर ले जाया जाए ताकि पाकिस्तान में मौजूद पख्तून बहुल क्षेत्र उसके पास आ जांए तथा उस समय तक लोगों की स्वतंत्र आवाजाही सुनिश्चित की जाए। इस दृष्टिकोण से उसने पाकिस्तान में नस्ली पख्तूनों तथा बलूचों के अलगाववादी सशस्त्र आंदोलनों को समर्थन दिया था। बलूचों ने अपनी ओर से ऐसी अफगान सरकार बनाने का लगातार प्रयास किया जो उनके हितों की पूर्ति करे तथा भारत के साथ टकराव की स्थिति में उनको अफगान क्षेत्र के प्रयोग की अनुमति दे।

इस विरोधाभास ने दोनों देशों की जनसंख्या को प्रभावित किया। एक-दूसरे की धरती पर स्थित राजनयिक अवस्थापनाओं पर हमले हुए जिसके कारण 1961-63 के बीच उनके बीच राजनयिक संबंध टूट गए तथा सीमा पर झड़पें हुईं। अब यह स्पष्ट है कि तालिबान ड्यूरंड रेखा पर अपने देश के ऐतिहासिक दृष्टिकोण से सहमत हैं। यह पहले के किसी समय की तुलना में आज तनाव और टकराव का सबसे बड़ा कारण बन गई है। दोनों देशों के सीमा सुरक्षा बलों के बीच इसके कारण बार-बार सशस्त्र टकराव होते हैं और सीमा पर आवागमन बंद करना पड़ता है।

इसमें तोरखम व स्पिनबोलडाक शहरों की प्रमुख सीमा चौकियां भी शामिल हैं। इन टकरावों के कारण न केवल सीमा विवाद पैदा हुआ है, बल्कि तालिबान और पाकिस्तान के बीच संबंध भी खराब हुए हैं जिसके चलते बार-बार पाकिस्तान काबुल पर आरोप लगाता है कि वह तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी को सहायता दे रहा है जो पाकिस्तान में अनेक हिंसक आतंकी हमलों को अंजाम दे रहे हैं। 8 नवंबर, 2023 को पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने एक प्रेस सम्मेलन में तालिबान पर यह कहते हुए करारा हमला बोला कि वह टीटीपी को समर्थन दे रहा है जिसके कारण देश में हिंसा में व्यापक वृद्धि हुई है। अगस्त, 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान द्वारा सत्ता पर कब्जा करने के बाद से पाकिस्तान में हुई हिंसा में 2,867 पाकिस्तानियों की मौत हुई है।

अफगानिस्तान की 'टोलो न्यूज़' के अनुसार तालिबान प्रशासन के प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा, 'हम किसी को अफगान धरती का प्रयोग दूसरे देशों को धमकी देने के लिए नहीं करने देंगे। पाकिस्तानी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियां समझनी चाहिए।' आश्चर्य नहीं कि यह विवाद जारी है,बल्कि पाकिस्तान में सीमापार से आतंकी हमले बढ़े हैं तथा पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में टीटीपी के अड्डों पर हवाई हमले किए हैं। पाकिस्तान द्वारा वैध वीसा या शरणार्थियों के वैध दस्तावेजों के बिना रह रहे विदेशियों को बाहर निकालने के अभियान के बाद स्थ्थिति और खराब हुई है। ऐसे लोगों की संख्या लगभग चार मिलियन है जो अफगानिस्तान पर सोवियत संघ के कब्जे के बाद से पाकिस्तान में आए हैं। खबरों के अनुसार इन 450,000 लोगों में से 1.77 मिलियन पाकिस्तान से जा चुके हैं। जिन लोगों को भागने पर मजबूर किया जा रहा है, उनकी स्थिति बहुत दयनीय है। वहां रह रहे लोगों पर विस्थापन की तलवार लटक रही है। पाकिस्तानी अभियान की अमानवीयता को माफ नहीं किया जा सकता है। यह खासकर इसलिए और जघन्य हो जाती है क्योंकि तालिबान के शासन वाले अफगानिस्तान में मानवाधिकारों और जेंडर भेदभाव की स्थिति बहुत खराब है। लेकिन पाकिस्तान अपने देश में हो रही हिंसा का स्वयं जिम्मेदार है और इसके लिए उसके प्रति हमदर्दी नहीं व्यक्त की जा सकती है। पाकिस्तान ने हिंसा, आतंकवाद और अतिवाद के जिस भस्मासुर को जन्म दिया था, आज वह स्वयं उसको ही अपना शिकार बना रहा है।

बहुत पुरानी कहावत है कि कांटों की फसल बोने वाले फलों की उम्मीद नहीं कर सकते हैं। पाकिस्तान आज अपनी ही करनी का फल भुगत रहा है।

# एयरशेड प्रबंधन से प्रदूषण नियंत्रण

> "एयरशेड प्रबंधन से लाभ प्राप्त करने के लिए, सरकार को पर्याप्त धन द्वारा समर्थित सभी स्तरों पर उत्सर्जन स्रोत डेटा के संकलन को तेजी से ट्रैक करना चाहिए।"



**कोटा श्रीराज**
(लेखक, पर्यावरण विशेषज्ञ हैं)

प्रदूषण से लड़ने के लिए गहन बहु-आयामी रणनीतियां शून्य हो गई हैं, जैसा कि बिगड़ती पर्यावरणीय स्थितियों और जलवायु परिवर्तन से स्पष्ट है। वर्तमान में, 60 प्रतिशत भारतीय शहरों की हवा अनुमेय सीमा से सात गुना अधिक प्रदूषित है और जब वायु प्रदूषण की बात आती है तो इसे नियमित रूप से दुनिया के सबसे खराब शहरों में गिना जाता है। आईक्यू एयर की 2023 विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में से 39 भारत में मौजूद हैं, जिनमें 2.5 पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) का स्तर उच्च है। इससे भी बुरी बात यह है कि वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक के अनुसार भारतीय वायु प्रदूषण के कारण औसतन अपने जीवन के 5.3 वर्ष खो देते हैं।

इन स्थितियों को देखते हुए, एक व्यापक पहल जो बड़े भौगोलिक क्षेत्रों में वायु प्रदूषण को संबोधित कर सके, समय की तत्काल आवश्यकता है। एयरशेड प्रबंधन एक ऐसी अवधारणा है जिसमें स्थानीय के बजाय क्षेत्रीय आधार पर समस्या का समाधान करके बड़े पैमाने पर प्रदूषण संकट को हल करने की क्षमता है। एयरशेड को एक सामान्य भौगोलिक क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया गया है जहां प्रदूषक फंस जाते हैं, जिससे सभी के लिए समान वायु गुणवत्ता बनती है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), सीआईआर-नीरी के सहयोग से सरे विश्वविद्यालय की एक रिपोर्ट ने प्रदूषण से निपटने में एयरशेड प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया।

प्रकृति द्वारा वायु प्रदूषण कभी भी स्थानीय नहीं होता बल्कि सीमाओं और क्षेत्रों से परे होता है। पड़ोसी राज्यों पंजाब और हरियाणा द्वारा फसल जलाने के कारण दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण की वार्षिक समस्या इसका एक उपयुक्त उदाहरण है। सरे विश्वविद्यालय की रिपोर्ट में बताया गया है कि विशेष रूप से नियुक्त एयरशेड परिषदें स्थानीय, क्षेत्रीय और केंद्रीय एजेंसियों को वायु प्रदूषण से लड़ने के प्रयासों में समन्वय करने में मदद कर सकती हैं।

एयरशेड का सीमांकन करने के लिए, भारत को विभिन्न शहरों में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा स्थापित 883 मैनुअल स्टेशनों द्वारा सहायता प्राप्त 438 निरंतर वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणालियों के नेटवर्क की मदद से उत्सर्जन मात्रा का आकलन करना चाहिए। इससे एक सटीक बहु-प्रदूषक सूची स्थापित करने में मदद मिलेगी और शहरों को विभिन्न आकारों के एयरशेड में विभाजित करने में मदद मिलेगी। इसके बाद स्थानीय और क्षेत्रीय स्तरों पर विविधताओं और समानताओं का मूल्यांकन करने के लिए मौसम संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण किया जाना चाहिए और अंत में प्रदूषण फैलाव को समझने के लिए वायु गुणवत्ता मॉडलिंग की जानी चाहिए। एक बार इस तरीके से चित्रित होने पर, एयरशेड के आकार के आधार पर, शहर प्रशासक स्थानीय स्तर पर एयरशेड का प्रबंधन कर सकते हैं और यदि आकार बड़ा है तो एयरशेड को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए अंतरराज्यीय सहयोग का सहारा लिया जा सकता है। एयरशेड प्रबंधन ने दुनिया भर में प्रचुर लाभांश का भुगतान किया है। उदाहरण के लिए, मेक्सिको और लॉस एंजिल्स में एयरशेड प्रबंधन प्रथाएं वाहनों और अन्य उत्सर्जन को कम करने के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय के अलावा नवीन शासन के साथ वैज्ञानिक साक्ष्य को जोड़ती हैं। कैलिफ़ोर्निया में एयरशेड प्रबंधन एक और उदाहरण है जिसमें कैलिफ़ोर्निया एयर रिसोर्सेज बोर्ड और पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (ईपीए) के बीच साझेदारी राज्य के जिलों में वायु प्रदूषण की निगरानी और कम करने में मदद करती है। भारत इन उदाहरणों का अनुकरण कर सकता है और गैर-प्राप्ति वाले शहरों जैसे उन क्षेत्रों में प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी ढंग से एयरशेड का प्रबंधन कर सकता है जहां एक्यूआई गंभीर है। इन शहरों को एनएसी घोषित किया जाता है यदि 5 साल की अवधि में, वे लगातार पीएम 10 (पार्टिकुलेट मैटर जो 10 माइक्रोन या उससे कम व्यास वाले होते हैं) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के लिए राष्ट्रीय परिवेश वायु गुणवत्ता मानकों को पूरा नहीं करते हैं। भारत के पास फिलहाल 131 एनएसी हैं। एनएसी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए, सरकार ने गैर-प्राप्ति वाले शहरों के लिए 2019 में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) शुरू किया।

एनकैप का लक्ष्य 2017 के स्तर की तुलना में 2024 तक पीएम के स्तर को 20-30 प्रतिशत तक कम करना है, लेकिन कार्यक्रम के तहत अब तक प्रगति बहुत कम रही है - 131 शहरों में से केवल 39 ने प्रदूषण के स्रोतों को ट्रैक करने के लिए विभाजन अध्ययन किया है और एनकैप के तहत आवंटित कुल धनराशि (652.61 करोड़ रुपये) का 50 प्रतिशत से भी कम उपयोग किया गया है। प्रदूषण स्रोत डेटा संग्रह धीमी गति से होने के कारण, एयरशेड का डिज़ाइन भी पिछड़ रहा है। भारत को एयरशेड वायु गुणवत्ता प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रेरणा और प्रोत्साहन को बढ़ावा देना चाहिए। वर्तमान में, राज्य वायु प्रदूषण प्रबंधन के लिए अपनी स्वयं की कार्य योजनाएं तैयार कर रहे हैं जो अनिवार्य रूप से शहर-स्तर पर आधारित हैं न कि ग्रामीण, जिला और क्षेत्रीय स्तर पर। भारत ज्यादातर शहरी उत्सर्जन डेटा एकत्र कर रहा है जो प्रभावी एयरशेड प्रबंधन को लागू करने के लिए अपर्याप्त है क्योंकि इसके लिए क्षेत्रीय डेटा की आवश्यकता होती है। हालांकि, बड़ी चुनौती राज्य सरकारों के बीच सहयोग और समन्वय सुनिश्चित करना है जब एक एयरशेड कई राज्यों का गठन करता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत को एयरशेड प्रबंधन से लाभ मिले, सरकार को सभी स्तरों पर उत्सर्जन स्रोत डेटा के संकलन में तेजी लानी चाहिए। इसके अलावा, भारत को प्रभावी एयरशेड समितियां भी स्थापित करनी चाहिए जो इसमें मदद कर सकें।

## आप की बात

### दिखावे की होड़

**आजकल** समाज के सभी कार्यक्रमों में दिखावे की होड़ शुरू हो गई है। इसके चलते अनेक लोग भारी कर्ज के बोझ तले दब कर भी अपनी शानो-शौकत दिखाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं। दो दिन की शादी में लाखों रुपए फूंक दिए जाते हैं। बैंड-बाजा, रिजॉर्ट और शाही पकवानों पर पानी की तरह पैसा बहाया जाता है। यदि यही पैसा भावी दंपति को भेंट कर दिया जाए तो उसके लिए आजीवन आर्थिक आय का साधन बन सकता है। अमीरों द्वारा अपने धन के भोंड़े प्रदर्शन के साथ ही उनकी नकल में लोग बढ़ चढ़कर फिज़ूलखर्ची करते हैं। बड़ी दावतों में खाने की बेतहाशा बरबादी होती है। इन स्थितियों से बचा जाना चाहिए। जब देश आजादी के लिए संघर्ष कर रहा था तब अनेक आयोजनों में बारातियों का स्वागत केवल शुद्ध जल से किया जाता था। इस प्रकार बचने वाली तथा उनसे प्राप्त होने वाली धनराशि स्वतंत्रता संग्राम के लिए खर्च की जाती थी। यदि वर्तमान समय में आयोजनों पर खर्च होने वाली भारी-भरकम धनराशि का एक हिस्सा उपयुक्त स्वयंसेवी संस्थाओं को दान देने की परंपरा शुरू की जाए तो इससे गरीबों के स्वास्थ्य, भोजन, शिक्षा, आवास, आदि में सहायता मिल सकती है। भोजन की बरबादी तो अन्न के साथ भगवान का भी अपमान है।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### सुरक्षा परिषद में सुधार

**भारत** दौरे पर पहुंचे संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि वर्तमान समय में सुरक्षा परिषद अपनी प्रासंगिकता खो रही है, इसलिए समय की एक मांग है कि इसमें सुधार हो। गणतंत्र दिवस के अतिथि फ्रांसीसी राष्ट्रपति एमानुएल मैक्रॉन ने वही बात की। भारत को सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य बनाने के पक्ष में दुनिया के अनेक नेता अपनी राय दे चुके हैं। वैसे, बदलती परिस्थितियों को देखते हुए न केवल भारत, बल्कि जापान, जर्मनी और ब्राज़ील को भी शामिल करने की बात हो रही है। सुरक्षा परिषद के विस्तार के साथ ही वीटो प्राविधान की समीक्षा की जरूरत भी है। सुरक्षा परिषद् में व्यापक सुधार की जरुरत है। वीटो के बारे में यह प्राविधान किया जा सकता है कि जब तक सात देशों में से किसी भी मामले में चार देश वीटो नहीं कर देते तबतक उस प्रस्ताव को लागू माना जाना चाहिए। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि संयुक्त राष्ट्रसंघ के गठन के बाद से दुनिया में अनेक युद्ध हुए हैं और वह उनको रोकने में प्रभावी भूमिका नहीं निभा सका है। वर्तमान समय में जारी रूस-यूक्रेन युद्ध तथा इज़राइल-हमास टकराव रोकने या इनका कारण बनी समस्याओं का समाधान संभव नहीं हो सका है। ऐसे में सुरक्षा परिषद में सुधार और जरूरी हो गया है।

**- जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### बच्चे और इंटरनेट

**सोशल साइट्स** के बारे में हुए एक अध्ययन के अनुसार, फेसबुक या अन्य सोशल साइट्स पर करीब 77 फीसदी बच्चों को परेशान किया जाता है। अनजान यूजर्स उनके एकाउंट व तस्वीरों से छेड़छाड़ करते हैं। लेकिन केवल 50 फीसदी माता-पिता ही मानते हैं कि उनका बच्चा ऐसे किसी अनुभव से गुजरा है। एक भारतीय बच्चा औसतन हर सप्ताह करीब नौ घंटे तक फेसबुक जैसी साइट्स पर बिताता है। इसके कारण बच्चे अपने परिवार और दोस्तों को भी नजरंदाज करने लगते हैं। कई स्वूलों के प्रबंधन ने अभिभावकों को इस बारे में ताकीद करना शुरू कर दिया है। वे माता-पिता को बच्चों पर नजर रखने के लिए कह रहे हैं। देश के कई स्कूल तो इस बारे में माता-पिता की कक्षाएं ले रहे हैं। इन कक्षाओं में अभिभावकों को इंटरनेट फिल्टर्स के बारे में बताया जाता है। मुंबई में पिछले दिनों ऐसी कक्षाओं में इंटरनेट फिल्टर्स की जानकारी दी गई। इनके माध्यम से इंटरनेट सर्फिंग को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाया जा सकता है। बच्चों को इंटरनेट के सीमित उपयोग के साथ ही उनको खेलने-कूदने, प्रकृति व पालतू जानवरों से प्रेम करने, दादी-नानी से कहानियां सुनने, दोस्तों से घुलने-मिलने तथा सामाजिक विविधता से परिचय को प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

**-विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### कांग्रेस का विलाप

**मल्लिकार्जुन खड़गे** ने कहा कि हमने संविधान, लोकतंत्र व न्याय की रक्षा का संकल्प लिया है। संविधान ने सबको समान अधिकार दिए है किन्तु भाजपा सरकार धीरे-धीरे सबको खत्म कर रही है। लेकिन भारतवासियों को संविधान का उल्लंघन, लोकतंत्र पर खतरा और न्याय की अनदेखी नजर नहीं आ रही है। नए-नए निर्माण और सामाजिक कार्य हो रहे हैं, सबको बोलने व कामकाज की आजादी है, अपराधियों को जेल भेजा जा रहा है तथा ईमानदारों व राष्ट्रभक्तों को पुरस्कृत भी किया जा रहा है। इसके साथ ही देश में शान्ति है और दुनिया में देश की प्रतिष्ठा तेजी से बढ़ भी रही है। कांग्रेस को आपातकाल याद करना चाहिए जब बोलने की आजादी पर ताला लगा कर सारे विपक्ष को जेलों में बंद कर दिया गया था। आज तो विपक्ष प्रधानमंत्री तक को अपशब्द बोलने से नहीं चूक रहा। ऐसे में कांग्रेस का विलाप या अरण्य रोदन उसे जनता की नजर में हास्यास्पद बना रहा है। मोदी सरकार ने जनता के सबसे गरीब तबके से आने वाले अनेक लोगों को पुरस्कृत किया है, जिन पर कभी कांग्रेस के नामदार लोगों की नजरें नहीं जाती थीं।

**- शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# सबकी समस्या का निस्तारण सरकार की प्राथमिकता: योगी

● जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 250 लोगों की समस्याएं



**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ाके की ठंड के बावजूद रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में 250 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सभी को आश्वस्त किया सबकी समस्या का निस्तारण करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सीएम ने लोगों की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र लेकर उसे अधिकारियों की इस निर्देश के साथ हस्तगत किया कि समयबद्धए गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करें।

शनिवार शाम गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में आयोजित जनता दर्शन में वहां जुटे सभी लोगों से एक.एक कर मुलाकात की। ध्यान से उनकी बातें सुनीं और उनके प्रार्थना पत्र लिए। आत्मीयता से सभी को समस्या निस्तारण का भरोसा देते हुए कहा कि किसी की चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सबकी समस्या पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने पुलिस व राजस्व से जुड़े मामलों में कार्रवाई करने में अनावश्यक विलंब न होने की हिदायत दी तो जमीन कब्जा करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए दबंग और भू माफिया पर नकेल कसने के निर्देश दिए। पुलिस से जुड़े कुछ मामलों पर मुख्यमंत्री ने कहा प्राथमिकी दर्ज करने और उसके बाद विधिक कार्यवाही में कोताही नहीं होनी चाहिए।

जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन को भेजें। इलाज के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। लोगों को आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज बाधित नहीं होगा। इस दौरान कुछ लोगों के साथ आए उनके बच्चों को सीएम योगी ने प्यार, दुलारकर आशीर्वाद दिया। उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट गिफ्ट किया।

## सीएम योगी ने नीतीश कुमार को दी बधाई

● बिहार में नीतीश के नेतृत्व में बनी एनडीए की सरकार

● दोनों डिप्टी सीएम को मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने पर रविवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभकामनाएं दी हैं। सीएम योगी ने अपने एक्स एकाउंट पर बिहार में नवगठित सरकार को शुभकामनाएं देते हुए नीतीश कुमार और दोनों डिप्टी सीएम को भी बधाई दी है। सीएम योगी ने लिखा हैए नीतीश कुमार को बिहार राज्य के मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। पूर्ण विश्वास है कि बिहार में बनी डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में सेवाए सुशासन और विकास के उत्कृष्ट मानक स्थापित करेगी।

# सीएम योगी ने गोरखपुर में सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

● पीएम मोदी ने बहराइच में बायो फर्टिलाइजर और बायो पेस्टिसाइड बनाने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के अनूठे प्रयास को सराहा

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 2024 के पहले 'मन की बात' कार्यक्रम में देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े ऐतिहासिक कार्यक्रम के साथ.साथ प्रदेश में काम कर रही वुमेन सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) की भी प्रशंसा की। पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश के बहराइच में बायो फर्टिलाइजर और बायो पेस्टिसाइड बनाने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बारे में पूरे देश को अवगत कराया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में पीएम मोदी के इस कार्यक्रम को सुना और साथ ही स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के उत्साहवर्धन पर पीएम मोदी का आभार भी जताया। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखाए श्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने मन की बात कार्यक्रम में जनपद बहराइच में बायो फर्टिलाइजर और बायो पेस्टिसाइड बनाने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया है। इससे देश.प्रदेश की अन्य महिलाओं में भी आत्मनिर्भरता की इच्छाशक्ति जागृत होगी। श्उन्नति जैविक इकाईश् संगठन से जुड़ी महिलाओं का यह अभिनव प्रयास उनकी आय में वृद्धि करने के साथ ही प्राकृतिक खेती की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कृषि क्षेत्र में प्रेरणा बनी मातृशक्ति का अभिनंदन और प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार श्

पीएम मोदी ने श्मन की बातश् कार्यक्रम में बेटियों और देश की महिलाओं द्वारा किए जा रहे अनूठे प्रयास की तारीफ की। इसी दौरान उन्होंने सेल्फहेल्प ग्रुप की महिलाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज वुमेन सेल्फहेल्प ग्रुप्स की देश में संख्या भी बढ़ी है और उनके काम करने के दायरे का भी बहुत विस्तार हुआ है। वो दिन दूर नहींए जब आपको गांव.गांव में खेतों में नमो ड्रोन दीदियांए ड्रोन के माध्यम से खेती में मदद करती हुई दिखाई देंगी। उन्होंने कहा कि मुझे यूपी के बहराइच में स्थानीय चीजों के उपयोग से बायो फर्टिलाइजर और बायो पेस्टिसाइड तैयार करने वाली महिलाओं के बारे में पता चला। सेल्फहेल्प ग्रुप्स से जुड़ी निबिया बेगमपुर गांव की महिलाएं, गाय के गोबर, नीम की पत्तियां और कई तरह के औषधीय पौधों को मिलाकर बायो फर्टिलाइजर तैयार करती हैं। इसी तरह ये महिलाएं अदरकए लहसुनए प्याज और मिर्च का पेस्ट बनाकर ऑर्गेनिक पेस्टिसाइड भी तैयार करती हैं। इन महिलाओं ने मिलकर श्उन्नति जैविक इकाईश् नाम का एक संगठन बनाया है।

# योगी सरकार ने 192 निराश्रित वृद्धजनों को किया रेस्क्यू

● शीतलहर को देखते हुए प्रदेश में चलाया गया राज्यव्यापी अभियान

**लखनऊ।** प्रदेश में जारी भीषण शीतलहर को देखते हुए निराश्रित वृद्धजनों को सम्मानजनक जीवन देने के लिए योगी सरकार के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेशव्यापी अभियान चलाकर वृद्धाश्रम में सुरक्षित लाया गया है। विगत माह से शुरू हुए इस अभियान के तहत अब तक कुल 192 निराश्रित वृद्धजनों को जिला समाज कल्याण अधिकारी समेत वृद्धाश्रम के स्टाफए स्वयं सेवियों एवं जागरूक नागरिकों के सहयोग से रेस्क्यू किया गया है। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, चौराहों इत्यादि में रात्रि में भ्रमण कर ऐसे निराश्रित वृद्धजनों की पहचान की गई जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं था और उन्हें आपात पुलिस सेवा 112 एवं एल्डरलाइन नंबर 14567 के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर तत्काल सम्मानपूर्वक वृद्धाश्रम में पुनर्वासित किया गया है। जहां उनके स्वास्थ्य का समुचित खयाल रखा जा रहा है।

जनपद कौशांबी में आंध्र प्रदेश के कोकीनपति वीरास्वामी को रात्रि में गर्म कपड़ों के बिना ठिठुरता पाया गया जिन्हें वृद्धाश्रम में लाकर उनकी समुचित देखभाल की गई। हिंदी न जानने के कारण गूगल के माध्यम से उनकी भाषा का हिंदी अनुवाद किया गया और उनके परिवारीजनों से संपर्क कर उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाने में मदद की गई। आज वो अपने पूरे परिवार के साथ कुशल मंगल हैं और योगी सरकार व समाज कल्याण विभाग को धन्यवाद दे रहे हैं। ऐसे ही 192 निराश्रित वृद्धजनों की मदद कर उन्हें न सिर्फआसरा दिया गया, बल्कि सम्मानजनक वृद्धाश्रम में जीवन देने के लिए सुविधाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।

ठंड के हालात को देखते हुए हाल ही में समाज कल्याण विभाग राज्य मंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध असीम अरुण ने इस अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए पुलिस विभाग से भी सहयोग मांगा था। उन्होंने डीजीपी को पत्र लिख कर निराश्रित वृद्धजनों के सर्वेक्षण और उनको ससम्मान वृद्धाश्रमों तक पहुंचाने में मदद की अपील की थी। इसके तहत प्रदेश भर में जिला समाज कल्याण अधिकारी अपने जनपद के पुलिस अधीक्षक, पुलिस आयुक्त से संपर्क कर समन्वय स्थापित कर रहे हैं। रात्रि में गश्त के दौरान पुलिस कर्मियों को अगर कोई निराश्रित वृद्ध दिखते हैं तो समाज कल्याण विभाग की सहायता से उनको वृद्धाश्रमों तक ससम्मान पहुंचाया जा रहा है। नागरिक भी निराश्रित वृद्धजनों की सूचना एल्डर लाइन 14567 अथना पुलिस विभाग की आपात सेवा यूपी.112 पर देकर सहायता कर सकते हैं।

प्रदेश सरकार के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में वृद्धाश्रम संचालित किया जा रहा है। इन आश्रमों में वृद्धजनों को खानाए गर्म कपड़ेए दवाईए मनोरंजन के साधन आदि उपलब्ध कराए जाते हैं। यहां डॉक्टर की सुविधा भी उपलब्ध हैए ताकि जरूरत पड़ने पर बीमार वृद्धजनों का उपचार भी हो सके। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रमों में निराश्रित वृद्धजनों को रखने की पूरी क्षमता है।

# स्वच्छताकर्मियों के लिए सुनिश्चित करेंगे न्यूनतम मानदेय की गारंटी: मुख्यमंत्री

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि स्वच्छताकर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी हरहाल में मिलनी चाहिए। सरकार जल्द ही इसे पूरे प्रदेश में सुनिश्चित कराएगी। स्वच्छताकर्मियों के गारंटीड मानदेय के लिए पहले ही एक कमेटी गठित कर रखी गई है और शीघ्र ही इस पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। मानदेय के साथ स्वच्छताकर्मियों के लिए आवास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। सीएम योगी रविवार पूर्वाह्न नगर निगम की तरफ से आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा और सम्मान सम्मेलन एवं विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। अभयनंदन इंटर कॉलेज के मैदान पर हुए इस कार्यक्रम के मंच से मुख्यमंत्री ने सफाई मित्रों हेतु ई.सेवा पोर्टलए दस लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा सुविधा एवं कल्याण कोष का शुभारंभ किया। कल्याण कोष से चार सफाई मित्रों के आश्रितों को सहायता राशि का चेक प्रदान किए। सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों



को यूनिफॉर्म, लंच बॉक्स वितरित किए और डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने नगर निगम की 116 करोड़ रुपये की लागत वाली 176 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि सुंदरता की आत्मा स्वच्छता में ही निहित होती है। प्राय: देखा जाता है कि जिस पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए, वह किन्हीं कारणों से उपेक्षित हो जाता था। हम शहर को कितना भी सुंदर क्यों न बना लेंए चौड़ी सड़कें बना लें लेकिन यदि स्वच्छता नहीं होगी तो सारे मेहनत पर पानी फिर जाएगा। ऐसे में स्वच्छता के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वाले कर्मियों का सम्मान सबको करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में पांच सौ वर्षों के इंतजार के बाद रामलला का मंदिर बना हैए उनकी प्राण प्रतिष्ठा हुई है तो वहीं गोरखपुर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हुआ है। इन दोनों उपलब्धियों के लिए सबको बधाई। सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों को न्यूनतम मानदेय के साथ आवासीय सुविधा भी मिलनी चाहिए। उन्हें राशन कार्डए स्वास्थ्य बीमा कवरए उज्ज्वला जैसी योजनाओं का लाभ भी मिलना चाहिए। नगर निगम गोरखपुर ने इस दिशा में सराहनीय पहल की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सफाईकर्मी शहर की शक्ल सूरत बदलने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करते हैं और इसी का परिणाम है कि स्वच्छ सर्वेक्षण में गोरखपुर की रैंकिंग 74 से 22 पर आ गई है। गोरखपुर को गार्बेज फ्री सिटी में थ्री स्टार रैंकिंग मिल गई है। गोरखपुर अब अच्छा और सुंदर शहर माना जाता है। परिवर्तन का परिणाम है कि यह देश के अच्छे शहरों में गिना जाता है। इसका सर्वाधिक श्रेय सफाईकर्मियों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि अगली स्वच्छता रैंकिंग में गोरखपुर टॉप टेन और फिर टॉप थ्री में शामिल हो। इसके लिए जनता को और जागरूक करना होगा। पार्षदों को इस दिशा में जिम्मेदारी देते हुए सीएम ने कहा कि पार्षदगण मोहल्ला स्वच्छता समिति का गठन कर लोगों को सड़कए नाली में कूड़ा न डालनेए सफाईकर्मियों से दुर्व्यवहार न करने के प्रति जागरूक करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि सीएम योगी के विजन से गोरखपुर एक ब्रांड बन गया है। रामगढ़ताल और उसके आसपास का क्षेत्र फॉरेन कंट्री सा लगता है। विकास के साथ सफाई के मामले में भी गोरखपुर नजीर पेश कर रहा है। उन्होंने सफाई मित्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कहा कि पीएम मोदी भी सफाईकर्मियों के चरणों का वंदन करते हैं। स्वागत संबोधन में महापौर डॉण् मंगलेश श्रीवास्तव ने नगर निगम की उपलब्धियों और परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आभार ज्ञापन विधायक विपिन सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, पूर्व महापौर अंजू चौधरी, डॉ. सत्या पांडेय, भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री ने नगर निगमए,बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन आदि के स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मासूम बच्चों का अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। मासूमों को सीएम योगी काफी देर तक गोद में लेकर दुलारते रहे और उन्हें उपहार में खिलौने दिए।

# भ्रष्टाचार पर प्रहार का सबसे कारगर मंत्र है तकनीक: मुख्यमंत्री

● स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत गोविवि में स्मार्टफोन टैबलेट वितरण समारोह



**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तकनीक का प्रयोग रविवार को योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन तथा जीवन के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। तकनीक भ्रष्टाचार पर प्रहार का सबसे कारगर मंत्र है। तकनीक के इस्तेमाल से युवाओं को समयानुकूल सक्षम, समर्थ बनाने के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भरता की तरफ अग्रसर करने के लिए प्रदेश सरकार दो करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन टैबलेट उपलब्ध कराने के लक्ष्य की प्राप्ति की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री रविवार अपराह्न दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत विद्यार्थियों में स्मार्टफोन टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। विवि एवं महाविद्यालययों के करीब एक हजार विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। 15 विद्यार्थियों को सीएम योगी के हाथों स्मार्टफोन प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने युवाओं को तकनीक के महत्व को समझाते हुए कई व्यावहारिक उदाहरण दिए। प्रदेश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली 2017 के पहले भ्रष्टाचार की चपेट में थी। कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया, सोनभद्र, चित्रकूट जैसे जिलों में राशन के अभाव मेंए भूख के कारण लोगों की मौत हो जाती थी। सांसद के रूप में वहां पहुंचने पर पता चलता था कि गरीबों को राशन नहीं मिलता था। उनके नाम से उठा राशन, सशक्त माफिया हड़पकर बेच देते थे। एफसीआई की गोदाम से निकलने के साथ ही खाद्यान्न प्रदेश के बाहर यहां तक कि दूसरे देशों तक पहुंच जाता था। 19 मार्च 2017 को मुख्यमंत्री बनने के एक सप्ताह बाद ही उन्होंने प्रदेश की अस्सी हजार राशन की दुकानों पर छापेमारी कराई तो तीस लाख फर्जी राशन कार्डों का पता चला। इसके बाद राशन की सभी दुकानों को तकनीकी के इस्तेमाल से, पॉइंट ऑफ सेल से जोड़ दिया गया।

## सिर्फ डिग्री बांटने के केंद्र न बनें शिक्षण संस्थान

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक लंबे दौर तक विश्वविद्यालय एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थान सिर्फ डिग्रीए डिप्लोमा बांटने वाले टापू बनकर रह गए थे। उन्हें इससे बाहर निकालने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति दी है। इस नीति से जुड़कर संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों को पारंपरिक पाठ्यक्रम का ज्ञान देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ से दिए जा रहे स्मार्टफोन को केंद्र व राज्य सरकार की कई योजनाओं की जानकारी से भी जोड़ा गया है। युवा इसके जरिये पीएम स्टार्टअप योजना, स्टैंडअप योजना, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना को जानकर आत्मनिर्भरता की राह भी चुन सकते हैं। इसमें बालिकाओं के लिए भी कई स्कीम जुड़ी है।

## सीएम योगी ने किया ई पत्रिका गोरख पथ का विमोचन

कार्यक्रम के मंच से सीएम योगी ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के महायोगी गुरु श्रीगोरक्षनाथ शोधपीठ की ई पत्रिका 'गोरख पथ' का भी विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम जहां रहते हैंए वहां के इतिहास को जरूर जानना चाहिए। परंपरा की जानकारी से न केवल गौरव की अनुभूति होती है बल्कि वर्तमान के साथ उज्ज्वल भविष्य की भी प्रशस्ति होती है। स्मार्टफोन वितरण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच पर विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में भी पूछा।

# सपा ने प्रदेश में शुरू किया पीडीए पखवाड़ा

**लखनऊ।** समाजवादी अल्पसंख्यक सभा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पीडीए पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक पखवाड़ा की शुरुआत की गई। लखनऊ के बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत महोंना स्थित सैय्यद रशीद मियां की दरगाह पर पीडीए पखवाड़ा की बैठक आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शकील नदवी ने मौजूद लोगों को सपा की नीतियों व समाजवादी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर आज से पूरे प्रदेश में पीडीए पखवाड़ा की शुरुआत की गई है, जिसके अंतर्गत सपा की सरकार के समय की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में हर गांव, कस्बों में जाकर किसानोंए नौजवानों तथा महिलाओं के बीच में जाकर इन योजनाओं के बारे में बताए।



शकील नदवी ने कहा कि प्रदेश में इस समय सिर्फ़ जुमलेबाज़ी चल रही है, प्रदेश का किसान नौजवान परेशान है और मौजूदा सरकार सिर्फ़ जुमले बाज़ी कर रही है। उन्हे नौजवानों किसानों की जरा भी चिंता नहीं है। आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता इंडिया गठबंधन को भारी मतों से जिताकर केंद्र में सरकार बनाने का काम करेगी और जुमलेबाजो को देश से भगाने का काम करेगी लोगों को सपा की नीतियों के बारे में बताते हुए लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने का अनुरोध किया। गोमती यादव, फ़िदा हुसैन अंसारी, पूर्व विधायक महोना राजेंद्र यादव, लखनऊ जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, मुजीब खान प्रदेश उपाध्यक्ष, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव शाह आलम, प्रदेश महासचिव अकरम सिद्दीकी, मुनव्वर आलम कुरेशी प्रदेश सचिव, चांद भाई प्रदेश सचिव, जमाल खान प्रदेश सचिव, चांद गाजी, आरिफ गाजी, हाशिम बेग, निहाल रशीदी, मो. आदिल खान, सत्येंद्र रावत पूर्व जिला पंचायत सदस्य, सरजू प्रसाद पूर्व सभासद, इकबाल अफ़्ज़ल, इलियास अहमद, मोहम्मद यार खान, मुनीर बेग, वकी अहमद, प्रधान जियाउद्दीन अंसारी, प्रधान आजाद अंसारी, तौहीद खान उर्फ़ मुन्ना भैया सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# महिला की जटिल सर्जरी कर दिलाई समस्या से निजात

**लखनऊ।** कानपुर रोड स्थित लोकबंधु राज नारायण संयुक्त अस्पताल में मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जरी से एक बुर्जूग का ऑपरेशन करने में डॉक्टरों ने सफलता पाई है। यह ऑपरेशन आमतौर पर न्यूरोसर्जन ही करते हैं, लेकिन लोकबंधु अस्पताल में पहली बार आर्थोपेडिक सर्जन डॉ जितेंद्र बाजपेयी ने इस ऑपरेशन को करने में अहम भूमिका निभाई है। सर्जरी के बाद महिला स्वस्थ है। आलमबाग के पकरी निवासी तेत्री देवी दुर्घटना में जख्मी हो गयी थीं। दुर्घटना में उनकी डी12 रीढ़ की हड्डी में फ्रेक्चर हो गया था। जिसके चलते वह गंभीर दर्द से तड़प रही थीं। लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि रीढ़ की हड्डी के इस जटिल ऑपरेशन को आमतौर पर न्यूरो सर्जन ही करते हैं, जो प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के सरकारी अस्पतालों बहुत कम होती है। लोकबंधु अस्पताल में पहली बार इस जटिल सर्जरी का ऑपरेशन बिना न्यूरो सर्जन के करने में सफलता पाई है। सर्जरी में एनेस्थीसिया के डॉ अंकित अग्रवाल, डॉ एसके रावत का भी अहम योगदान रहा। अस्पताल के निदेशक डा सुरेश चंद्र कौशल, सीएमएस डॉ राजीव दीक्षित व एमएस डॉ अजय शंकर त्रिपाठी ने पूरी टीम को बधाई दी है।

## नागरिक सुविधा दिवस आयोजित होगा कल

**लखनऊ।** शहरी क्षेत्र के नागरिकों की मूलभूत समस्या के सफ ल समाधान के तहत 30 जनवरी 2024 को गोमती नगर स्थित लविप्रा भवन के कमेटी हॉल में नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया जाएगा। एलडीए की अध्यक्ष मंडलायुक्त के निर्देशानुसार इसमें जिला प्रशासन, लविप्रा एवं नगर निगम के अतिरिक्त जल निगम नगरीय, लेसा, जलकल विभाग, प्रदूषण, लोनिवि, आवास विकास, पुलिस व यातायात विभाग के सक्षम अधिकारी प्रतिभाग करेगें।

# रामनगरी के युवाओं को रोजगार से भी जोड़ना योगी सरकार की प्राथमिकता

● 2203 करोड़ के प्रोजेक्ट स्वीकृत, 1793 करोड़ रुपये खर्च हुए



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में यूपी के हर घर तक नल से जल पहुंचाने में योगी सरकार शीर्ष पर है। सूबे के सभी जनपदों में इस दिशा में तेजी से काम भी किया जा रहा है। रामनगरी में भी योगी सरकार दो लाख 97 हजार से अधिक घरों में नल से जल पहुंचाने की सारथी बनी। स्वच्छ पानी से काफी हद तक बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सकता है, इसी सोच पर कार्य करते हुए यहां 2203 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट स्वीकृत हो चुके हैं, इनमें से 1793 करोड़ रुपये खर्च कर अयोध्या के घर.घर तक योगी सरकार स्वच्छ जल भी मुहैया करा रही है। साथ ही शेष बचे घरों में भी स्वच्छ जल मुहैया कराने की तैयारी जोरों से चल रही है। यही नहींए इन कार्यों के जरिए योगी सरकार की प्राथमिकता गांवों में युवाओं को स्किल ट्रेनिंग देकर स्वावलंबी बनाना भी है।

## 2.97 लाख से अधिक घरों तक नल से पहुंच चुका स्वच्छ जल

योगी सरकार ने अयोध्या को दिव्य.भव्य व नव्य नगरी बना दिया है। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत यहां पर्यटकों की आमद भी काफी अधिक हो गई है। इस भव्यता के लिए सीएम योगी ने सभी विभागों को लक्ष्य दिया था। पर्यटन हो या संस्कृति, विकास प्राधिकरण हो या नगर निगम, हर विभाग को टास्क देकर उन्हें सर्वोच्च परिणाम देने का निर्देश सीएम योगी की तरफसे दिया गया है। इसी क्रम में अयोध्या में नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से भी युद्ध स्तर पर कार्य किया गया। यहां 344708 ग्रामीण घरों में से 297788 घरों तक कनेक्शन पहुंच गए हैं। अभी तक 2203 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अयोध्या के विकास के लिए दिए गए हैं। इसमें से 1793 करोड़ रुपये के कार्य कर इस योजना को मूर्त रूप दिया गया है। महिलाएं खुद ही पानी की शुद्धता की जांच कर सकें। इसके लिए एफटीके से उनकी मदद होगी। सिर्फ रामनगरी की ही बात करें तो अब तक यहां 5515 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। यह महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर पानी की क्वालिटी चेक कर रही हैं।

योगी सरकार का उद्देश्य है कि इसके जरिए आमजन को किसी पर आश्रित न रहना पड़ेए बल्कि प्रशिक्षित महिलाएं ही इसकी जांच कर मददगार साबित हों। वहीं योगी सरकार की तरफ से ही दो महिला प्लंबर को भी प्रशिक्षित कराया जा चुका है। योगी सरकार अयोध्या के गांवों को युवाओं को स्किल ट्रेनिंग भी दिला रही है। अब तक कुल 10322 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। 1589 प्लंबर, 1588 पंप ऑपरेटर, 1588 इलेक्ट्रिशियन, 1587 मोटर मैकेनिक, 1589 फिटर व 2381 राजमिस्त्री को स्किल ट्रेनिंग दी जा चुकी है। इसके साथ ही अन्य युवाओं को भी इससे जोड़कर स्वावलंबी बनाने और अपने ही जिले में रोजगार मुहैया कराने के संकल्प पर योगी सरकार तेजी से कदम बढ़ा रही है।

## छह दिन में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए श्रीरामलला के दर्शन

**लखनऊ/अयोध्या।** श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का जत्था अनवरत देखा जा सकता है। प्राण प्रतिष्ठा से लेकर अबतक छह दिनों में 15 लाख से अधिक रामभक्तों ने नव्य.भव्य मंदिर में दर्शन.पूजन कर किया है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देश पर गठित उच्चस्तरीय कमेटी की देखरेख में श्रद्धालुओं को सुगमता के साथ दर्शन.पूजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दिन यानी 23 जनवरी को मंदिर के पट भक्तों के लिए खुले तो लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। जानकारी के अनुसार रोजाना दो लाख से अधिक रामभक्त श्रीरामलला के दरबार में सुगमता पूर्वक पहुंचकर दर्शन.पूजन कर रहे हैं।

अयोध्या नगर से लेकर मंदिर परिसर में दिनभर जय श्रीराम का जयघोष गूंज रहा है। देश.विदेशए विभिन्न राज्यों और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन को पहुंच रहे हैं। वहीं रविवार को भी करीब दो लाख कि संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीरामलला के दर्शन किए।

### राम.लला प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या

23 जनवरी . पांच लाख'
24 जनवरी . दो लाख'
25 जनवरी . दो लाख'
26 जनवरी . ढाई लाख'
27 जनवरी . दो लाख'
28 जनवरी . दो लाख'

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 29 जनवरी, 2024



# खीरी में हुआ मिलेट्स रेसीपी जागरूकता का भव्य कार्यक्रम

- केंद्रीय गृहराज्य मंत्री ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ
- मिलेट्स व्यंजन कुकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**श्री** अन्न के उपयोग, महत्व के संबंध में जागरूकता पैदा करने, कृषकों, एफपीओ की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को वंदन गार्डन में मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस भव्य कार्यक्रम में एक तरफ जहां श्रीअन्न के पोषक मूल्य खेती-प्रसंस्करण पर चर्चा हुई। वहीं दूसरी तरफ जिले के नामचीन होटल व रेस्तरां सहित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों स्वयं सहायता समूह एफपीओ एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी मिलेट्स व्यंजनों की कुकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

रविवार को कृषि महकमे के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह संग दीप जलाकर किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र त्रिपाठी जीतू अरविंद सिंह संजय, डीजे कृषि अरविंद मोहन मिश्रा सहित कृषि महकमें के अफसर मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि श्री अन्न समृद्धि व समग्र विकास का माध्यम बन रहा है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी लाभ मिलेगा। श्री अन्न देश के किसानों के लिए समृद्धि का द्वार, देशवासियों के पोषण की आधारशिला है। पीएम ने मिलेट्स, मोटा अनाज को श्री अन्न कहकर प्रतिष्ठा दी है। श्री अन्न समूची दुनिया के लिए महत्वपूर्ण कृषि उत्पाद है। पोषक तत्वों से भरपूर श्री अन्न की खेती को सामान्य भूमि में किया जा सकता है। इसमें फर्टिलाइजर की आवश्यकता नहीं होती है। मिलेट्स का पौधा भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने



में योगदान करता है। साथ ही इसकी खेती पर्यावरण को भी संरक्षित करती है। उन्होंने कहा कि डीएम के नेतृत्व में कृषि महकमें की पूरी टीम के प्रयासों के चलते रेसिपी का जो अनूठा प्रदर्शन यहां हुआ, वह काबिले तारीफ है।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने विधायक योगेश वर्मा दम महेंद्र बहादुर सिंह के संग श्री अन्न व्यक्तिगत भोज्य पदार्थ, होटल/रेस्टोरेंट/कैटर्स भोज्य पदार्थ, समूह भोज्य पदार्थ, एफपीओ भोज्य पदार्थ और महाविद्यालय भोज्य पदार्थ के स्तर पर हुई प्रतियोगिताओं में अपनी रेसिपी के अनुसार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया। वही इंटरमीडिएट एवं स्नातक स्तर पर हुई श्री अन्न प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। रेसिपी प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में वाईडी कॉलेज की डॉ ज्योति पंत की अध्यक्षता में रॉयल प्रूडेंस कॉलेज डा0 अंशू वर्मा, गुरुनानक कन्या विद्यालय से श्रीमती शुभ्रा ने निभाई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मिलेट्स आधारित उत्पादन के उपयोग से थाली में जो पोषक तत्वों का अभाव है, उसे पूरा किया जा सकता है। बीमारियों से लड़ने में श्री अन्न की बड़ी भूमिका है। उन्होंने डीडी कृषि के नेतृत्व में आयोजित श्री अन्न रेसिपी कार्यक्रम के विजेता और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने मौजूद किसानों से श्री अन्न उत्पादन के लिए आगे आने का आवाह्न किया।

होटल रेस्टोरेंट कैटर्स भोज्य पदार्थ प्रतियोगिता में अतिथि रेस्टोरेंट प्रथम, फन मॉल द्वितीय, कंफर्ट इन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। समूह भोज्य पदार्थ में सुनीता देवी प्रथम, जेबा खान द्वितीय ज्योति मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एफपीओ भोज्य पदार्थ में ड्राइंग फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी प्रमुख डॉ प्रीति वर्मा ने प्रथम, जगदेव फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी प्रमुख अचल मिश्रा ने द्वितीय, कान्हा बाबू एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के अरविंद यादव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय भोज्य पदार्थ में रॉयल प्रूडेंस ने प्रथम युवराज दत्त ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में विघ्न डालने वालों पर होगी कार्रवाई: एसडीएम

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**बेघरों** को अपना घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना लागू की गई थी। घोषणा के साथ ही कई निगाहें इस योजना पर टिक गई। इस योजना का लाभ लेने वालों की भीड़ में कई ऐसे लोग भी खड़े हो गए जिन्हें अपात्र होने के बावजूद भी इस योजना का लाभ लेना था। लिहाजा ये लोग हर तरह से इस योजना के कर्ताधर्ताओं पर दबाव डालने लगे। आलम यह रहा कि इन लोगों ने उन्हें काम करना तक मुश्किल कर दिया। और अभी भी अपनी दूषित मंशा को पूरा करने में लगे हुए हैं।

योजना की क्रियान्वयन से जुड़े कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि योजना लागू होने के बाद से जाने कितने लोग अपना रुतबा ग़ालिब करने आ चुके हैं। कुछ ऐसे लोग थे जिन्हें किसी दूसरे अपात्र का घर पास करना था। कुछ ऐसे लोग थे जिन्होंने घर दिलाने के नाम पर कई लोगों से नजराना ले रखा था। यहां तक तो गनीमत थी लेकिन अब तो इस भीड़ में कुछ ऐसे लोग भी शामिल हो गए हैं जिनके घर या जमीन गांव में है लेकिन वह प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से लाभान्वित होने का ख्वाब पाले हुए हैं।

कुछ सर्वेयरों ने बताया कि ऐसे ही कुछ दबंग लोग अक्सर उन्हें सर्वे के दौरान मौके पर आकर या फोन करके अपनी उक्त जमीन पर आवास योजना का लाभ देने का दबाव बनाते रहते हैं। यह समझाने पर भी कि उक्त योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को नहीं दिया जा सकता है, इससे उनका कोई सरोकार नहीं होता है। वह धमकी देने लगते हैं कि अगर हमारी बात नहीं मानी तो हम योजना के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े करके तुम लोगों को मुश्किल में डाल देंगे।

योजना के जिम्मेदारो और सर्वेयरों का कहना है कि वह किसी प्रकार का विवाद खड़ा करना नहीं चाहते। योजना का क्रियान्वयन में अपने अंतिम चरण पर है। वह चाहते हैं कि पात्रों को जल्द से जल्द कर दिया जाए।

इस बाबत एसडीएम ने कहा कि किसी के भी दबाव बनाने से न तो शहरी योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में दिया जा सकता है और न ही ग्रामीण क्षेत्र की योजनाओं का लाभ शहरी क्षेत्र में दिया जा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से जुड़े लोगों से अपने दायित्वों का योजना के नियम अनुसार क्रियान्वयन करने की सलाह दी। साथ ही यह भी कहा कि यदि इस प्रकार का मामला उनके संज्ञान में आता है तो ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# इलाज के दौरान नवजात शिशु की मौत, अस्पताल प्रबंधन पर आरोप

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** नगर के भुसौरिया रोड नया बाईपास स्थित अस्पताल में 12 दिन पूर्व जन्में नवजात शिशु की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पीड़ित आशीष गुप्ता निवासी मुन्नुगंज अपने बच्चे को दिखाने भुसौरिया के पास नया बाईपास पर बने शनिवार की सुबह अस्पताल में दिखाने ले गया था, आशीष का कहना है कि बच्चे के कान व मुँह से खून निकला था जिसपर डॉक्टर ने इन्फेक्शन व खून की कमी बताया, डॉक्टर ने बताया कि बच्चे के शरीर मे खून कम है चढाना पड़ेगा उसके बाद फिर देखते है। शाम करीब चार बजे के आसपास बच्चे को खून भी चढ़ाया गया लेकिन कोई फायदा नजर नही आ रहा था। तबियत उसकी और भी बिगड़ती चली गयी। शाम करीब छह बजे बच्चे ने दम तोड़ दिया। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों से पैसे को लेकर कुछ कहा सुनी भी हुई। मृत बच्चे के पिता का कहना है कि अगर बच्चे की स्थिति सही नही हो पा रही थी तो हमारे बच्चे को रेफर क्यों नही किया गया जिससे बच्चे को हम और कहीं ले जाकर दिखा देते तो शायद बच्चे की मौत न हुई होती।

फिलहाल पीड़ित परिजनों ने खबर लिखे जाने तक गोला पुलिस को तहरीर नही दी गयी है इस संबंध मे अस्पताल के डॉ संदीप वर्मा का कहना कि बच्चा शनिवार की सुबह लगभग आठ या नौ बजे के आसपास आया था, बच्चे की हालत नाजुक थी,जिसकी जानकारी बच्चे के माता पिता को दे दी गयी थी। बच्चे की पल्स व हार्ट बीट कम थी जिसके अनुसार ऑक्सिजन व नली डाली गई थी और जरूरी दवाइयां दी गयी थी, ब्लड कम होने के कारण बच्चा बहुत ही गंभीर स्थित में था। करीब नौ घण्टे इलाज किया गया था।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गोला इंद्रजीत सिंह ने बताया कि जानकारी प्राप्त हुई थी तो मौके पर पुलिस बल भेजा गया था।

# शिव धनुष टूटते ही भक्तों ने लगाये जय श्रीराम के जयकारे

- गंगा मइया के गीत से गूंजा श्रीराम कथा पंडाल
- संवेदना सेवा न्यास की चल रही श्रीराम कथा

**संवाददाता।** फतेहपुर

**श्रीराम** कथा महोत्सव में कथा को आगे बढ़ाते हुये आचार्य शांतनु जी महाराज ने श्रीराम और जानकी के मिलन के अद्भुत प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। सीता स्वयंवर की कथा सुन भक्तों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाये। कथा के दौरान मानो तो मैं गंगा मां हूं न मानो तो बहता पानी गीत की मधुर धुन से भक्त मंत्रमुग्ध हो गये। श्रीराम कथा महोत्सव के चौथे दिन कथा सुनाते हुये शांतनु जी महाराज ने कहा कि धनुष यज्ञ के लिए रखे गए भगवान शिव के धनुष के भार और बल को देखते हुए जानकी द्वारा माता पार्वती से प्रार्थना करना, बिरह और मिलन



की उत्कंठा, प्रेम और आदर्श का स्वरूप है।

देश देशांतर के कोने-कोने से आए हुए बलशाली राजाओं द्वारा धनुष को नहीं उठा पाने पर राजा जनक दुखी हो गए। इसी बीच भगवान राम ने धनुष को तोड़कर जनक के दुख का निवारण किया। धनुष टूटते ही भगवान श्रीराम व जगत जननी जानकी का विवाह निश्चित हो गया था, क्योंकि विवाह की यही शर्त थी।

वहीं राजा जनक ने विधि-विधान से लोक रीति तथा वेद रीति को ध्यान में रखते हुए अपने एक प्रबुद्ध दूत को अयोध्या भेजकर महाराज दशरथ को आमंत्रण पत्र दिया। कथा के बाद आरती हुई और फिर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

राम कथा में प्रमुख यजमान सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक राकेश श्रीवास्तव के साथ पूर्व अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन हितेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ संयोजक सुधांशु श्रीवास्तव एवं रेखा श्रीवास्तव, शिव प्रताप सिंह चौहान, मुकेश श्रीवास्तव यजमान के रूप में मौजूद रहे।

इस दौरान नगर पंचायत किशनपुर चेयरमैन सुरेंद्र सोनकर, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी पंकज यादव, हरिओम रस्तोगी, कविता रस्तोगी, शैलेंद्र रघुवंशी, आयोजन समिति के संयोजक स्वरूप राज सिंह जूली, संवेदना सेवा न्यास के संस्थापक अध्यक्ष पंकज, ज्ञानेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, अनुराग त्रिपाठी, विशेष बाजपेई, नमामि गंगे संयोजक शैलेंद्र शरन सिंपल आदि भक्त मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### श्री विष्णु महायज्ञ में बही भक्ति की गंगा में सराबोर हुए भक्त

**कानपुर देहात।** रूरा कस्बे की प्रसिद्ध परम्परागत श्री विष्णु महायज्ञ के 29 वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित श्रीमदभागवत कथा, महाभारत कथा में बही भक्ति की गॅगा में भक्त सराबोर हुये, इससे पूर्व शुक्रवार को भारी संख्या में मौजूद महिलाओं की मौजूदगी में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया था। रूरा कस्बे में विगत 28 वर्षो से थाना ग्राउण्ड में श्री विष्णु महायज्ञ, श्रीमदभागवत, एवॅ विशाल मानस सॅगीत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को चैयरमैन रामजी गुप्ता की मौजूदगी में भव्य व दिव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया, कलश यात्रा में आयोजन समिति के अध्यक्ष केजी पाण्डेय, कार्यक्रम सॅयोजक मिण्टू पाण्डेय, राकेश शुक्ला, सॅचालक जगदीश नारायण शुक्ला जनक जी, भाजपा नेता बबलू कुशवाहा, पुच्चू अवस्थी, बृजेन्द्र द्विवेदी, शैलेन्द्र राजावत, प्रमोद शुक्ला, सहित कलश यात्रा में महिलाओं की भारी संख्या में भागीदारी रही।

### डीएम-एसपी ने की जनसुनवाई

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति जनपद कानपुर देहात द्वारा थाना अकबरपुर में जन-सुनवाई करते हुये थाने पर आये फरियादियों/पीड़ितों को बारी-बारी से सुना गया व उनकी समस्याओं के विधिक, नियमानुसार तथा समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने हेतु सर्व-सम्बन्धित को आदेशित/निर्देशित किया गया। इसी क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल के थानों पर जन-सुनवाई करते हुये पीड़ितों को न्याय का भरोसा दिलाते हुये प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु सर्व-सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

### दो दोस्तों ने अपने अपने घर मे लगाई फांसी

**कुरारा, हमीरपुर।** कुरारा के दो दोस्तों ने शनिवार देर रात फांसी लगा आत्महत्या कर ली। दोनों ही दोस्त शराब के लती थे। कस्बा कुरारा निवासी शैलेन्द्र सविता( 40) अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। वही जब रात में यह जानकारी मित्र अंकित कुशवाहा( 35) वर्ष को ये बात मालूम पड़ी तो उसने भी अपने घर मे साड़ी से फांसी लगा ली। शैलेन्द्र के पिता पुत्तन सविता ने बताया कि शैलेन्द्र हमीरपुर स्थित दीक्षित स्वीट के सामने राज हेयर कटिंग की दुकान में बाल काटने का काम करता था। शैलेन्द्र दो भाई थे जिसमे जितेंद्र उर्फजीतू छोटा है। शैलेन्द्र के दो बच्चे है अंकित की शादी नही हुई।

# समीक्षा के लिए आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा पोस्ट मास्टरों को मिला सम्मान

**संवाददाता।** फतेहपुर

**रविवार** को प्रधान डाकघर के प्रांगण में वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत खाता खोलने, आईपीपीबी के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा पोस्ट मास्टरों का सम्मान कार्यक्रम व सभी शाखा पोस्ट मास्टरों के कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डाकघर अधीक्षक अतुल कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सहायक डाक अधीक्षक लालता प्रसाद साहू ने अधीक्षक का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। कार्यक्रम के दौरान सहायक अधीक्षक डाक केंद्रीय उप मंडल, निरीक्षक डाक खागा एवं बिंदकी उपमंडल ने उपमंडल में किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए योजनाओं पर चर्चा की।

अधीक्षक ने डाकघर की संचालित विभिन्न योजनाओं पर




प्रकाश डालते हुए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अच्छा प्रदर्शन करने वाले शाखा पोस्ट मास्टरों को पुरस्कृत किया। जिसमें पीओएसबी खातों में शाखा पोस्ट मास्टर चक कोर्रा राशिद अली, कोराई कौशल कुमार, नौगांव ज्ञानेंद्र नाथ तिवारी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। बीमा के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कार्यवाहक शाखा पोस्ट मास्टर आलमगंज श्रेष्ठ गुप्ता, डाक सेवक धाता राकेश कुमार सिंह व राशिद अली क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

इसी तरह सीईएलसी में शाखा पोस्ट मास्टर सेमरा मानपुर आयुष द्विवेदी, सुनील कुमार एंदीपुर व महोई धीरज कुमार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह अन्य योजनाओं में भी शाखा पोस्ट मास्टरों को सम्मान मिला। अधीक्षक ने शाखा पोस्ट मास्टरों को आगामी वित्तीय वर्ष में अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। विभिन्न योजनाओं की बारीकियों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मंडल के सभी शाखा पोस्ट मास्टर, डाक अधिदर्शक, मंडलीय कार्यालय, प्रधान डाकघर स्टाफ मौजूद रहा।

# जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रबंधकों को किया सम्मानित



**खागा, फतेहपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने सीएचसी बिंदकी व रायसिना हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना के बेहतर प्रदर्शन एवं सराहनीय कार्य करने में सर्वश्रेष्ठ रहे हॉस्पिटलों के प्रबंधकों को सम्मानित किया। बताते बताते चले कि इलाहाबाद-कानपुर के बीच पुरइन मोड हाईवे स्थित रायसिना हॉस्पिटल में सौ बेड व वातानुकूलित एवं स्वच्छ व संपूर्ण सुविधाओं को देखते हुए एवं आयुष्मान भारत के प्रति कार्य करने में सफल रहे रायसिना हॉस्पिटल के प्रतिनिध विजय सिंह को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने हॉस्पिटल के प्रतिनिध को आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमेशा ऐसे ही अच्छे व ईमानदारी से कार्य करना चाहिए।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा महिलाओं को किया गया जागरूक

- महिलाएं संकटकाल मे लें हेल्पलाइन नंबरों की मदद

**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज

**उच्चाधिकारियों** के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों पर मिशन शक्ति अभियान चलाते हुये आने जाने बालीम महिलाओं को हेल्पलाईन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। बताया कि महिलायें संकटकाल में हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करें। रविवार को कोतवाली निरीक्षक जेपी शर्मा के नेतृत्व में महिला आरक्षियों द्वारा नगर के जीटी रोड, तिर्वारोड, रेलवे रोड सहित रेलवे स्टेशन पर आने जानें बाली महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही बूमेन पॉवर लाईन 1090, डायल 112, ऑपरेशन कवच की जानकारी देकर जागरूक किया। बताया कि आप लोग अपनी समस्याओं को उन



हेल्पलाइन नंबरों पर दर्ज करा कर अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सकती हैं। कहा की अगर किसी भी महिला का किसी प्रकार से शोषण किया जाता है तो वह अपनी शिकायत संबंधित कोतवाली या थाने में करें। कहा कि किसी भी महिला को डरने की जरूरत नहीं है। इस मौके आरक्षी प्रियंका, राखी, रोशनी बालियान, विजय सिंह आदि मौजूद रहीं।

## महिला पर जानलेवा हमला कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश के चलते महिला के साथ एक युवक नें घर में घुसकर अभद्रता व मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया तथा धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली निरीक्षक को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम जयसिंह पुर्वा निवासी रिंकी देवी पत्नी संजय उर्फसंदीप द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि शनिवार की शाम वह अपने घर में थी। तभी रिश्तेदारी में आये युवक ने उसके घर में घुसकर अभद्रता शुरू कर दी। जिसका विरोध करने पर उक्त युवक नें धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया।

# लोक अदालत वरिष्ठ सदस्य गणेश सिंह को दी गई विदाई



**हमीरपुर।** स्थायी लोक अदालत के वरिष्ठ सदस्य गणेश सिंह को आज कोर्ट परिसर में भावभीनी विदाई दी गयी। स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष/न्यायाधीश उमेश चंद्र श्रीवास्तव ने उन्हें विनम्र, हँसमुख, मिलनसार, मददगीर और संतोषी स्वभाव का बताते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। पीएलए के अध्यक्ष उमेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि गणेश सिंह द्वारा पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य उनकी असीमित कार्य क्षमता का उत्कृष्ट प्रमाण है। वहीं दूसरे सदस्य ईश्वरी प्रसाद यादव ने कहा कि गणेश सिंह को इसके पूर्व तत्कालीन जनपद न्यायाधीश द्वारा फैमिली वेलफेयर कमेटी का सदस्य बनाया गया तब उन्होंने दहेज़ के मामलों में अनगिनत बिखरे परिवारों को पुनः बसाने का पुरजोर प्रयास किया।

# 5 बीघा भूमि पर अवैध कब्जा: अंत्येष्टि स्थल के लिए भी जमीन छोड़ने को तैयार नहीं दबंग

- एसडीएम ने दिया कानूनी कार्रवाई का आश्वासन

**संवाददाता।** मौदहा, हमीरपुर

**भले** ही एंटी भू माफिया अभियान का बढ़चढ़ कर प्रचार प्रसार करते हुए इसकी निष्पक्षता के कसीदे पढ़े जा रहे हों किंतु धरातल में बेखौफ भू माफिया सरकारी जमीनों पर ही कब्जा करने के बाद सवाल उठाने वाले जनप्रतिनिधियों सहित सरकारी नुमाइंदों को भी लठ्ठ के दम पर खदेड़ रहे है। ताजा मामला सिसोलर थाना अंतर्गत ग्राम भुलसी का है। जहां ग्राम समाज की लगभग 5 बीघा भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए ग्राम प्रधान ने अंत्येष्टि स्थल के लिए लगभग एक बीघा भूमि दबंग भू माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराने की गुहार उपजिलाधिकारी से पुनः लगाई है।

भुलसी ग्राम प्रधान लल्लू राम द्वारा बताया गया कि उसके गांव में अंत्येष्टि स्थल की सख्त आवश्यकता है। जिसके लिए भूमि प्रबंध समिति ने ग्राम समाज की भूमि चिन्हित कर लेखपाल से भूमि की नापजोख कराई व लगभग एक बीघा भूमि पर अंत्येष्टि स्थल का प्रस्ताव स्वीकृत करने के बाद कार्य भी प्रारंभ करा दिया गया किंतु गांव के ही दबंग करण सिंह, भीम सिंह, राजू सेंगर,लवकुश सिंह, लाखन सिंह व बाबा सिंह आदि ने ग्राम समाज की इस भूमि पर अंत्येष्टि स्थल बनने पर आपत्ति जताते हुए काम रुकवा दिया है। ग्राम प्रधान का आरोप है कि ग्राम समाज की लगभग 5 बीघा भूमि पर गांव के ये दबंग अवैध कब्जा कर फसल उगा रहे हैं व अंत्येष्टि स्थल के लिए भी एक बीघा भूमि छोड़ने को तैयार नहीं।

जिसकी शिकायत उसने उपजिला अधिकारी मौदहा सहित संबंधित अधिकारीयों से कई बार की व जिला पंचायत राज अधिकारी हमीरपुर के कहने पर सिसोलर थाने में उक्त आरोपियों के विरुद्ध शिकायती पत्र सौंपते हुए कार्रवाई की मांग भी की किंतु दबंगों के रसूख के आगे थाना प्रभारी भी अंत्येष्टि स्थल का काम शुरू करवाने में असफल दिखाई दे रहे है। जिसके चलते उपजिलाधिकारी मौदहा से ग्राम समाज की भूमि दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने की गुहार पुनः लगाई है ताकि ग्रामीणों की मांग पर उन्हें एक अंत्येष्टि स्थल की सुविधा दी जा सके। उप जिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और उन्हें जानकारी मिली है कि जिस जगह अंत्येष्टि स्थल बनाया जा रहा है वहां ग्रामीणों का विरोध है।

जबकि ग्राम समाज की पांच बीघा भूमि पर भूमाफियाओं का अवैध कब्जा है , इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। जांच उपरांत तथ्यों के आधार पर अंत्येष्टि स्थल का समाधान कराया जाएगा और यदि जांच में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा पाया जाता है तो नियमानुसार ग्राम समाज की भूमि कब्जा मुक्त करवाते हुए कब्जेधारको पर भी विधिक कार्यवाही की भी जाएगी।

# लोकसभा चुनाव में सपा की सफलता हेतु कमर कसें युवा: वीरेन्द्र यादव



**संडीला, हरदोई।** आगामी लोकसभा चुनाव में क्षेत्र से सपा प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए सपा नेताओं ने व्यापक मंथन किया। पूर्व विधान सभा अध्यक्ष आरपी यादव के संयोजन में आयोजित इस बैठक में जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह उर्फ वीरय यादव ने कहा कि सभी सपा के कार्यकर्ताओं को संगठित होकर जनसमस्याओं के लिए संघर्ष करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए संकल्प लेना है। इसके लिए सभी को पार्टी के जनाधार विस्तार और प्रदेश और देश में सत्तारूढ़ पार्टी की जनविरोधी नीतियों के विषय में विस्तार से जनता को जागरूक किए जाने की आवश्यकता है।

इसी अवसर पर बालामऊ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी तिलक चंद्र पासी ने कहा कि सभी को संगठित होना है और भाजपा की देश विरोधी तथा देश में बेरोज़गारी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिए जाने वाली नीतियों के प्रति जागरूक किए जाने की आवश्यकता है। इसी अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता एवं उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अभिषेक दीक्षित ने कहा कि युवा वर्ग के कंधों पर सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्हें संगठित होकर जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए खड़ा होना है।

# शाखा प्रबंधकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**फतेहपुर।** डिस्ट्रिक कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में गणतंत्र दिवस पर शाखा के व्यवसाय को गति और सबलता प्रदान करने वाले जनपद में सर्वाधिक कृषकों को कृषि कार्य हेतु शाखा से सीधे केसीसी ऋण वितरण करने का सराहनीय कार्य करने वाले तीन शाखाओं के प्रबंधको को बैंक के अध्यक्ष प्रभुदत्त दीक्षित व सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा ने ऋण वितरण निक्षेप एवं वसूली में कर्मठता के साथ कार्य करने वाली शाखाओं के प्रबंधकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शाखा प्रबंधक खखरेरू देशराज केसकर, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले शाखा प्रबंधक धाता विनीत कुमार सिंह व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शाखा प्रबंधक जाफरगंज पवन कुमार गौतम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रथम स्थान पाने वाले देशराज केसकर ने बताया कि शाखा में आने वाले सभी ग्राहकों का सम्मान किया जाता है और उन्हें सरकार की सभी योजनाओं को बताकर जागरूक किया जाता है।

# संस्कार भारती भरत मुनि का स्मृति दिवस धूमधाम से मनाएगी



**फर्रुखाबाद।** संस्कार भारती की साधारण सभा बैठक का आयोजन किया गया बैठक में गत कार्यवाही की पुष्टि एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा की समीक्षा और आगामी कार्यक्रम भरतमुनि स्मृति दिवस को धूमधाम के साथ मनाएं जाने पर विचार विमर्श किया गया।

रविवार को नगर के वृंदावन गली स्थित भरतमुनि स्मृति दिवस कार्यक्रम की संयोजक प्रीति तिवारी के निवास पर आयोजित बैठक का शुभारंभ भगवान नटराज का आवाह्न कर संस्था के ध्येय गीत से हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा में जन सहभागिता अच्छी रही सामाजिक संस्थाओं और विद्यालयों छात्र-छात्राओं कला साधकों ने पूरे उत्साह के साथ सम्मिलित होकर सफल बनाया उन्होने यात्रा के संयोजक अमन अवस्थी और टीम को बधाई दी। आगामी कार्यक्रम भरतमुनि स्मृति दिवस को धूमधाम साथ मनाएं जाने पर चर्चा की गई, संयोजक प्रीति तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम को अच्छे से करने का पूरा प्रयास रहेगा इकाई के साथ बैठक कर रणनीति बनाएंगे। नाटक नारी प्रधानता, सामाजिक समरसता, पर आधारित करने का प्रयास होगा।

# सशक्त न्यायिक प्रणाली विकसित भारत का हिस्सा है: प्रधानमंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरकार वर्तमान संदर्भ को ध्यान में रखते हुए कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है और ए कानून भारत को भविष्य में और मजबूत करेंगे। उच्चतम न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक न्याय कानून बनने से भारत की कानूनी, पुलिस और जांच प्रणाली ने एक नए युग में प्रवेश कर लिया है।

उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि सैकड़ों साल पुराने कानूनों से नए कानूनों की ओर प्रवेश सुचारू हो। इस संबंध में, हमने सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्य पहले ही शुरू कर दिया है। मोदी ने उच्चतम न्यायालय से अन्य हितधारकों के क्षमता निर्माण की दिशा में काम करने के लिए आगे आने का आग्रह किया।उन्होंने कहा, सशक्त न्यायिक प्रणाली विकसित भारत का हिस्सा है। सरकार लगातार काम कर रही है और भरोसेमंद न्यायिक प्रणाली बनाने के लिए कई फैसले ले रही है। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में उठाया गया कदम है। भविष्य में इससे न्यायिक प्रणाली पर अनावश्यक बोझ कम होगा। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता संबंधी कानून से अदालतों पर बोझ कम होगा क्योंकि इससे वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र में सुधार होगा।

उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने भारत के जीवंत लोकतंत्र को मजबूत किया है और व्यक्तिगत अधिकारों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कई महत्वपूर्ण फैसले दिए हैं जिससे देश के सामाजिक-राजनीतिक परिवेश को नई दिशा मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की आज की आर्थिक नीतियां कल के उज्ज्वल भारत का आधार बनेंगी और आज भारत में जो कानून बन रहे हैं, वे कल के उज्ज्वल भारत को और मजबूती प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा, आज बनाए गए कानून भारत के भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे।



वैश्विक स्तर पर हो रहे परिवर्तनों के साथ, दुनिया की निगाहें भारत पर टिकी हैं, क्योंकि भारत में दुनिया का विश्वास मजबूत हो रहा है। ऐसे समय में भारत के लिए जरूरी है कि वह हर अवसर का लाभ उठाए। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि पिछले सप्ताह सरकार ने उच्चतम न्यायालय की इमारत के विस्तार के लिए 800 करोड़ रूपए की मंजूरी दी। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, बस अब आप लोगों के पास कोई संसद भवन (निर्माण) की तरह याचिका लेकर ना आ जाए कि फिजूल खर्ची हो रही है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि नई संसद भवन परियोजना को अदालतों में चुनौती दी गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने रेखांकित किया कि जीवन की सुगमता, व्यापार करने में आसानी, यात्रा और संचार और न्याय में आसानी राष्ट्र की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने कहा, न्याय में सुगमता हर भारतीय नागरिक का अधिकार है और भारत का उच्चतम न्यायालय, इसका माध्यम है। डिजिटल प्रारूप में निर्णयों की उपलब्धता और स्थानीय भाषाओं में उच्चतम न्यायालय के फैसले का अनुवाद करने की परियोजना की शुरुआत पर खुशी व्यक्त करते हुए, मोदी ने देश की अन्य अदालतों में भी इसी तरह की व्यवस्था की उम्मीद जताई।

उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से शुरुआत में दिक्कतें हो सकती हैं, लेकिन यह न्याय वितरण में सुधार के लिए क्षितिज का विस्तार करती है। मोदी ने इस बात का भी जिक्र किया कि उच्चतम न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम फातिमा बीवी को हाल ही में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, उच्चतम न्यायालय के अन्य न्यायाधीश, शीर्ष विधि अधिकारी और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी इस मौके पर मौजूद थे। मोदी ने नागरिक-केंद्रित सूचना और प्रौद्योगिकी पहल भी शुरू की जिसमें डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट (डिजी एससीआर), डिजिटल कोर्ट 2.0 और सुप्रीम कोर्ट की एक नई वेबसाइट शामिल है।

## न्यायपालिका को स्थगन की संस्कृति और लंबी छुट्टी के मुद्दे का भी करना होगा समाधान : प्रधान न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने रविवार को स्थगन की संस्कृति और लंबी छुट्टियो का मुद्दा उठाते हुए कहा कि एक संस्था के रूप मे प्रासंगिक बने रहने की न्यायपालिका की क्षमता के लिए जरूरी है कि वह चुनौतियो को पहचाने और कठिन संवाद शुरू करे। उन्होने हाशिए पर मौजूद वर्गो का प्रतिनिधित्व बढ़ाने और पहली पीढ़ी के वकीलो को समान अवसर प्रदान करने पर भी जोर दिया।प्रधान न्यायाधीश शीर्ष अदालत की स्थापना के हीरक जयंती वर्ष के उद्घाटन के अवसर पर



उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने भारत मे हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनो पर भी प्रकाश डाला और कहा कि कानूनी पेशे मे पारंपरिक रूप से महिलाओ का प्रतिनिधित्व कम रहता था, लेकिन अब जिला न्यायपालिका के कार्यबल मे उनकी हिस्सेदारी 36.3 प्रतिशत है।प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने समाज के विभिन्न वर्गो को कानूनी पेशे मे शामिल करने का आह्वान किया। उन्होने रेखांकित किया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व बार और पीठ दोनो मे काफी कम है। प्रधान न्यायाधीश(सीजेआई) ने इसे देश के इतिहास मे एक महत्वपूर्ण अवसर करार देते हुए कहा कि अब भारत मे महिलाओ को महत्वपूर्ण पदो पर देखा जा सकता है। उन्होने कहा, समाज मे हाशिए पर मौजूद वर्गो के व्यापक समावेश पर ध्यान केंद्रित किया गया है। युवा आबादी का अपने पेशेवर जीवन मे सफल होने का आत्मविश्वास भी उतना ही प्रेरणादायक है। उच्चतम न्यायालय 28 जनवरी, 1950 को अस्तित्व मे आया। वर्तमान भवन मे स्थानांतरित होने से पहले यह संसद भवन से कार्य करता था। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, परंपरागत रूप से कानूनी पेशा कुलीन पुरुषो का माना जाता था। समय बदल गया है। पेशे मे परंपरागत रूप से कम प्रतिनिधित्व वाली महिलाएं, अब जिला न्यायपालिका की कामकाजी ताकत का 36.3 प्रतिशत है। प्रधान न्यायाधीश ने न्यायपालिका को प्रभावित करने वाले संरचनात्मक मुद्दो, जैसे लंबित मामलो, पुरानी प्रक्रियाओ और स्थगन की संस्कृति को भी रेखांकित किया। उन्होने जोर देकर कहा कि निकट भविष्य मे इन मुद्दो का समाधान किया जाना चाहिए।उन्होने कहा, न्यायाधीशो और प्रशासको के रूप मे हमारा प्रयास जिला न्यायपालिका की गरिमा सुनिश्चित करना होना चाहिए, जो नागरिको के लिए संपर्क का पहला बिंदु है। एक संस्था के रूप मे प्रासंगिक बने रहने की हमारी क्षमता के लिए जरूरी है कि हम चुनौतियो को पहचाने और कठिन संवाद शुरू करें। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि स्थगन संस्कृति से पेशेवर संस्कृति की ओर बढ़ने की तत्काल आवश्यकता है।होंने कहा, दूसरा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लंबी मौखिक दलीलो के कारण न्यायिक परिणामो मे असीम देरी न हो। तीसरा, कानूनी पेशे मे आए पहली पीढ़ी के वकीलो चाहे पुरुष हो या महिलाएं या हाशिए पर रहने वाले अन्य लोग को समान अवसर प्रदान करना चाहिए, जिनके पास इच्छाशक्ति और सफल होने की क्षमता है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, चौथा, लंबी छुट्टियों पर बातचीत शुरू करें और इसपर चर्चा करें कि क्या वकीलो और न्यायाधीशो के लिए लचीले समय जैसे विकल्प संभव हैं।

# बरेली में पांच परिजनों की संदिग्ध हालात में आग में झुलसकर मौत

**बरेली।** बरेली जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर कस्बा फरीदपुर में एक ही परिवार के पांच लोगों की घर में लगी आग में जिंदा झुलसकर मौत हो गई। मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल थे। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले पर गहरा दुख प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। पुलिस के अनुसार अजय गुप्ता उर्फ टिंकल पेशे से हलवाई थे और वह अपने परिवार के साथ तीन वर्ष से फरीदपुर के मोहल्ला फर्खपुर में एक रिश्तेदार के मकान में किराए पर रहते थे। शनिवार रात सभी लोग एक ही कमरे में सोए थे। तड़के पड़ोसियों ने घर से धुआं निकलता देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था और ताला लगा हुआ था। पुलिस दरवाजा तोड़कर कमरे में दाखिल हुई। अंदर पांच शव झुलसी हुई अवस्था में पड़े थे। कमरे में रखा सारा सामान जल चुका था। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन व रिश्तेदार पहुंच गए। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार-रविवार रात की है। रविवार सुबह सूचना मिलने पर बरेली के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) घुले सुशील चंद्रभान भी घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर मौजूद एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि फरीदपुर कस्बे में अजय गुप्ता उर्फ टिंकल (38), पत्नी अनीता (36), बेटा दिव्यांश (नौ), बेटी दिव्यांका (छह) और सबसे बेटा दक्ष (तीन) की जिंदा जलकर मौत हो गई।

एसएसपी ने बताया कि गुप्ता के घर में बाहर से ताला लगा हुआ था और प्रतीत होता है कि घटना के वक्त सभी पीड़ति घर के अंदर ही थे। पुलिस घटना के संबंध में गंभीरता से हर पहलू से जांच कर रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने बरेली जिले में अग्निकांड में हुई जनहानि पर गहरा दुख प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री ने प्रभु श्री राम से दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना की है। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की है। मृतकों के दाह संस्कार का पूरा खर्च जिला प्रशासन वहन करेगा।

# भीषणतम भूकंप को भी झेल सकता है अयोध्या का राम मंदिर : वैज्ञानिक

**नई दिल्ली।** अयोध्या में नवनिर्मित भव्य राम मंदिर को उस भीषणतम भूकंप को भी झेलने के लिए डिजाइन किया गया है जिसके 2,500 वर्षों में एक बार आने की आशंका होती है। वैज्ञानिकों ने यह जानकारी दी। अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई है और यहां बड़ी संख्या में रोजाना श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान से संबद्ध केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीबीआरआई) रुड़की ने अयोध्या के मंदिर स्थल पर कई वैज्ञानिक अध्ययन किए हैं जिनमें भू-तकनीकी विश्लेषण, नींव डिजाइन पुनरीक्षण और 3 डी संरचनात्मक विश्लेषण और डिजाइन शामिल हैं। सीएसआईआर-सीबीआरआई के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक देबदत्ता घोष ने पीटीआई-भाषा को बताया कि भीषणतम भूकंप से मंदिर की संरचनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक अध्ययन किया गया था। सीएसआईआर-सीबीआरआई में संरचनाओं के संरक्षण के लिए उत्कृष्टता केंद्र के समन्वयक घोष और मनोजीत सामंत ने नींव की डिजाइन, 3 डी संरचनात्मक विश्लेषण और राम मंदिर के डिजाइन की समीक्षा और निगरानी करने के लिए गठित टीम का नेतृत्व किया था। इन वैज्ञानिकों का सीएसआईआर-सीबीआरआई के निदेशक प्रदीप कुमार रामंचरला और उनके पूर्ववर्ती एन गोपालकृष्णन ने मार्गदर्शन किया था। घोष ने बताया कि 50 से अधिक कंप्यूटर मॉडलों का अनुकरण करने और सुरक्षा के लिए विभिन्न स्थितियों के तहत उनका विश्लेषण करने के बाद संरचनात्मक डिजाइन की सिफारिश की गई थी।

## प्रदेश सरकार हर जिले में एक मेडिकल कालेज खोलने को तेजी से कर रही कार्य: पाठक

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार प्रतएक जनपद में एक मेडिकल कालेज खोलने के लिए तेजी से कार्य कर रही है और प्रतएक मेडिकल कालेज के साथ एक नर्सिंग कालेज भी खोला जाएगा। उत्तर प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग संभाल रहे पाठक ने यहां लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कालेज के स्थापना दिवस के अवसर पर दीक्षान्त समारोह एवं महाविद्यालय वार्षिकोत्सव को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। पाठक ने कहा कि आज भारत वह सब कुछ कर सकता है जो विश्व में एक विकसित राष्ट्र कर सकता है।

## राम के जन्म से संबंधित बड़ी देवकली मंदिर अयोध्या में बना आकर्षण का नया केंद्र



**अयोध्या।** नवनिर्मित भव्य राम मंदिर में रामलला के नवीन विग्रह की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां बड़ी देवकाली मंदिर श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बन गया है। बड़ी देवकाली मंदिर, भगवान राम की कुलदेवी को समर्पित है। मान्यता है कि भगवान राम के जन्म के बाद उनकी मां कौशल्या अपने पूरे परिवार के साथ इस मंदिर में आई थीं। मौजूदा ढांचा कई दशक पुराना है और मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा, राम नवमी और नवरात्र पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुटती थी लेकिन हनुमान गढ़ी मंदिर की तरह यह श्रद्धालुओं के बीच बहुत लोकप्रिय नहीं था। बड़ी देवकाली मंदिर के मुख्य पुजारी सुनिल पाठक ने पीटीआई-भाषा को बताया, प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है। पहले बड़ी देवकाली मंदिर में रोजाना औसतन 50-60 श्रद्धालु आते थे लेकिन नौ नवंबर, 2019 को उच्चतम न्यायालय द्वारा राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण का रास्ता साफ किए जाने के बाद यह संख्या रोजाना 500 तक पहुंच गई। उन्होंने कहा, प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। बढ़ती भीड़ को संभालने के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं। मंदिर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पाठक ने बताया, बड़ी देवकाली मंदिर में तीन देवियों – महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती का संयुक्त विग्रह स्थापित है। देवी, भगवान राम के पूर्वज राजा रघु के सपने में प्रकट हुईं और युद्ध में विजई होने के लिए उन्हें एक यज्ञ अनुष्ठान करने का निर्देश दिया। राजा रघु ने यज्ञ किया और युद्ध में विजई हुए। फिर उन्होंने बड़ी देवकाली के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कराई। मान्यता है कि भगवान राम के जन्म के बाद उनकी मां कौशल्या अपने पूरे परिवार के साथ मंदिर में आई थीं। अयोध्या स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर के महंत राजू दास ने पीटीआई-भाषा को बताया, बड़ी देवकाली मंदिर का महत्व यह है कि इसकी स्थापना भगवान राम से पहले की गई थी। वह भगवान राम की कुल देवी हैं। देवी माता की पूजा के बिना कोई भी काम संभव नहीं है। गोंडा जिले के निवासी मिट्ठू लाल ने कहा, जब भी मैं अयोध्या आता हूं, मैं इस मंदिर के दर्शन करने की पूरी कोशिश करता हूं।

# युवाओं को दिख रहीं अयोध्या में रोजगार की अपार संभावनाएं



**अयोध्या।** अयोध्या में भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां रोजगार की अपार संभावनाएं दिखने लगी हैं और इस शहर के युवा भविष्य में मिलने वाले अवसर का लाभ उठाना चाहते हैं।देश की शीर्ष अदालत ने 2019 में जब अपने ऐतिहासिक फैसले में अयोध्या के विवादित स्थान पर राम मंदिर के निर्माण का आदेश दिया था, तब दिलीप पांडेय दिल्ली में एक कपड़ा फर्म में दर्जी का काम करते थे। अयोध्या के मूल निवासी, पांडेय 2020 में कोविड-19 की पहली लहर में अपने घर लौट आए थे और तभी उन्होंने अवसर को भांप लिया था तथा कभी वापस न लौटने का फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलला के बाल स्वरूप के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हुई और अब लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन दर्शन के लिए यहां उमड़ रहे हैं। दिलीप पांडेय वर्तमान में एक छोटी परिवहन कंपनी संचालित करते हैं जो देश के विभिन्न हिस्सों से अयोध्या आने वाले लोगों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराती है। नवनिर्मित राम मंदिर के उद्घाटन के साथ पांडेय (28) ने अब अयोध्या आने वाले भक्तों की भीड़ की जरूरतों को पूरा करने के लिए व्यवसाय का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित किया है। पांडेय ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा,"वर्तमान में मेरे पास तीन मध्यम आकार की वैन हैं, जिन्हें आगंतुक अयोध्या के चारों ओर यात्रा करने के लिए किराए पर लेते हैं। भक्तों की संख्या में वृद्धि के साथ, मैंने भक्तों के लिए दो एसयूवी खरीदने के लिए ऋण लेने की योजना बनाई है"हालांकि पढ़ाई में रुचि होने के बावजूद उन्होंने नौकरी शुरू करने के लिए अयोध्या में कॉलेज के प्रथम वर्ष की पढ़ाई छोड़ दी। उन्होंने कहा, "कुछ साल पहले अयोध्या हमारे लिए कुछ पुराने मंदिरों से ज्यादा कुछ नहीं थी। मुझे यहां कोई अवसर नहीं दिख रहा था इसलिए काम की तलाश में यह जगह छोड़ने का फैसला किया। मुझे लगता है कि अब स्थिति बदल गई है" पांडेय की तरह, मंदिर शहर के युवा भविष्य में मिलने वाले अवसर को देखते हैं और यहां इसका लाभ उठाना चाहते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, सेवा उद्योग में विशेष रूप से पर्यटन से जुड़े क्षेत्रों में अवसर मौजूद हैं।स्थानीय लोगों को इसकी संभावना तब दिखी, जब प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अगले दिन मंगलवार (23 जनवरी) को दुनिया भर से पांच लाख से अधिक भक्तों ने दर्शन किए। मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों के अनुसार, सप्ताह के अंत तक आगंतुकों की संख्या 10 लाख तक पहुंच गई। इस शहर के अधिकांश होटलों के कमरे मार्च तक आरक्षित हो गए हैं, जिससे विभिन्न हिस्सों से आने वाले लोगों को आसपास के जिलों बाराबंकी, बस्ती और यहां तक कि लखनऊ और गोरखपुर में आवास की तलाश करनी पड़ रही है।

# पेज 1 का शेष

## बिहार में...

विजय कुमार चौधरी, विजेंद्र यादव और श्रवण कुमार ने भी मंत्री पद की शपथ ली। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों पर एक-दो दिन में फैसला हो जाएगा। नीतीश कुमार ने एनडीए के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन का जिक्र करते हुए कहा, हम साथ रहेंगे, आठ नेताओं ने आज मंत्री पद की शपथ ली और बाकी को जल्द ही शामिल किया जाएगा। सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया गया है। अपने पूर्व उपमुख्यमंत्री व राजद नेता तेजस्वी यादव के बयान जेडीयू 2024 में खत्म हो जाएगा के जवाब में नीतीश ने कहा, हम बिहार के विकास और प्रगति के लिए काम करते हैं। हम यही करते रहेंगे, और कुछ नहीं, तेजस्वी कुछ नहीं कर रहे थे। अब मैं वहीं वापस आ गया हूं जहां पहले था (एनडीए में) और अब कहीं जाने का सवाल ही नहीं उठता। नीतीश कुमार ने इससे पहले दिन में यह कहते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था कि विपक्षी दलों का इंडिया महागठबंधन ठीक तरीके से काम नहीं कर रही थी। नीतीश कुमार के पदग्रहण समारोह का महागठबंधन के सहयोगी राजद ने बहिष्कार किया, जबकि एक अन्य पूर्व सहयोगी कांग्रेस अनुपस्थित रहे। जद (यू) सुप्रीमो ने पहली बार 2000 में राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, लेकिन उनकी सरकार एक सप्ताह में ही गिर गई। मई 2014 में, उन्होंने पद छोड़ा था, लेकिन आठ महीने बाद नवंबर 2015 में सीएम के रूप में अपने तत्कालीन शिष्य जीतन राम मांझी को हटाकर वापस लौटे, जब जेडी (यू), राजद और कांग्रेस के गठबंधन ने विधानसभा चुनाव जीता। 2017 में, उन्होंने भाजपा के साथ नई सरकार बनाने के लिए इस्तीफा दे दिया। 2020 के विधानसभा चुनावों के बाद वह फिर से सीएम के रूप में लौटे, जिसमें एनडीए ने जीत हासिल की, लेकिन जेडी (यू) ने खराब प्रदर्शन किया, जिसका दोष चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पर लगाया गया, जो वर्तमान में एनडीए गठबंधन का स्वाभाविक सदस्य है। शपथ समारोह के बाद मीडिया से बात करते हुए नड्डा ने कहा, यह रिकॉर्ड है कि जब भी एनडीए बिहार में सरकार बनाता है, स्थिरता और विकास में लंबी छलांग लगती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी और अगले विधानसभा में बिहार में फिर से सरकार बनाएगी। लेकिन अपने नवीनतम बदलाव के साथ, जेडीयू की तुलना में भाजपा विधायकों की दोगुनी संख्या को देखते हुए, नीतीश बिहार में एक कमजोर राजनीतिक नेता बन गए हैं और नीतीश भाजपा के पाले में आ गए हैं। भाजपा पर नीतीश कुमार की टिप्पणी का एक पुराना वीडियो रविवार को फिर से सामने आया जब उन्होंने कहा था, मर जाना कुबूल है, उनके (भाजपा) साथ जाना हमको कभी कुबूल नहीं है, ये अच्छी तरह समझ लीजिये। हमें कभी स्वीकार्य नहीं है, इसे समझें)।

## इंडिया...

कांग्रेस की 20 सीटों की मांग के विपरीत उसे 11 सीटें देने की घोषणा की है। नीतीश कुमार ने रविवार सुबह अपना इस्तीफा देने के बाद कहा कि इंडिया गठबंधन में चीजें काम नहीं कर रही हैं। गठबंधन में मुख्य भूमिका निभाते हुए, कांग्रेस ने कहा कि उसे पता था कि बिहार में क्या चल रहा है, लेकिन भारतीय गुट के हित में उसने पहले इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। जदयू के इस आरोप पर पलटवार करते हुए कि कांग्रेस ने कहा, नीतीश कुमार ने बार बार अपमान किया, कांग्रेस ने कहा कि अगर नीतीश कुमार रहना चाहते तो रहते, लेकिन वे एनडीए में शामिल होना चाहते थे। कांग्रेस ने कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने नीतीश कुमार तक पहुंचने की कोशिश की लेकिन वे असफल रहे। खड़गे ने कहा कि नीतीश का पाला बदलना पूर्व नियोजित था और नीतीश कुमार ने कांग्रेस और राजद नेतृत्व को अंधेरे में रखा। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और द्रमुक के अलावा शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के रह गई कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया कि वे भाजपा गठबंधन के साथियों को अपने पक्ष में लाने की कोशिश करेगी। घटनाक्रम के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा, व्यक्तिगत रूप से हम इसकी कोशिश कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश जैसे महत्वपूर्ण राज्य में, जिसमें 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हैं, समाजवादी पार्टी ने घोषणा की है कि उसने कांग्रेस को 11 सीटों की पेशकश की है, पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जोर देकर कहा कि उनका गठबंधन अच्छी शुरुआत है। रमेश ने कहा कि वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत सीट बंटवारे को लेकर सपा प्रमुख के साथ बातचीत कर रहे हैं और यह सकारात्मक एवं रचनात्मक माहौल में हो रही है।

## भाजपा...

निकटता के कारण भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण राज्य है। उन्हें बिहार भाजपा प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था क्योंकि भाजपा को नीतीश के मूल 'लव-कुश' (ओबीसी कुर्मी-कोइरी) वोट आधार में विभाजन की उम्मीद थी। उन्हें पार्टी के लिए 2025 विधानसभा चुनाव कराने का काम दिया गया था। नीतीश कुमार के मुखर आलोचक माने जाने वाले चौधरी ने पिछले साल जद (यू) सुप्रीमो द्वारा भाजपा का साथ छोड़ने के बाद पगड़ी पहनना शुरू कर दिया था और कहा था कि उनकी पार्टी के सत्ता में लौटने के बाद ही वह इसे उतारेंगे। वह अक्सर प्रशासनिक खामियों पर जद (यू) सुप्रीमो की आलोचना करते थे, तब भी जब भाजपा सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा थी। 2018 में भाजा में शामिल होने से पहले चौधरी राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यूनाइटेड) के सदस्य थे। उन्होंने 2014 में राजद छोड़ दिया और जदयू में शामिल हो गए। उनके पिता, शकुनी चौधरी एक सैन्यकर्मी से राजनेता बने थे, जिन्होंने कांग्रेस से शुरुआत की और अक्सर कट्टर प्रतिद्वंद्वी लालू प्रसाद और नीतीश कुमार के बीच निष्ठा बदलते रहे। सम्राट राजद सुप्रीमो की पत्नी राबड़ी देवी के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री थे और 2005 में सत्ता से बेदखल होने के बाद काफी समय तक पार्टी के साथ रहे। 2014 में, वह एक विद्रोही गुट का हिस्सा बन गए और जद(यू) में शामिल हो गए। जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाली सरकार, जिन्होंने कुमार के पद छोड़ने के बाद सत्ता संभाली थी। तीन साल बाद, उनका जद (यू) से मोहभंग हो गया और वे भाजपा में शामिल हो गए, जिसने एक तेजतर्रार वक्ता और प्रमुख कोइरी जाति से संबंधित नेता के रूप में उनकी क्षमता को पहचाना। चौधरी को राज्य इकाई का उपाध्यक्ष बनाया गया और बाद में उन्हें विधान परिषद में जगह दी गई। 2020 के विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद वह कुमार सरकार में मंत्री बने। उन्होंने 2021 में भाजपा कोटे से नीतीश सरकार के विस्तारित मंत्रिमंडल में पंचायती राज मंत्री के रूप में भी कार्य किया है। उन्होंने 2014 में जीतन राम मांझी मंत्रालय में शहरी विकास और आवास, स्वास्थ्य मंत्री और 1999 में मेट्रोलॉजी और बागवानी मंत्री के रूप में भी कार्य किया है। राबड़ी देवी मंत्रालय में. चौधरी 1990 में सक्रिय राजनीति में आये और 19 मई 1999 को उन्होंने बिहार सरकार में कृषि मंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने 2000 और 2010 में परबत्ता (विधानसभा क्षेत्र) से चुनाव लड़ा और विधायक चुने गए। दूसरी ओर, एक अनुभवी उच्च जाति के भाजपा नेता, सिन्हा ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष, एक कैबिनेट मंत्री और विपक्ष के नेता जैसे विभिन्न पदों पर कार्य किया है। प्रभावशाली भूमिहार समुदाय से आने वाले सिन्हा, बरौनी में एक पॉलिटेक्निक में सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कोर्स करने के दौरान, आरएसएस की छात्र शाखा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सक्रिय सदस्य थे।

## कंपकंपाती...

जनवरी में भी कोई वर्षा नहीं हुई। ठंड भी दिसंबर के बजाए जनवरी में ही जोरदार पड़ रही है व फरवरी तक जाने लगी है। मौसम चक्र के इस तरह आगे खिसकने के पीछे वैज्ञानी जलवायु परिवर्तन के असर से भी इनकार नहीं करते।

## राम का...

मोदी ने आगे कहा कि अभी हाल में 25 जनवरी को चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया है। यह हमारी गौरवशाली लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए एक अहम दिन है। जहां दुनिया के कई देशों में मतदान प्रतिशत कम हो रहा है, वहीं भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ रहा है। वर्ष 1951-52 में जब देश में पहली बार चुनाव हुए तो करीब 45 फीसदी मतदाताओं ने ही वोट डाले थे। आज मतदान प्रतिशत भी काफी बढ़ा गया है। देश में न केवल मतदाताओं की संख्या बढ़कर करीब 96 करोड़ हो गई हैं। युवा मतदाताओं को पंजीकरण के अधिक अवसर मिल सकें, इसके लिए सरकार ने कानून में संशोधन भी किया है।

# भारत में जनजातीय समुदाय धर्मांतरण प्रयासों के निशाने पर : हिमंत

भाषा। डिब्रूगढ़ (असम)



**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को दावा किया कि अक्सर ही जनजातीय समुदाय मुख्य धारा के धर्मों द्वारा धर्मांतरण प्रयासों के निशाने पर रहे हैं जहां भौतिक लाभ का लालच देकर लोगों को बहलाया फुसलाया जाता है। उन्होंने युवा पीढ़ी से जनजातीय लोगों की आस्थाओं एवं धर्मों को बरकरार रखने का आग्रह किया और इस सिलसिले में सरकार द्वारा किए गए उपायों का भी उल्लेख किया। शर्मा यहां एक फरवरी तक चलने वाले आठवें इंटरनेशनल कांफ्रेंस एंड गैदरिंग ऑफ एल्डर्स के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे। इसका आयोजन इंटरनेशनल सेंटर फॉर कल्चरल स्टडीज (आईसीसीएस) ने किया है जो विश्व की प्राचीन परंपराओं एवं संस्कृतियों के आध्यात्मिक गुरुओं के लिए एक गैर–लाभकारी सामाजिक–सांस्कृतिक मंच है।वैश्विक स्तर पर और साथ ही भारत तथा असम में, जो कई जनजातियों और समुदायों का घर है, स्थानीय आस्थाओं और संस्कृति के महत्व पर जोर देते हुए शर्मा ने कहा कि सदियों पुरानी इन मान्यताओं को संरक्षित करना आवश्यक है क्योंकि ए देश के सांस्कृतिक परिदृश्य का अभिन्न अंग हैं।उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, भारत में जनजातीय समुदाय अक्सर ही मुख्यधारा के धर्मों द्वारा धर्मांतरण प्रयासों के निशाने पर रहे हैं।

## विश्व आज भी उन्ही समस्याओं का सामना कर रहा है जो हजारों वर्षो से मौजूद हैं: भागवत

**डिब्रूगढ़ (असम)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि भौतिक प्रगति के बावजूद विश्व आज भी उन्ही समस्याओं का सामना कर रहा है जो हजारों साल से मौजूद है। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान आध्यात्मिक एकता की प्राचीन भारतीय अवधारणा मे निहित है। भागवत ने प्राचीन परंपराओ और संस्कृतियो के आध्यात्मिक गुरुओ को समर्पित एक गैर-लाभकारी संगठन अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक अध्ययन केंद्र (आईसीसीएस) द्वारा आयोजित आठवें इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एंड गैदरिंग ऑफ एल्डर्स के उद्घाटन सत्र मे यह टिप्पणी की। यह सम्मेलन एक फरवरी तक चलेगा। उन्होने कहा कि शिक्षा और प्रौद्योगिकी मे प्रगति के बावजूद युद्ध अब भी होते है और बाहरी तथा आंतरिक, दोनो तरह से शांति की कमी है। उन्होने व्यक्तिगत या सामुदायिक स्तर पर अहंकार और मन की संकीर्णता के मुद्दे पर प्रकाश डाला। भागवत ने कहा कि इन समस्याओ को समझने और हल करने के प्रयास किए गए जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न सिद्धांत और दर्शन सामने आए है जो मुख्य रूप से भौतिक समृद्धि पर केंद्रित है। उन्होने कहा कि प्राचीन परंपराओ ने आध्यात्मिक एकता की अवधारणा को मान्यता दी जिसे भारत मे धर्म के रूप मे जाना जाता है।

## परीक्षा पे चर्चा शिक्षा व परीक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने का बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा

भाषा। नई दिल्ली



**छात्रों के साथ** वार्षिक परीक्षा पे चर्चा से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि यह शिक्षा और परीक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने का बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा है।आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष 2.25 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के लिए पंजीकरण किया है जबकि 2018 में जब यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया था, उस वक्त यह संख्या केवल 22,000 थी। उन्होंने कहा, परीक्षा पे चर्चा का यह सातवां संस्करण होगा। यह एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसका मैं हमेशा इंतजार करता हूं। इससे मुझे छात्रों के साथ बातचीत करने का मौका मिलता है और मैं उनके परीक्षा सबंधी तनाव को कम करने का भी प्रयास करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रेरित करने और परीक्षा के तनाव के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए बहुत से अभिनव प्रयास भी किए गए हैं।उन्होंने युवाओं और विद्यार्थियों से बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मुझे भी आपसे बात करके बहुत अच्छा लगेगा।

## क्विक न्यूज

### शशि थरूर ने एक बार फिर नीतीश को धूर्त और सिद्धांतहीन नेता करार दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने बिहार मे महागठबंधन से नाता तोड़ने को लेकर जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख नीतीश कुमार पर रविवार को कटाक्ष करते हुए उन्हे एक धूर्त और सिद्धांतहीन राजनीतिक नेता करार दिया। थरूर ने 2017 का अपना सोशल मीडिया पोस्ट साझा किया, जब कुमार बिहार मे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस की साझेदारी वाले महागठबंधन से अलग हो गए थे और लंबे समय तक तकरार रहने के बावजूद फिर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हाथ मिला लिया था। थरूर ने 2017 मे ट्वीट किया था, आज का शब्दउ स्नोलीगोस्टर अमेरिका मे इसका अभिप्राय एक धूर्त, सिद्धांतहीन राजनीतिक नेता है। इसका पहला ज्ञात उपयोग 1845 मे हुआ था और सबसे हालिया उपयोग 2617।2017 मे हुआ। कांग्रेस सांसद ने अपने इस पुराने पोस्ट को टैग करते हुए रविवार को एक्स पर कहा, यह एहसास नही था कि एक और दिन इस शब्द का इस्तेमाल होगा - स्नोलीगोस्टर। हालांकि, उन्होने नीतीश कुमार का नाम नही लिया। थरूर, कठिन अंग्रेजी शब्दों को सोशल मीडिया पर साझा करने के लिए जाने जाते है। उन्होने पहले भी स्नोलीगोस्टर शब्द का उपयोग किया है। वर्ष 2017 मे, उन्होने नीतीश के पाला बदलकर भाजपा के साथ जाने के संदर्भ मे यह शब्द ट्वीट किया था। उन्होने 2019 मे फिर से यह शब्द ट्वीट किया, जब भाजपा के देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप मे शपथ ली और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का समर्थन किया। नवंबर 2022 में, थरूर ने रंग-बिरंगे खंभे पर चढ़ते समय रंग बदलते हुए एक गिरगिट का वीडियो पोस्ट करके भारत मे दल-बदल करने वाले राजनीतिक नेताओ पर कटाक्ष करते हुए स्नोलीगोस्टर शब्द का इस्तेमाल किया। थरूर ने हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले कई राजनीतिक नेताओं के पाला बदलने पर यह कटाक्ष किया था। कांग्रेस ने रविवार को नीतीश की तुलना गिरगिट से की और कहा कि राज्य के लोग उनके विश्वासघात के लिए उन्हे कभी माफ नही करेंगे।

### नीतीश को लेकर लालू की बेटी रोहिणी ने कहा- कूड़ा गया फिर से कूड़ेदान में

**पटना।** बिहार मे राजनीतिक उथलपुथल के बीच मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले जनता दल (यू) अध्यक्ष नीतीश कुमार पर स्पष्ट रूप से निशाना साधते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने कहा, कूड़ा गया फिर से कूड़ेदानी मे, कूड़ा मंडली को बदबूदार कूड़ा मुबारक। नीतीश कुमार ने यह कहते हुए बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया कि 18 महीने से भी कम समय पहले वह जिस महागठबंधन और विपक्षी गुट इंडिया मे शामिल हुए थे, उसमे उनके लिए स्थितियां ठीक नही लगी और चीजें अच्छी तरह से काम नही कर रही थी। आचार्य ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक कचरा वाहन की तस्वीर साझा करते हुए कहा, कूड़ा गया फिर से कूड़ेदानी मे - कूड़ा मंडली को बदबूदार कूड़ा मुबारक। रोहिणी ने अपने एक अन्य पोस्ट मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नीतीश के बिहार विधानसभा मे महिला को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी पर दिए गए बयान को साझा करते हुए कहा, थूककर चाटने वाले नेता खुद को ना समझे सूरज जैसा...। उन्होंने अपने भाई और राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का एक वीडियो साझा करते हुए एक पोस्ट मे कहा, जनता जनार्दन के बीच जाएंगे, खुद के साथ-साथ बिहार का हौसला भी बढ़ाएंगे। इससे पहले उन्होंने बृहस्पतिवार को भी नीतीश कुमार पर परोक्ष रूप से विवादित टिप्पणी की थी और बाद मे उस पोस्ट को डिलीट कर दिया था।बाद मे राजद ने दावा किया था कि रोहिणी के सोशल मीडिया पोस्ट का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी थे, न कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

### मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार के फैसले से मैं सहमत नहीं: केंद्रीय मंत्री नारायण राणे

मुंबई। केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने रविवार को कहा कि वह महाराष्ट्र सरकार के उस फैसले से सहमत नही है, जिसमे कहा गया है कि जबतक मराठो को आरक्षण नही मिल जाता है, तबतक उन्हें ओबीसी को मिल रहे सभी लाभ मिलेंगे।राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने राणे एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह अन्य पिछड़ा वर्ग (के अधिकारों) में अतिक्रमण होगा तथा इससे महाराष्ट्र मे अशांति फैल सकती है।मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा उनकी मांगें मान लिए जाने के बाद शनिवार को अपना अनिश्चितकालीन उपवास खत्म कर दिया था। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घोषणा की थी कि जबतक मराठों को आरक्षण नही मिल जाता, तबतक उन्हे ओबीसी को प्राप्त सभी लाभ मिलेंगे। राणे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह राज्य सरकार के फैसले को तथा आरक्षण के संबंध में मराठा समुदाय को उसके द्वारा दिए गए आश्वासन को मंजूर नही करते हैं। उन्होंने कहा, इससे ऐतिहासिक विरासत वाले मराठा समुदाय का दमन होगा और यह अन्य पिछड़े समुदायो में भी अतिक्रमण होगा। उन्होंने कहा, इससे राज्य में अशांति फैलेगी। उन्होंने कहा कि वह सोमवार को भी इस मुद्दे पर बोलेंगे।उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल ने भी राज्य सरकार के इस फैसले पर असंतोष व्यक्त किया है तथा अन्य पिछड़ा वर्ग में पिछले दरवाजे से मराठों के प्रवेश पर सवाल उठाया है।कृषक समुदाय कुनबी ओबीसी के अंतर्गत आता है और जरांगे भी सभी मराठों के लिए कुनबी प्रमाणपत्र मांग रहे है। जरांगे मराठों के वास्ते आरक्षण की मांग को लेकर अगस्त से आंदोलन कर रहे थे।उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी ओबीसी की चिंताएं दूर करने का प्रयास करते हुए कहा है कि मराठो को बिना सबूत कुनबी प्रमाणपत्र नही दिया जाएगा।

### युवाओं को सशक्त बनाने की तैयारी

**वाराणसी।** उत्कर्ष बैंक ने गेटसेटअप के साथ सहयोग की घोषणा की है, जो एक प्रमुख समुदाय है जो सक्रिय वृद्धावस्था और जीवनभर सीखने को समर्थन देने के लिए समर्पित है। यह सहयोग उच्च वयस्कों के बीच स्वतंत्रता और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखता हैए जो गेटसेटअप की शिक्षा, कौशल विकासए और समुदाय संगठन के साथ मेल खाता है। 55 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को नए कौशल सीखने, दूसरों के साथ जुड़ने और नए जीवन के अनुभवों को अनलॉक करने में सशक्त बनाने के ळमजैमजन्च के मिशन को उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में एक मजबूत सहयोग मिला है। सुलभ वित्तीय सेवाएं प्रदान करने में बैंक की विशेषज्ञता सक्रिय वृद्धों के बीच सामुदायिक जुड़ाव और कल्याण को बढ़ावा देने के गेटसेटअप के लक्ष्य को पूरा करती है। साझेदारी के रूप में विशेष रूप से वृद्ध वयस्कों के लिए डिज़ाइन की गई एक अनूकूलित कक्षाओं और कार्यशालाओं की श्रृंखला की शुरुआत करेगा। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण, और सामाजिक संपर्क को बढ़ावा देना है, जिसमें समुदाय, फिटनेस, यात्रा, गायन, और नृत्य जैसी संवर्धन कक्षाएं शामिल होंगी। उत्कर्ष लघु वित्त बैंक इस अनुभव को बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ वक्ता और संसाधन प्रदान करेगा। इस साझेदारी के माध्यम सेए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के ग्राहकों को सेवाओं का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। वे उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक की शाखाओं में अपने रिलेशनशिप मैनेजरों से बात करके अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैए जिससे सेवाओं और समर्थन का निर्बाध एकीकरण सुनिश्चित हो सके। साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा हम गेटसेटअप के साथ हाथ मिलाकर उत्साहित हैं। यह साझेदारी समावेशी विकास, वित्तीय सशक्तिकरण और सामुदायिक कल्याण के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। हमें विश्वास है कि गेटसेटअप के प्लेटफ़ॉर्म के साथ अपनी विशेषज्ञता को जोड़कर हम वृद्ध वयस्कों के जीवन पर पर्याप्त सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।

### पानी की बाल्टी में डूबने से सवा साल के बच्चे की मौत

**फरीदाबाद (हरियाणा)।** फरीदाबाद में रविवार को सवा साल के एक बच्चे की पानी की बाल्टी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस ने रविवार को बच्चे के शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौप दिया। उसके मुताबिक इंदिरा कॉलोनी के रमन ने बताया कि उसका भतीजा आयुष शनिवार शाम को घर में दूसरे बच्चों के साथ टीवी के सामने बैठा था और सभी एक साथ कार्टून देख रहे थे। रमन के अनुसार आयुष के दादा-दादी अपने कमरे में थे जबकि उसकी मां ज्योति घर का कामकाज कर रही थी।पुलिस ने रमन के हवाले से बताया कि अचानक आयुष वहां से चला गया। पहले किसी को इस बारे में पता नही चला। जब परिवार ने देखा कि आयुष वहां नहीं है तब सभी लोग उसे घर में ढूंढने लगे।

### बिरला सामाजिक परिवतर्न लाने के लिए सहयोग करेगा

**मुंबई।** कॉरपोरेट संगठन फोकस्ड प्रोग्राम्स केंद्रित कार्यक्रम कर रहे हैं जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। ये कहना है बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कायर्कारी अधिकारी संदीप घोष का। श्री घोष कॉरपोरेट एंड लायंस: क्रि एटिंग सोशल इम्पैक्ट नाम से आयोजित सेशन के पहले प्रवक्ता थे। इस दौरान अपने संबोधन में श्री घोष ने यह स्पष्ट कर दिया कि कॉर्पोरेट्स स्पष्ट उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए हितधारकों को संगठित करने के लिए सक्षम भागीदारों के साथ काम करना पसंद करते हैं। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड एमपी बिरला ग्रुप को लायंस इंटरनेशनल द्वारा जियो वर्ल्ड सेंटर, बीकेसी, मुंबई में द गिव कॉन्क्लेव 27-28 जनवरी 2024 में अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी-सीएसआरगतिविधियों में भाग लेने और उनको प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया गया था। श्री घोष ने खास तौर पर कहा कि एमपी बिरला समूह प्रियंवदा बिरला अरविंद नेत्र अस्पताल, कोलकाता और दुर्गापुर के माध्यम से नेत्र देखभाल के क्षेत्र में अरविंद ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स, मदुरै के साथ सहभागिता में व्यापक काम कर रहा है।

### दो मानव तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** दिल्ली के विभिन्न इलाकों से हाल ही मे 14 नाबालिगों सहित झारखंड की 19 लड़कियों को बचाया गया है। एक आधिकारिक बयान मे रविवार को यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, इस बचाव अभियान से कुछ दिन पहले ही झारखंड के साहेबगंज जिले से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया था। बचाई गई लड़कियों की उम्र 12 से 18 साल के बीच है और सभी साहेबगंज के बोरियो ब्लॉक की रहने वाली है।

## झारखंड के मुख्यमंत्री ईडी का समन मिलने के बाद अचानक दिल्ली पहुंचे

भाषा। रांची

**झारखंड के** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा नया समन जारी किए जाने के बाद अचानक दिल्ली रवाना हो गए हैं। सोरेन शनिवार रात को दिल्ली रवाना हुए जिसकी वजह से कयासों का दौर शुरू हो गया है। सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन भेजकर पूछा था कि क्या वह 29 या 31 जनवरी को पूछताछ के लिए उपलब्ध हैं? ईडी के इस समन की पृष्ठभूमि में सोरेने की दिल्ली यात्रा हो रही है। एक अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए बताया, उनके दिल्ली जाने की कोई योजना नहीं थी। ईडी द्वारा समन भेजे जाने के बाद अचानक उनकी योजना बनी। उनके कई कार्यक्रम प्रस्तावित हैं जिनमें 29 जनवरी को चाईबासा में, 30 जनवरी को पलामू में और 31 जनवरी को गिरिडीह में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम शामिल हैं। एक सूत्र ने बताया कि सोरेन कानूनी परामर्श के लिए दिल्ली गए हैं। हालांकि, मुख्यमंत्री कार्यालय से इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। केंद्रीय एजेंसी ने 20 जनवरी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुख्यमंत्री का बयान उनके आधिकारिक आवास पर दर्ज किया था। जानकारी के मुताबिक ताजा समन इसलिए जारी किया गया क्योंकि उस दिन पूछताछ पूरी नहीं हुई थी। एजेंसी के अनुसार, जांच झारखंड में माफिया द्वारा भूमि के स्वामित्व में अवैध परिवर्तन के एक बड़े गिरोह से संबंधित है।ईडी ने इस मामले में अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 2011 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी छवि रंजन भी शामिल हैं।

# सदन की कार्यवाही में व्यवधान ठीक नहीं : उपराष्ट्रपति धनखड़

भाषा। मुंबई



**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि चर्चा, जो लोकतंत्र की आधारशिला है, हंगामे में तब्दील हो गई है और सदन की कार्यवाही में व्यवधान लोकतंत्र के लिए कोविड के खतरे से कम नहीं है।धनखड़ ने 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विधाई निकायों के पीठासीन अधिकारियों को सदन की मर्यादा सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए।उन्होंने कहा कि विधाई निकायों की कार्यवाही में व्यवधान एक दुखद परिदृश्य है।धनखड़ ने कहा, यह कोई रहस्य नहीं है कि गड़बड़ी और व्यवधान की योजना बनाई जाती है, जिसके लिए बैनर छापे जाते हैं और नारे गढ़े जाते हैं। ऐसी चीजों का हमारी प्रणाली में कोई स्थान नहीं है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिनिधि संस्थाओं और प्रतिनिधियों में जनता के विश्वास का कम होना समाज के लिए कैंसर है।धनखड़ ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों को सदन की कार्यवाही पर बारीक नजर रखनी चाहिए और मर्यादा सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा, पीठासीन अधिकारी लोकतांत्रिक स्तंभों के संरक्षक हैं। उन्होंने अफसोस जताया कि (सदन में) अनुशासनहीनता और अशोभनीय व्यवहार की घटनाएं बढ़ रही हैं और व्यवधान डालने में गर्व महसूस किया जाता है।धनखड़ ने कहा, यह परेशान करने वाला परिदृश्य है और इससे बाहर निकलने का रास्ता खोजने के लिए आत्ममंथन की जरूरत है।

# कर्नाटक के एक गांव में हनुमान ध्वज हटाने पर तनाव

● पुलिस ने किया बल प्रयोग

भाषा। मांड्या



**कर्नाटक में मांड्या** जिले के केरागोडु गांव में रविवार को उस समय तनाव पैदा हो गया, जब अधिकारियों ने 108 फुट ऊंचे स्तंभ से हनुमान ध्वज उतार दिया। इस घटना के बाद राज्य में सरकार और विपक्ष के बीच राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। ध्वज उतारे जाने के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जनता दल सेक्युलर (जद–एस) और बजरंग दल के सदस्यों के साथ–साथ गांव और उसके आसपास के लोगों के एकत्र होने पर, एहतियातन बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस को भीड़ को तितर–बितर करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन ने ध्वज स्तंभ पर हनुमान ध्वज (भगवान हनुमान की तस्वीर वाले झंडे) की जगह राष्ट्रीय ध्वज लगा दिया। आधिकारिक और पुलिस सूत्रों ने बताया कि केरागोडु और 12 पड़ोसी गांवों के निवासियों और कुछ संगठनों ने रंगमंदिर के पास ध्वज स्तंभ की स्थापना के लिए धन दिया था। कथित तौर पर, भाजपा और जद (एस) कार्यकर्ता इसमें सक्रिय रूप से शामिल थे। सूत्रों ने बताया कि ध्वज स्तंभ पर हनुमान की तस्वीर वाला भगवा झंडा फहराया गया, जिसका कुछ लोगों ने विरोध किया और प्रशासन से शिकायत की। इसपर कार्वाई करते हुए, तालुक पंचायत कार्यकारी अधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारियों को ध्वज हटाने का निर्देश दिया। बड़ी संख्या में महिलाओं सहित कई ग्रामीणों ने ध्वज को हटाने का पुरजोर विरोध किया। ध्वज स्तंभ हटाए जाने की आशंका से कुछ कार्यकर्ता और ग्रामीण शनिवार आधी रात के बाद से ही वहां मौजूद थे। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में ध्वज को उतारने के बाद रविवार सुबह तनाव बढ़ गया और पुलिस और प्रदर्शनकारी ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कुछ प्रदर्शनकारियों ने सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार और मांड्या से कांग्रेस विधायक गनीगा रविकुमार के प्रति अपने आक्रोश जताया और उनके खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारी अपनी मांग पर अड़े रहे और ध्वज स्तंभ के आधार पर एक छोटे भगवा झंडे के साथ भगवान राम के चित्र वाला एक फ्लेक्स बोर्ड लगा दिया।पुलिस ने उस झंडे को हटाने की कोशिश की तो उसे प्रतिरोध का सामाना करना पड़ा और प्रदर्शनकारियों ने जय श्री राम, जय हनुमान के नारे लगाए।दोपहर बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बल पूर्वक हटा दिया और कानून व्यवस्था बहाल करने के लिए हल्का लाठीचार्ज किया। इसके बाद, पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने आखिरकार ध्वज स्तंभ से हनुमान ध्वज हटाते हुए तिरंगा लगा दिया। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने चित्रदुर्ग के जिला मुख्यालय शहर में संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बजाय भगवा ध्वज फहराया गया थाअ यह ठीक नहीं है। मैंने राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए कहा है। मांड्या जिले के प्रभारी मंत्री एन चेलुवरयास्वामी ने स्पष्ट किया कि ध्वज स्तंभ का स्थान पंचायत के अधिकार क्षेत्र में आता है और राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अनुमति ली गई थी। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया था लेकिन उस शाम इसे दूसरे ध्वज से बदल दिया गया। हालांकि, उन्होंने किसी निजी स्थान पर या किसी मंदिर के पास हनुमान ध्वज की स्थापना का समर्थन किया। चेलुवरयास्वामी ने कहा, इसके (राष्ट्रीय ध्वज की जगह हनुमान ध्वज स्थापित करने) पीछे राजनीति भी हो सकती है। मुझे नहीं पता कि इसके पीछे कौन है...यह देश लोकतंत्र और संविधान से चलता है। उन्होंने कहा, कल वे कह सकते हैं कि वे जिलाधिकारी कार्यालय के सामने झंडा (भगवा झंडा) फहराना चाहते हैं। क्या इसकी अनुमति दी जा सकती है? यदि इसे एक स्थान पर अनुमति दी जाती है, तो इसका विस्तार अन्य स्थानों पर भी होगा।

## रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बन रहा है भारत: केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट

भाषा। नागपुर

**केंद्रीय मंत्री** अजय भट्ट ने रविवार को कहा कि भारत रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बन रहा है और उसका रक्षा निर्यात 2017–18 के 4,682 करोड़ रुपए से बढ़कर 2022–23 में 15,916 करोड़ रुपए हो गया।रक्षा राज्य मंत्री नागपुर में एडवांटेज विदर्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने 4,666 रक्षा घटकों की चार सूचियां जारी की हैं, जिनके आयात पर प्रतिबंध है, जिसके परिणामस्वरूप भारी बचत हुई है। उन्होंने कहा, भारत रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बन रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "रक्षा निर्यात 2017–18 के 4,682 करोड़ रुपए से बढ़कर 2022–23 में 15,916 करोड़ रुपए हो गया। दिसंबर 2023 तक (रक्षा) निर्यात लगभग 9,428 करोड़ रुपए रहा। भट्ट ने कहा कि आयुध कारखानों के विकेंद्रीकरण के बाद लगभग सभी रक्षा सार्वजनिक उपक्रम लाभ में हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय नवाचार और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दे रहा है।

# शिष्य के साथ मारपीट करने का राहत अली का वीडियो वायरल, गायक ने दिया स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली।** राहत फतेह अली खान उस समय विवादों के केंद्र में आ गए, जब उनका एक व्यक्ति को कथित तौर पर थप्पड़ मारने का वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर काफी प्रसारित हुआ। इसके बाद प्रसिद्ध पाकिस्तानी गायक ने कहा कि यह उनकी छवि खराब करने का प्रयास है। कथित वीडियो में, खान को उस व्यक्ति के साथ मारपीट करते हुए देखा जा सकता है, जिसे बाद में राहत फतेह अली खान ने अपना शिष्य नावेद हसनैन बताया। वीडियो में वह (राहत फतेह अली खान) पूछते दिख रहे हैं, मेरी बोतल कहाँ है? एक मिनट से अधिक की वीडियो क्लिप वायरल होने के कुछ घंटों बाद ही खान का नाम सोशल मीडिया मंच एक्स पर ट्रेंड करने लगा। कई सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने गायक की उनके दुर्व्यवहार के लिए आलोचना की। हालांकि, यह पता नहीं चल सका कि उक्त वीडियो को कब और कहां रिकॉर्ड किया गया। मन की लगन और जिया धड़क धड़क––जैसे हिंदी फिल्मी गानों के लिए प्रसिद्ध गायक ने बाद में स्पष्टीकरण के रूप में इंस्टाग्राम पर एक के बाद एक कई वीडियो साझा किए। उनचास वर्षीय खान ने वायरल वीडियो को एक गुरु और उनके शिष्य के बीच का "आंतरिक मामलौ बताया। लोकप्रिय गायक राहत फ़तेह अली खान ने वीडियो में कहा, आपने इन वीडियो में जो कुछ भी देखा है, वह एक उस्ताद और एक शागिर्द (शिष्य) के बीच का आंतरिक मामला है। जब कोई शिष्य अच्छा काम करता है, तो हम उसकी काफी प्रशंसा करते हैं और जब वे गलती करते हैं, तो हम उन्हें दंडित करते हैं। साथ ही... मैंने उसी समय उनसे माफी मांगी थी... एक अन्य वीडियो में, खान ने कहा कि वीडियो रिकॉर्ड करने वाला व्यक्ति उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, ए मुझे बदनाम करने और मुझे एक अत्याचारी के रूप में चित्रित करने की कोशिशें हैं, लेकिन मैं उनसे कहता हूं कि वे पहले खुद पर नजर डालें। सोशल मीडिया मंच एक्स पर कई उपयोगकर्ताओं ने खान की आलोचना की और दावा किया कि यह बवाल शराब की एक खोई हुई बोतल को लेकर था। हसनैन के अनुसार, उन्होंने एक बोतल खो दी थी, जिसमें पवित्र जल था। उन्होंने कहा, मैं भूल गया था कि मैंने वह बोतल कहाँ रखी थी, जिसमें पीर साहब का दम का पानी (पवित्र जल) था। अल्लाह जानता है कि हमारे उस्ताद हमसे बहुत प्यार करते हैं। जिसने भी वह वीडियो रिकॉर्ड किया है, वह ब्लैकमेलर है। यह व्यक्ति मेरे उस्ताद जी को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। हसनैन ने यह भी कहा कि उनके परिवार और खान का रिश्ता 40 साल पुराना है। वायरल वीडियो में जो कुछ भी दिखा, वह झूठ है। उन्होंने एक अन्य वीडियो में कहा, वह मुझे मार सकते हैं, डांट सकते हैं, वह मेरे उस्ताद हैं। वह वीडियो झूठ है और मेरे उस्ताद की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास है। खान द्वारा स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश करने के बाद भी सोशल मीडिया पर आलोचना नहीं रुकी, कई लोगों ने अपने शिष्य को मारने के बारे में उनके स्पष्टीकरण को शर्मनाक बताया।

# आरक्षित पद को अनारक्षित नहीं किया जा सकता

## यूजीसी के मसौदा दिशानिर्देश पर शिक्षा मंत्रालय

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय (एमओई) ने रविवार को स्पष्ट किया कि किसी भी आरक्षित पद को अनारक्षित नहीं किया जा सकता। मंत्रालय का यह स्पष्टीकरण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के एक मसौदा दिशानिर्देशों के बाद आया है, जिसमें प्रस्ताव किया गया था कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियां इन श्रेणियों के पर्याप्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में अनारक्षित घोषित की जा सकती हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों में भारत सरकार की आरक्षण नीति के कार्यान्वयन के लिए दिशा–निर्देश हितधारकों की आपत्ति और सुझाव के लिए जारी किए गए हैं। मसौदा दिशानिर्देशों को आलोचना का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि उच्च शिक्षा संस्थानों में पदों पर एससी, एसटी और ओबीसी को दिए गए आरक्षण को समाप्त करने की साजिश की जा रही और (नरेन्द्र) मोदी सरकार दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के मुद्दों पर केवल "प्रतीक की राजनीति कर रही है। जेएनयू छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने इस मुद्दे पर यूजीसी अध्यक्ष एम जगदीश कुमार के खिलाफ सोमवार को विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। कुमार ने भी स्पष्ट किया कि अतीत में केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों (सीईआई) में आरक्षित श्रेणी के पद का आरक्षण रद्द नहीं किया गया है और ऐसा कोई आरक्षण समाप्त नहीं किया जाने वाला है। शिक्षा मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया, केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों (शिक्षकों के संवर्ग में आरक्षण) अधिनियम, 2019 के अनुसार शिक्षक संवर्ग में सीधी भर्ती के सभी पदों के लिए केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण प्रदान किया जाता है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा, इस अधिनियम के लागू होने के बाद, किसी भी आरक्षित पद का आरक्षण समाप्त नहीं किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय ने सभी केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों (सीईआई) को 2019 अधिनियम के अनुसार रिक्तियों को भरने के निर्देश दिए हैं।

# लाल सागर मार्ग से देश का निर्यात 50 प्रतिशत, आयात 30 प्रतिशत

**मुंबई।** लाल सागर जल मार्ग के आसपास चल रहे संकट का प्रभाव विभिन्न उद्योगों के आधार पर अलग–अलग होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में देश के निर्यात का 50 प्रतिशत और आयात का 30 प्रतिशत इस मार्ग से हुआ है। क्रिसिल रेटिंग्स ने लाल सागर संकट के कारण देश में विभिन्न व्यापार खंडों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की है। लाल सागर व्यापारिक मार्ग में संकट तब शुरू हुआ जब यमन स्थित हुती विद्रोहियों ने अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए इजरायल–फलस्तीन युद्ध के कारण नवंबर में वहां से गुजरने वाले वाणिज्यिक माल ढुलाई जहाजों पर लगातार हमले किए। फिलहाल अमेरिकी और ब्रिटेन की सेना भी विद्रोहियों पर जवाबी हमले में लगी हुई है। घरेलू कंपनियां यूरोप, उत्तरी अमेरिका, उत्तरी अफ्रीका और पश्चिम एशिया के हिस्से के साथ व्यापार करने के लिए स्वेज नहर के माध्यम से लाल सागर मार्ग का उपयोग करती हैं। पिछले वित्त वर्ष में देश से 18 लाख करोड़ रुपए का निर्यात (50 प्रतिशत) और 17 लाख करोड़ रुपए का आयात (30 प्रतिशत) इन क्षेत्रों से हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में देश का कुल माल व्यापार 94 लाख करोड़ रुपए था। इसमें मूल्य का 68 प्रतिशत और मात्रा का 95 प्रतिशत समुद्री मार्ग से हुआ था। देश 30 प्रतिशत डीएपी सऊदी अरब से, 60 प्रतिशत रॉक फॉस्फेट जॉर्डन एवं मिस्र से और 30 प्रतिशत फॉस्फोरिक एसिड जॉर्डन से आयात करता है। कृषि वस्तुओं और समुद्री खाद्य पदार्थों जैसे क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनियों को अपने माल की खराब प्रकृति औराया कम मार्जिन के कारण महत्वपूर्ण प्रभाव देखने को मिल सकता है, जो बढ़ती माल ढुलाई लागत से जोखिमों की भरपाई करने की उनकी क्षमता को सीमित करता है। नवंबर, 2023 से शंघाई उत्तरी यूरोप कंटेनर माल ढुलाई दरें 300 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 6,000–7,000 अमेरिकी डॉलराटीईयू हो गई हैं।

### लाल सागर संकट से तेल आपूर्ति में व्यवधान नहीं, लागत बढ़ी: एचपीसीएल प्रमुख

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के चेयरमैन पुष्प कुमार जोशी ने कहा कि लाल सागर मे हुती विद्रोहियो द्वारा माल ढुलाई जहाजो पर किए जा रहे हमलो से भारत मे कच्चे तेल की आपूर्ति पर कोई असर नही पड़ा है। उन्होंने कहा कि हालांकि, रास्ता बदलकर अपेक्षाकृत लंबे केप ऑफ गुड होप मार्ग अपनाने के कारण माल ढुलाई की लागत बढ़ गई है।तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक भारत मे रूस से तेल की आपूर्ति लाल सागर मार्ग से होती है। पिछले साल भारत के कुल कच्चे तेल के आयात मे रूसी आपूर्ति 35 प्रतिशत से अधिक थी, जो प्रति दिन 17 लाख बैरल थी।रूसी जहाज और मालवाहक फिलहाल हमलो का मुख्य लक्ष्य नही है। हालांकि, स्वेज नहर और लाल सागर के माध्यम से आवागमन के बजाय अफ्रीका के दक्षिणी सिरे के आसपास का मार्ग अपनाने से जहाजों को लंबी यात्राएं करनी पड़ रही है, जिससे जहाजो की कमी हो गई है और माल ढुलाई लागत मे वृद्धि हो गई है।

पायनियर
नई दिल्ली , सोमवार, 29 जनवरी 2024



# पश्चिमी देशों के निशाने पर आया ईरान

- अंतरिक्ष में तीन उपग्रहों का प्रक्षेपण किया
- दुनिया के कई देशों ने आलोचना की



**भाषा।** यरुशलम

**ईरान ने रविवार** को कहा कि उसने अंतरिक्ष में तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है। वहीं, पश्चिमी देशों ने ईरान के इस हालिया कार्यक्रम की आलोचना की और आशंका जताई कि इससे ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों में और इजाफा होगा। सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने कहा कि प्रक्षेपण में ईरान के सिमोर्ग रॉकेट का सफल उपयोग भी देखा गया, जो इससे पहले कई बार विफल रहा था। ईरान का यह प्रक्षेपण ऐसे वक्त हुआ है, जब पश्चिम एशिया में गाजा पट्टी में हमास के साथ इजराइल का युद्ध लगातार जारी रहने के कारण तनाव बढ़ गया है। ईरान ने इस संघर्ष में सैन्य हस्तक्षेप नहीं किया है, लेकिन इस महीने की शुरुआत में इस्लामिक स्टेट के आत्मघाती बम विस्फोट और यमन के हूती विद्रोहियों जैसे छद्म संगठनों द्वारा युद्ध से जुड़े हमलों के बाद कार्वाई को लेकर उसे अपने धर्मगुरुओं के दबाव का सामना करना पड़ा। पश्चिमी देशों ने ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर चिंता जताई है। ईरान के सरकारी टेलीविजन द्वारा जारी किए गए फुटेज में रात के दौरान सिमोर्ग रॉकेट का प्रक्षेपण दिख रहा है। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) ने फुटेज के विवरण का विश्लेषण किया, जिससे पता चलता है कि प्रक्षेपण ईरान के ग्रामीण सेमनान प्रांत में इमाम खुमैनी स्पेसपोर्ट पर किया गया था। फुटेज में सरकारी टीवी रिपोर्टर अब्बास रसूली ने कहा, सिमोर्ग (रॉकेट) की गर्जना हमारे देश के आकाश और अनंत अंतरिक्ष में गूंज उठी। सरकारी टीवी ने प्रक्षेपित उपग्रहों का नाम महदा, केहान-2 और हत्फ-। बताया। सरकारी टेलीविजन के अनुसार, महदा एक अनुसंधान उपग्रह है, जबकि केहान और हत्फ क्रमश: वैश्विक स्थिति और संचार पर केंद्रित नैनो उपग्रह हैं। ईरान के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी मंत्री ईसा जारेपुर ने कहा कि महदा से पहले ही पृथ्वी पर संकेत मिल चुके हैं।

### उत्तर कोरिया ने दागीं कई क्रूज मिसाइलः द .कोरिया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की सेना ने रविवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने पूर्वी सैन्य बंदरगाह के जलक्षेत्र से कई क्रूज मिसाइलें दागी है। उत्तर कोरिया ने यह कदम अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के साथ गहराते तनाव के बीच उठाया है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने हालांकि यह जानकारी नही दी कि कितनी मिसाइलें दागी गईं या वे कितनी दूर तक पहुंची। फिलहाल यह भी स्पष्ट नही है कि प्रक्षेपण कैसे किए गए। हालांकि उत्तर कोरिया ने इससे पहले पोतों से या जलक्षेत्र में माजूद अन्य साधनो से क्रूज मिसाइलो का परीक्षण किया है। ए मिसाइल प्रक्षेपण इस वर्ष की शुरुआत से अब तक का ऐसा तीसरा प्रक्षेपण है जिसकी जानकारी मिल सकी है। इससे पहले देश ने 24 जनवरी को क्रूज मिसाइल परीक्षण और 14 जनवरी को पहली ठोस-ईंधन आधारित मध्यवर्ती रेंज वाली बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने हाल के महीनो में देश मे हथियारों के परीक्षण को तेज किया है और देश के समक्ष आने वाली किसी भी चुनौती का मुंह तोड़ जवाब देने की धमकी दी है जिसके बाद से कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव बढ़ गया है।

## भारत सोमाली समुद्री लुटेरों के कब्जे से श्रीलंका के मछुआरों को छुड़ाने में करेगा मदद

**कोलंबो।** भारत ने सोमाली समुद्री लुटेरों द्वारा बंधक बना लिए गए श्रीलंकाई मछुआरों को छुड़ाने में मदद करने का वादा किया है। श्रीलंका की नौसेना ने रविवार को यह जानकारी दी। नौका लॉरेंजो पुथा-4 मछली पकड़ने के लिए कई दिनों की यात्रा पर 16 जनवरी को श्रीलंका के दिकोविटा बंदरगाह से रवाना हुई थी। श्रीलंका की नौसेना के प्रवक्ता गायन विक्रमसूर्या ने बताया कि श्रीलंका ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय समुद्री कमान को मोगादिशू से दक्षिण पूर्व में करीब 840 नॉटिकल मील की दूरी पर सोमाली समुद्री लुटेरों द्वारा छह मछुआरों और उनकी नौका को कब्जा में ले लेने की सूचना दी थी।उन्होंने कहा कि भारत ने इन मछुआरों को मुक्त कराने में श्रीलंका की मदद करने का वादा किया है।

## क्विक न्यूज

### रूस के साथ युद्ध के लिए हथियार खरीदने के वास्ते रखे गए चार करोड़ अमेरिकी डॉलर का गबनः यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन की एक हथियार कंपनी के कर्मचारियो ने रक्षा मंत्रालय के अधिकारियो के साथ मिलकर, रूस के साथ युद्ध के लिए मोर्टार के1,00,000 गोले खरीदने के लिए निर्धारित लगभग चार करोड़ अमेरिकी डॉलर का गबन करने की साजिश रची। यूक्रेनी सुरक्षा सेवा ने यह जानकारी दी। रणनीतिक व्यावसायिक इकाई ने शनिवार को कहा कि पांच लोगो को आरोपित किया गया है, जबकि यूक्रेन की सीमा पार करने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति को हिरासत मे ले लिया गया। दोषी साबित होने पर उन्हें 12 साल जेल की सजा हो सकती है। यूरोपीय संघ और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में अपनी सदस्यता की दावेदारी आगे बढ़ाने की क्वायद के बीच यूक्रेन ने भ्रष्टाचार पर नकेल कसने का प्रयास किया है। दोनों संगठनों के अधिकारियों ने इनमें शामिल होने के लिए कीव से भ्रष्टाचार रोधी व्यापक सुधारों की मांग की है।सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि मौजूदा जांच अगस्त 2022 की है, जब अधिकारियो ने तोपों के गोलों के लिए हथियार फर्म लविव आर्सेनल के साथ 3.96 करोड़ अमेरिकी डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे।

### लोलापालूजा इंडिया में प्रस्तुति देने भारत आए निक जोनस का गर्मजोशी से स्वागत

**मुंबई।** अमेरिकी गायक निक जोनस और उनके भाई जो और केविन ने शनिवार रात यहां अपनी पहली प्रस्तुति में हजारों प्रशंसकों का दिल जीत लिया। द जोनस ब्रदर्स के नाम से मशहूर लोकप्रिय अमेरिकी बैंड ने लोलापालूजा इंडिया के दूसरे संस्करण के पहले दिन दक्षिण मुंबई के महालक्ष्मी रेस कोर्स में डेढ़ घंटे तक प्रस्तुति दी। इससे पहले तीनों ने मंच पर खूब धूम मचाई। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा और रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म दिल धड़कने दो का जोशीला गाना गल्लां गूड़ियां बजाया गया। भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा से शादी करने वाले निक को देखकर भीड़ ने पूरे कार्यक्रम के दौरान जीजू, जीजू कहकर उन्हें पुकारा। प्रियंका से 2018 में शादी के बंधन में बंधने वाले निक ने विवाह कार्यक्रम के दौरान होने वाले संगीत समारोह का जिक्र करते हुए चुटकी लेते हुए कहा, संगीत को न जोड़ें तो भारत मे यह हमारी पहली प्रस्तुति है। उन्होंने भारत के साथ अपने विशेष संबंध के बारे में भी बात की। जब भीड़ जीजू, जीजू कहकर पुकारने लगी तो निक ने कहा, एक परिवार के तौर पर हमारा इस देश के साथ बहुत गहरा रिश्ता है। हमारे साथ बने रहने के लिए धन्यवाद। जोनस ब्रदर्स ने सेलीब्रेट , सकर , व्हाट ए मैन गॉट्टा डू , क्लोज और जैलेस सहित कई गाने पेश किए। निक ने पूरे दिन उत्साह बनाए रखने के लिए प्रशंसकों को धन्यवाद दिया।

### जिंद यूनिवर्स ने दुनिया में मचाई धूम

**ग्लोबल।** मनोरम प्रेम गीत एंड अप श्रोताओं को अपनी भूली बिसरी यादों और पिछले टूटे रिश्ते के सुहाने दौर की यादें ताजा करता है। जिंद यूनिवर्स द्वारा गाया और निर्मित यह ट्रैक इंद्रजीत सिंह द्वारा संगीतब और प्रभ संधा द्वारा लिखा गया है। यह गीत वह दौर है, जिस से लगभग सभी गुजरते है। जिसने कभी प्यार किया हो, और बदले में दर्द ए दिल लिया हो। पंजाब का उभरता सितारा जो अपने भाव भरे गायन और उत्तेजना भरे प्रोडक्शन जिंद यूनिवर्स के लिए जाना जाता है, ने अपनी नई रिलीज एंड अप के साथ अपने चाहने वालों के दिलों को छू लेने की तैयारी कर ली है। अपने मार्मिक गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते हुए यह ट्रैक दिल के दर्द, बिछड़ने और आगे बढ़ने की कोमल भावनाओं को दिखाता है, एक ऐसे अनुभव का एहसास कराता है, जो हर किसी को अपना सा लगे, मानों उसी की दास्तां छेड़ दी हो। रिलीज पर अपना उत्साह दिखाते हुएए जिंद यूनिवर्स ने कहा कि एंड अप एक व्यक्तिगत संगीत भरे एहसासों का सफर है जो ब्रेक अप के बाद अपने रास्ते जाने को दिखाता है। इसके माधुर और मनमोहक गीतों से मैं श्रोताओं के साथ अपने तार जोड़ना चाहता हूं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि वे अपने भावनात्मक सफर में अकेले नहीं हैं। मुझे उम्मीद है कि यह ट्रैक उन सभी लोगों का साथी बनेगा जो अपनी प्रेम कहानियों में कठिन समय से गुजर रहे हैं। अपनी संगीत प्रतिभा के अनूठे मिश्रण के साथ जिंद यूनिवर्स एंड अप के रूप में दर्शकों को एक ऐसा गीत देने का वादा करता है जो प्रामाणिक हो और लम्बे समय तक सभी के दलों में बस जाए।

### पाकिस्तान में आम चुनाव : राजनीतिक दलों के घोषणापत्र में जलवायु परिवर्तन के मुद्दे को मिली प्राथमिकता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को 2022 मे विनाशकारी बाढ़ का सामना करना पड़ा था और यही वजह है कि आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव में देश की दो सबसे प्रमुख पार्टियो ने अपने चुनावी घोषणापत्र में जलवायु परिवर्तन के मुद्दे को प्रमुखता दी है। संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक के अनुसार जलवायु परिवर्तन के प्रति पांचवें सबसे संवेदनशील देश पाकिस्तान को गंभीर मौसमी घटनाओं का सामना करना पड़ेगा। एक आकलन के मुताबिक 2022 की विनाशकारी बाढ़ की वजह से पाकिस्तान की लगभग 3.30 करोड़ आबादी प्रभावित हुई थी। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ नीत पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और बिलावल भुट्टो जरदारी की अध्यक्षता वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने शनिवार को अपने-अपने घोषणापत्र जारी किए और मतदाताओं से कई वादे किए।दोनों पार्टियों के घोषणापत्रों में एक समानता यह थी कि दोनों ने जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दे पर जोर किया और इसके असर को कम करने के लिए कदम उठाने का वादा किया। पीएमएल-एन ने अपने घोषणापत्र के जलवायु अनकूल पाकिस्तान का निर्माण खंड के तहत अपनी भावी योजनाओं का उल्लेख किया जबकि पीपीपी ने अपने घोषणापत्र मे एक अलग खंड ग्रीन न्यू डीलः क्लाइमेट रेजिलिएंट फ्यूचर्स रखा है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अध्यक्षता वाली तीसरी सबसे अहम पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने अभी तक कोई घोषणापत्र जारी नही किया है। हालांकि, पार्टी जब सत्ता में थी तो उसने हरित विकास पर जोर दिया था। पीएमएल-एन ने अपने घोषणापत्र मे कहा, हमें यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाने चाहिए कि हम अपने लोगों और अपनी भूमि को जलवायु परिवर्तन के खतरों से बचा सकें।

### बांग्लादेश की अदालत ने नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मुहम्मद यूनुस को जमानत दी

**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने रविवार को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मुहम्मद यूनुस को जमानत दे दी। इसके साथ अदालत उनकी सजा के खिलाफ दायर अपील पर भी सुनवाई के लिए सहमत हो गई है। यूनुस को देश के श्रम कानूनो का उल्लंघन करने के लिए छह माह जेल की सजा सुनाई गई थी। यूनुस ने रविवार सुबह अदालत में जमानत के लिए याचिका दायर की, जिसे मंजूर कर लिया गया। यूनुस ने गरीब लोगों, विशेषकर महिलाओं की मदद के लिए सूक्ष्म ऋण की शुरुआत की थी। उन्हें उनके काम के लिए वर्ष 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।बांग्लादेश के 83 वर्षीय अर्थशास्त्री और दूरसंचार कंपनी के तीन अन्य अधिकारियों को श्रम कानूनों का उल्लंघन के आरोप में एक जनवरी को छह महीने जेल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन फैसले और सजा के खिलाफ अपील करने के लिए उन्हें तुरंत 30 दिन की जमानत दे दी गई थी।अदालत के रविवार के फैसले में कहा गया सजा के खिलाफ अपील पर अंतिम निर्णय होने तक जमानत प्रभावी रहेगी। बचाव पक्ष के वकील अब्दुल्ला अल मामुन ने कहा कि अपील पर पहली सुनवाई तीन मार्च को होगी। अगस्त 2023 में, ग्रामीण टेलीकॉम के 18 पूर्व कर्मचारियों ने यूनुस के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जिसमें उन पर उनकी नौकरी के फायदों को हड़पने का आरोप लगाया गया था। ग्रामीण टेलीकॉम की स्थापना यूनुस ने गैर लाभकारी संगठन के रूप मे की थी।

### पूर्वी अफगानिस्तान में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 33 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पूर्वी अफगानिस्तान में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 33 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हुए है। अधिकारियो ने रविवार को यह जानकारी दी। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने कहा कि अफगानिस्तान की राजधानी काबुल और पूर्वी नंगरहार प्रांत को जोड़ने वाले मुख्य राजमार्ग पर काबुल प्रांत के सोराबी जिले में 10 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें दो बच्चो और चार महिलाओ सहित 17 लोगों की मौत हो गई। जादरान ने कहा कि दुर्घटनाओं में 10 अन्य घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच, लघमान पुलिस प्रमुख के एक बयान के अनुसार, पूर्वी लघमान प्रांत में काबुल और नंगरहार के बीच उसी राजमार्ग के अन्य हिस्से पर चार अतिरिक्त सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई। इसमें कहा गया है कि लघमान प्रांत के अन्य हिस्से में हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। अफगानिस्तान में यातायात दुर्घटनाएं आम है, जिसका मुख्य कारण सड़कों की जर्जर स्थिति और राजमार्गों पर चालकों की लापरवाही है।

### इस्तांबुल में दो नकाबपोश हमलावरों ने गिरजाघर पर हमला किया, एक की मौत

**इस्तांबुल।** इस्तांबुल में दो नकाबपोश हमलावरों ने रविवार की प्रार्थना सभा के दौरान एक गिरजाघर पर हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। तुर्किए के अधिकारियो ने यह जानकारी दी। गृहमंत्री अली एरलिकाया के एक बयान के अनुसार, सशस्त्र हमलावरों ने स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजकर 40 मिनट पर सरिएर जिले के सैटा मारिया गिरजाघर पर हमला किया। एरलिकाया ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है और हमलावरों को पकड़ने के प्रयास जारी है।

### अमेरिका में गोलीबारी में चार लोगों की मौत

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में शनिवार को गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इसे हत्या के बाद आत्महत्या का मामला बताया है। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया पर एक बयान साझा कर बताया कि लेर्डो एवेन्यू के 11600 ब्लॉक मे गोलीबारी की सूचना मिलने पर अधिकारी रात सात बजे से पहले घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर चार लोगों को मृत घोषित किया गया और जांचकर्ताओ के अनुसार, यह हत्या के बाद आत्महत्या करने का मामला है। मृतकों के बारे मे और कोई जानकारी अभी उपलब्ध नही कराई गई है और न ही यह बताया गया है कि गोलीबारी क्यों की गई।

### पंजाब के अंतिम महाराजा की विरासत को संजोने के लिए करीब 2 लाख पाउंड मिले

**लंदन।** सिख साम्राज्य के अंतिम शासक महाराजा दलीप सिंह की विरासत को संजोने के लिए ब्रिटेन स्थित एक संग्रहालय को नेशनल लॉटरी हेरिटेज फंड द्वारा लगभग 200,000 पाउंड का अनुदान दिया गया है। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कार्पोरेशन (बीबीसी) की रिपोर्ट के अनुसार, नॉरफॉक के थेटफोर्ड में एंसिएंट हाउस म्यूजियम को उसकी 100वीं वर्षगांठ पर यह धनराशि प्रदान की गई। संग्रहालय की स्थापना 1924 में महाराजा दलीप सिंह के पुत्र प्रिंस फ्रेडरिक दलीप सिंह द्वारा की गई थी। अनुदान के रूप में प्राप्त1,98,059 पाउंड (2,51,712.99 अमेरिकी डॉलर) की धनराशि का इस्तेमाल परिवार की गाथा को प्रदर्शित करके बताने मे उपयोग किया जाएगा। महाराजा दलीप सिंह, महाराजा रणजीत सिंह के सबसे छोटे पुत्र थे। महाराजा रणजीत सिंह ने 1799 मे पंजाब मे सिख साम्राज्य की स्थापना की थी। अपने पिता और भाई की मृत्यु के बाद, दलीप सिंह पांच साल की उम्र में राज्य के शासक बने, लेकिन 1849 मे ब्रिटेन द्वारा पंजाब पर कब्जा करने के बाद उन्हे सिंहासन से हटा दिया गया।

# पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव, निगरानी के लिए राष्ट्रमंडल की पर्यवेक्षक टीम आएगी



**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान में** आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले नाइजीरिया के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. गुडलक जोनाथन के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल की 13 सदस्ईय पर्यवेक्षक टीम देश की चुनावी प्रक्रिया का स्वतंत्र और व्यापक मूल्यांकन करने आएगी। राष्ट्रमंडल सचिवालय के मीडिया और जनसंपर्क मामलों के प्रभाग ने एक बयान में यह जानकारी दी। पाकिस्तान में आम चुनाव के तहत आठ फरवरी को मतदान होगा और करीब 12.8 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के दिन, राष्ट्रमंडल पर्यवेक्षक समूह (सीओजी) के सदस्य पूरे पाकिस्तान में चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं का निरीक्षण और विचार करेंगे, जिसमें मतदान केंद्रों के खुलने और मतदान प्रक्रिया से लेकर मतपत्रों की गिनती और परिणामों की घोषणा तक शामिल है। राष्ट्रमंडल महासचिव पेट्रीसिया स्कॉटलैंड ने पर्यवेक्षक टीम के सदस्यों का चयन किया है जिसमें राष्ट्रमंडल देशों के बहु-विषयक विशेषज्ञ शामिल हैं और इसकी अध्यक्षता नाइजीरिया के पूर्व राष्ट्रपति जोनाथन करेंगे। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने 26 जनवरी को अंतिम मतदान योजना की घोषणा करते हुए कहा कि चुनाव के लिए देश में कुल 90,675 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे।

### इमरान लंबित मामलों में दोषी ठहराए गए तो उनकी पार्टी पर प्रतिबंध लगाया जा सकता हैः रिपोर्ट

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और अन्य शीर्ष नेता नौ मई की हिंसक घटनाओं और गोपनीय राजनयिक दस्तावेजों के खुलासे को लेकर गोपनीयता अधिनियम के उल्लंघन से संबंधित मामलो मे दोषी पाए जाते है तो उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। मीडिया की एक रिपोर्ट में रविवार को यह दावा किया गया। सिफर मामले का संबंध गोपनीय राजनयिक दस्तावेजों के खुलासे से है। खान ने 27 मार्च, 2022 को एक सार्वजनिक रैली मे अमेरिका का नाम लेते हुए दावा किया था कि यह उनकी सरकार को गिराने की एक अंतरराष्ट्रीय साजिश का सबूत है। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के वित्तपोषण (फंडिंग) की कई वर्षो की जांच के बाद सर्वसम्मति से घोषणा की कि पार्टी को अगस्त 2003 मे निषिद्ध राशि प्राप्त हुई थी। इससे पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाली पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) सरकार के लिए पार्टी को भंग करने का अवसर मिल गया। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, खान को संसद से अयोग्य घोषित कर दिया गया। इस्लामाबाद में नौ मई, 2023 को अर्द्धसैनिक रेंजर्स द्वारा खान की गिरफ्तारी के बाद हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। भ्रष्टाचार के एक मामले में खान की गिरफ्तारी के बाद हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन में रावलपिंडी में सेना मुख्यालय सहित 20 से अधिक सैन्य प्रतिष्ठान और राज्य भवन या तो क्षतिग्रस्त कर दिए गए या उनमें आग लगा दी गई।

## ईरान में नौ पाकिस्तानी श्रमिकों की गोली मारकर हत्या, पाकिस्तान ने गहन जांच की मांग की

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान ने** ईरान में अपने नौ नागरिकों की निर्मम हत्या की व्यापक जांच कराने की मांग की है। सीमा पार से एक-दूसरे के खिलाफ गोलाबारी के बाद दोनों देशों के बीच आए तनाव के कुछ दिनों बाद यह घटना हुई थी। पाकिस्तान की सीमा से सटे ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को अज्ञात हमलावरों ने नौ पाकिस्तानी श्रमिकों की गोली मारकर हत्या कर दी और तीन अन्य को घायल कर दिया था। ईरान की मेहर समाचार एजेंसी ने कहा, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अज्ञात हथियारबंद लोगों ने सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में सरवन शहर के पास स्थित सिरकन में एक घर में नौ गैर-ईरानी लोगों की हत्या कर दी। किसी भी समूह या व्यक्ति ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने हमले की व्यापक जांच और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित मुकदमा चलाने की मांग की है। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा, हम ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं और घटना की तुरंत जांच करने एवं इस जघन्य अपराध में शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने इस जघन्य और घृणित हमले की निंदा की।

## फ्रांस : किसान आंदोलन के बीच मोना लिसा की तस्वीर पर सूप फेंका



**पेरिस।** फ्रांस में रविवार को दो जलवायु कार्यकर्ताओं ने लौवर संग्रहालय में मोना लिसा की तस्वीर पर सूप फेंका और एक स्थाई खाद्य प्रणाली की वकालत करते हुए नारे लगाए। जलवायु कार्यकर्ताओं ने फ्रांस के उन किसानों के प्रति समर्थन जताया, जो फसल के बेहतर दाम और अन्य समस्याओं के खिलाफ कई दिन से देशभर में विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में, फूड रिपोस्टे छपी टी-शर्ट पहने दो महिलाओं को लियोनार्डो दा विंची की उत्कृष्ट कृति मोना लिसा पर सूप फेंकते और पेंटिंग के करीब जाने के लिए एक अवरोधक के नीचे से गुजरते हुए देखा जा सकता है। प्रदर्शनकारियों ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात क्या है? कला या भोजन का अधिकार? उन्होंने कहा, हमारा कृषि तंत्र बीमार है। हमारे किसान मर रहे हैं। इसके बाद वीडियो में संग्रहालय कर्मचारियों को आगंतुकों से कमरा खाली करने के लिए कहते देखा जा सकता है। अपनी वेबसाइट पर फूड रिपोस्टे समूह ने कहा कि फ्रांस की सरकार अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को तोड़ रही है।

## भारत-अमेरिका संबंधों में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं : निवर्तमान राजदूत संधू

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका में** भारत के निवर्तमान राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि भारत एवं अमेरिका के संबंधों में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं जो कि द्विपक्षीय संबंधों की अभी सिर्फ शुरुआत है तथा इस दीर्घकालिक रिश्ते का दायरा अभी और बढ़ेगा। संधू ने यहां गणतंत्र दिवस समारोह में भारतीय अमेरिकियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि यहां रह रहे भारतीयों की दूसरी पीढ़ी भारत से जुड़ी रहे। उन्होंने कहा, मैं आपको केवल यह बताना चाहता हूं कि आज भारत में अमेरिका-भारत संबंधों में भी क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं और इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि आपके बच्चे और आपके परिवार भारत के बारे में जागरूक हों, भारत से जुड़े रहें। संधू 35 से अधिक वर्षों की सेवा के बाद इस महीने के अंत में विदेश सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। संधू ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय पूंजी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के भारत में आने से सभी युवा भारतीय अमेरिकियों को नौकरी के अधिकतर अवसर प्राप्त करने का विशिष्ट अवसर मिलेगा। संधू ने कहा, इसलिए न केवल भावनात्मक, सांस्कृतिक और कई अन्य कारणों से, बल्कि आर्थिक और व्यावसायिक कारणों से भी भारत से जुड़े रहें। नेशनल काउंसिल ऑफ एशियन इंडियन एसोसिएशन ने वर्जीनिया के मैकलीन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। निवर्तमान राजदूत को भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने में उनकी भूमिका के लिए समुदाय के नेताओं द्वारा सम्मानित भी किया गया। संधू ने इंडियन अमेरिकन बिजनेस इम्पैक्ट ग्रुप द्वारा आयोजित एक अन्य विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह तो भारत-अमेरिका संबंध की अभी शुरुआत भर है। उन्होंने कहा, सच्चाई यह है कि हमने अभी सिर्फ शुरुआत की है। इन सभी क्षेत्रों में यह रिश्ता दूर तक जाने वाला है। उन्होंने कहा, हम पहले से ही एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) के विभिन्न आयामों के बारे में सुन रहे हैं। भारत एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष या विश्व बैंक के किसी भी अनुमान को देखें तो दुनिया की अर्थव्यवस्था को उबारने में भारत बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। संधू ने दोहराया कि करियर की संभावनाओं, नौकरियों और अपने बच्चों के विकास के लिए भारतीय अमेरिकियों को भारत से जुड़े रहना चाहिए।

## स्वाद की समझ खाने की गति को बढ़ाता है

**भाषा।** सान फ्रांसिस्को

- भोजन के बारे में मदद भी करती है



**एक वैज्ञानिक के** रूप में जो भूख और वजन नियंत्रण की जांच करता है, मुझे इस बात में दिलचस्पी है कि हमारा दिमाग किस तरह से हमें बताता है कि हमने पर्याप्त मात्रा में भोजन खा लिया है। हमें जैसे-जैसे अपना पेट भरा हुआ महसूस होने लगता है, हम खाने की गति धीमी कर देते हैं। दशकों से, वैज्ञानिकों ने यही सोचा है कि गति में यह परिवर्तन केवल पेट और आंतों से मस्तिष्क तक आने वाले संकेतों से प्रेरित था। लेकिन यूसी सैन फ्रांसिस्को में मेरी प्रयोगशाला के एक नए अध्ययन से पता चला है कि वास्तव में, एक और प्रक्रिया काम कर रही है, और यह जैसे ही हम अपने भोजन का स्वाद लेते हैं, शुरू हो जाती है।इस प्रक्रिया के बारे में अभी अधिक पता नहीं चला है क्योंकि हम किसी जानवर के भोजन करते समय उसके मस्तिष्क की संबंधित गतिविधि का निरीक्षण नहीं कर पाए हैं। इसमें शामिल न्यूरॉन्स मस्तिष्क तंत्र में गहरे होते हैं। मेरी प्रयोगशाला में एक स्नातक छात्र, ट्रूओंग ली ने नई तकनीकें विकसित कीं, जिससे हमें चूहों में पहली बार इन न्यूरॉन्स की गतिविधि को देखने की अनुमति मिली। न्यूरॉन तंत्रिका तंत्र में स्थित एक कोशिका है। इस कोशिका का कार्य मस्तिष्क से सूचना का आदान-प्रदान और विश्लेषण करना है। हमने पाया कि दो समानांतर तरीके हैं जो हमारे खाने को नियंत्रित करते हैं - एक यह नियंत्रित करता है कि आप कितनी तेजी से खाते हैं और दूसरा खाने की सीमा नियंत्रित करता है। हम आमतौर पर ऐसा खाना अधिक खाना चाहते हैं जिसका स्वाद अच्छा हो। लेकिन यद्यपि हम सचेत रूप से इसके प्रति जागरूक नहीं हो सकते, स्वाद की अनुभूति भी हमारे खाने को गति देती है। पहले तरीके में आंत से संकेत शामिल हैं, लेकिन हमारे अध्ययन से पता चलता है कि जब मस्तिष्क को मुंह में स्वाद इन्द्री से संकेत मिलते हैं तो उन संकेतों को भी नजरंदाज किया जा सकता है।हमने जिस दूसरे तरीके का अध्ययन किया, उसमें शामिल न्यूरॉन्स, जो कि आप कितना खाते हैं उसे सीमित करने के लिए जिम्मेदार है। ऐसा हार्मोन जीएलपी-। जारी करते हैं, जो लंबे समय तक पेट भरा होने का एहसास पैदा करता है। ग्लूकागन जैसा पेप्टाइड-। (जीएलपी-1) एक हार्मोन है जो भूख और रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।मेरी टीम इस संबंध में काम कर रही है कि इन नई दवाओं की गहरी समझ कैसे हासिल की जाए ताकि वजन को नियंत्रित करने के लिए नए तरीकों की पहचान की जा सके।

# भारत अब सिख अलगाववादी की हत्या की जांच में सहयोग कर रहा हैः पूर्व कनाडाई एनएसए

**भाषा।** ओटावा

**कनाडा की** एक पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा है कि ब्रिटिश कोलंबिया में एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या के संबंध में जारी जांच में भारत अब कनाडा के साथ सहयोग कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में महीनों के तनाव के बाद द्विपक्षीय संबंधों में सुधार हो रहा है। कनाडा की पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोडी थॉमस ने शुक्रवार को सीटीवी के साथ साक्षात्कार में द्विपक्षीय रिश्तों में इस बदलाव को नई शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि भारत पिछले साल जून में कनाडा के सरे शहर में खालिस्तानी अलगाववादी और नामित आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में जारी जांच में अब सहयोग कर रहा है। यह पहली बार है जब कनाडा के किसी अधिकारी ने स्वीकार किया है कि निज्जर की हत्या की जांच में नई दिल्ली के असहयोग संबंधी कनाडाई आरोपों के बाद भारत ने इस दिशा में प्रगति दिखाई है। हत्या में भारत की संदिग्ध संलिप्तता के बारे में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोप के बाद पिछले साल दोनों देशों के बीच संबंधों में कुछ कड़वाहट देखी गई थी। भारत ने इसे बेतुका और आधारहीन बताते हुए इन आरोपों से इनकार किया था। छब्बीस जनवरी को सेवानिवृत्त हुईं थॉमस की टिप्पणी पर भारत सरकार की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। भारत ने कहा है कि कनाडा ने कभी भी अपने दावे के समर्थन में कोई सबूत या जानकारी साझा नहीं की है कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट शामिल थे। थॉमस ने कहा, मैं उन्हें असहयोग करने वाला नहीं कहूंगी। साक्षात्कार के दौरान थॉमस ने कनाडा और भारत के बीच बदलते संबंधों को एक नई शुरुआत बताया और कहा कि कनाडा ने रिश्ते में प्रगति की है। थॉमस ने कहा, भारत में अपने समकक्ष के साथ मेरी चर्चा फलदाई रही है और मुझे लगता है कि उन्होंने इस दिशा में प्रगति की है। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत के साथ कनाडा के बेहतर रिश्ते अमेरिकी धरती पर खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नून को मारने की साजिश में एक भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के खिलाफ अमेरिकी अभियोग का परिणाम थे, इस पर थॉमस ने कहा, निश्चित रूप से दोनों मामले एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। थॉमस ने कहा, उन्होंने (अमेरिका ने) जिस जानकारी का खुलासा किया वह भारत के साथ हमारी स्थिति और हमारे दावों का समर्थन करती है। भारत इसे सुलझाने के लिए कनाडा के साथ और खासकर मेरे समकक्ष के साथ मिलकर काम कर रहा है। हिंद-प्रशांत में कार्य करने की कनाडा की क्षमता भारत के साथ स्वस्थ संबंध पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम इस दिशा में फिर से काम कर रहे हैं। थॉमस को जनवरी 2022 में प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया सलाहकार की भूमिका के लिए नियुक्त किया गया था। उन्होंने सीबीसी न्यूज के साथ एक अन्य साक्षात्कार में कहा कि कनाडा महीनों के तनावपूर्ण संबंधों के बाद भारत के साथ एक स्वस्थ रिश्ता बहाल करने की दिशा में काम कर रहा है। अक्टूबर में कनाडा के राजनयिकों की छूट रद्द किए जाने की धमकी के बाद 41 कनाडाई राजनयिकों ने भारत छोड़ दिया, जो अब तक वापस नहीं लौटे हैं। आरोपों पर चर्चा करने के लिए कई बार भारत आ चुकीं थॉमस ने कहा कि भारतीय अधिकारियों की प्रतिक्रिया वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण और थोड़ा आश्चर्यचकित करने वाली थी।

# अंग्रेजों के आगे नहीं चली भारतीय बल्लेबाजी

- हार्टले ने पहले टेस्ट मे भारत को हर्ट किया,
- इंग्लैंड ने 28 रन से यादगार जीत दर्ज की
- श्रृंखला मे 1-0 से बढ़त हासिल



**भाषा।** हैदराबाद

**ओली पोप** (196 रन) के जोशीले शतक के बाद पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले (62 रन देकर सात विकेट) के जादुई स्पैल से इंग्लैंड ने रविवार को यहां पहले टेस्ट के चौथे दिन भारत पर 28 रन की यादगार जीत से पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। इंग्लैंड ने भारत को जीत के लिए 231 रन का लक्ष्य दिया। लेकिन हार्टले की फिरकी के जाल में फंसकर मेजबान टीम चौथे दिन दूसरी पारी में 69.2 ओवर में 202 रन पर सिमट गई। घरेलू टेस्ट में 2013 के बाद यह भारत की चौथी हार है। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का रवैया पोप के रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की गेंदबाजी से निपटने के तरीके से बिल्कुल विपरीत था। भारत के दोनों अनुभवी स्पिनर पिच पर कभी भी खतरनाक नहीं दिखे और इंग्लैंड ने दूसरी पारी में काफी रन बटोर लिए। इससे पहले इंग्लैंड ने कल के स्कोर छह विकेट पर 316 रन से आगे खेलना शुरू किया और पोप की बदौलत दूसरी पारी में 420 रन बनाए जिससे उन्हें काफी अच्छी बढ़त मिली। यह हार भारत को गहरा घाव देगी क्योंकि टीम 25 साल के लंकाशर के ऐसे गेंदबाज के सामने ढह गई जिसे मिलाकर केवल तीन अंतरराष्ट्रीय मैच का अनुभव है। पिच पर काफी टर्न और वैरिएबल उछाल मौजूद था लेकिन भारतीय बल्लेबाज इससे निपट नहीं सके। शुभमन (0), यशस्वी (15) और श्रेयस अय्यर (13) अपनी ही असमंजसता से आउट हुए। जायसवाल सिली प्वाइंट पर पोप को कैच देकर लौटे। दो गेंद बाद ही गिल भी लौट गए जो खाता भी नहीं खोल पाए। इस बार भी कैच सिली प्वाइंट पर पोप ने लपका। हार्टले ने रोहित (39 रन) को पगबाधा आउट करके तीसरा विकेट लिया। इसके बाद केएल राहुल और अक्षर ने संभलकर खेला और चाय तक कोई विकेट नहीं गंवाया।

### दूसरी पारी में जूझते नजर आए अश्विन -जडेजा

**हैदराबाद।** रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की फिरकी जोड़ी की भारतीय पिचों पर तूती बोलती है लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में दोनों जूझते नजर आए। हैदराबाद टेस्ट से पहले दोनों ने मिलकर 500 विकेट के लिए थे और हरभजन सिंह तथा अनिल कुंबले की जोड़ी से वे एक विकेट पीछे थे। अब दोनों मिलकर 511 विकेट ले चुके हैं और भारतीय गेंदबाजी जोड़ी में शीर्ष पर है। इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन की जोड़ी मिलकर 1039 विकेट के साथ शीर्ष पर है जबकि आस्ट्रेलिया के शेन वॉर्न और ग्लेन मैकग्रा की जोड़ी के नाम 1001 विकेट है। श्रीलंका के चमिंडा वास और मुथैया मुरलीधरन की जोड़ी ने 895 और वेस्टइंडीज के कर्टली एम्ब्रोस और कर्टनी वॉल्श ने 762 विकेट चटकाए थे। इसके बावजूद इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में दूसरी पारी में वे जूझते दिखे जब इंग्लैंड के बल्लेबाजो ने चार से अधिक की औसत से 420 रन बना लिए। पहली पारी मे दोनो ने छह विकेट लिए थे जिसके दम पर भारत ने इंग्लैंड को 246 रन पर आउट कर दिया।

### स्कोरबोर्ड

**भारत दूसरी पारी :** शर्मा पगबाधा बो हार्टले 39, जायसवाल का पोप बो हार्टले 15, गिल का पोप बो हार्टले 00, राहुल पगबाधा बो रूट 22, पटेल का एवं बो हार्टले 17, अय्यर का रूट बो लीच 13, जडेजा रन आउट 02, भरत बो हार्टले 28, अश्विन स्ट फोक्स बो हार्टले 28, बुमराह नाबाद 06, सिराज स्ट फोक्स बो हार्टले 12, **अतिरिक्त :** (बा 4, लेग बाई 14, नोबॉल, वाइड 1) 20, **कुल :** 69.2 ओवर में 202 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन :** 1-42, 2-42, 3-63, 4-95, 5-107, 6-119, 7-119, 8-176, 9-177, **गेंदबाजी :** रूट 19-3-41-1, वुड 8-1-15-0, हार्टले 26.2-5-62-7, लीच 10-1-33-1, अहमद 6-0-33-0

# अच्छी बल्लेबाजी नहीं की, लक्ष्य निश्चित रूप से हासिल किया जा सकता था: रोहित

**भाषा।** हैदराबाद

**भारतीय कप्तान** रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को पांच मैच की श्रृंखला के पहले टेस्ट में मिली हार के लिए शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की विफलता पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उनमें निचले क्रम के बल्लेबाजों द्वारा दिए गए जुझारूपन और जज्बे की कमी थी। रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, यह बताना मुश्किल है कि गलती कहां हुई। 190 रन की बढ़त से हमने दबदबा बनाया था लेकिन ओली पोप (196 रन) का शानदार बल्लेबाजी की जो शायद किसी विदेशी खिलाड़ी की भारतीय हालात में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी में से एक थी। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि 230 रन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हमें लगा कि हमने सही लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी की। लेकिन आपको कहना ही होगा कि बहुत बढ़िया खेले ओली पोप। एक या दो चीजों को देखना मुश्किल है। हम लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर सके। 20-30 रन से कुछ भी संभव है। निचले क्रम ने अच्छा संघर्ष दिखाया और शीर्ष क्रम को दिखाया कि कैसे बल्लेबाजी की जाए। हमने कुछ मौकों का फायदा नहीं उठाया, लेकिन ऐसा हो सकता है। यह श्रृंखला का पहला मैच है। निचले क्रम ने वास्तव में अच्छा जज्बा दिखाया। आपको साहसिक होना चाहिए जो मुझे लगता है कि हम नहीं थे। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने जो रूट से टेस्ट कप्तानी संभालने के बाद इसे सबसे बड़ी जीत करार दिया। जब से मैंने कप्तानी संभाली है, हम जहां खेल रहे हैं और हम जिनके खिलाफ खेल रहे हैं, यह शत प्रतिशत हमारी सबसे बड़ी जीत है। टॉम पहली बार टेस्ट टीम में आए।

### मांसपेशियों में खिंचाव से जडेजा का दूसरे टेस्ट में खेलना संदिग्ध

**हैदराबाद।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का रविंद्र जडेजा को सीधे हिट करके आउट करना सिर्फ पहले टेस्ट का टर्निंग प्वाइंट नहीं था बल्कि यह श्रृंखला की दिशा भी तय कर सकता है क्योंकि भारत के स्पिनरों के स्टार एक आल राउंडर मांसपेशियों में खिंचाव से जूझ रहा है। पहली पारी में 87 रन बनाकर भारत के शीर्ष स्कोरर रहे जडेजा ने दोनों पारियों में पांच विकेट झटके। उनकी मांसपेशियों में खिंचाव लग रहा है क्योंकि वह तीसरे रन के लिए लौटने की कोशिश के बाद पैर की मांसपेशियों को हाथ से सहलाते दिखे। वह हाथ नहीं लगा रहे थे और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने इसके बारे में ज्यादा नहीं बताया। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, देखेंगे। मुझे अभी तक फिजियो से बात करने का मौका नहीं मिला है। वापस जाकर मैं उनसे बात करूंगा और देखूंगा कि क्या हुआ है।

### श्रीलंका क्रिकेट से निलंबन हटा

**कोलंबो।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड ने रविवार को तत्काल प्रभाव से श्रीलंका क्रिकेट पर लगा निलंबन हटा दिया। श्रीलंका क्रिकेट को आईसीसी सदस्य के रूप में दायित्वों के गंभीर उल्लघंन के लिए पिछले साल नवंबर में निलंबित कर दिया गया था। इन दायित्वों में विशेष रूप से अपने मामले स्वायत्तता से संभालने और संचालन में कोई सरकारी हस्तक्षेप नही होने की जरूरत शामिल थी। बोर्ड निलंबन के बाद से श्रीलंका क्रिकेट के हालात की निगरानी कर रहा है और अब इस बात से संतुष्ट है कि वह अब सदस्यता दायित्वों का उल्लंघन नही कर रहा है। खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने ट्वीट कर निलंबन हटाने की जानकारी दी।

### अब्दुसत्तारोव को हराकर विदित संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**विज्क आन जी (नीदरलैंड)।** ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने एक बार फिर विषम परिस्थितियो को पार करते हुए यहां टाटा स्टील मास्टर्स के 12वें दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को हराकर तालिका में संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। ग्रैंड स्विस विजेता विदित की इस जीत से साल का पहला सुपर टूर्नामेंट काफी रोमांचक हो गया है जहां शीर्ष पर 7.5 अंक के साथ पांच खिलाड़ी है और एक दौर का मुकाबला बचा है। विदित के साथ हमवतन डी गुकेश, चीन के वेई ई, हॉलैंड के अनीश गिरी और अब्दुसत्तारोव तालिका में शीर्ष पायदान पर है।

### एआईएफएफ ने मंगलवार को बैठक बुलाई

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने महासचिव शाजी प्रभाकरण की बर्खास्तगी पर चर्चा के लिए मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई है। उच्च न्यायालय द्वारा हालांकि उनकी बर्खास्तगी पर रोक लगाने के आदेश के बावजूद उन्हे आमंत्रित किए जाने की संभावना नही है। बैठक के एजेंडे मे एक विषय का उल्लेख है, महासचिव के पद से डॉ. शाजी प्रभाकरण की बर्खास्तगी और सेवा समाप्ति। मुझे एआईएफएफ की मंगलवार की कार्यकारी समिति की बैठक के लिए आमंत्रित नही किया गया है।

### जोसेफ के सात विकेट से वेस्टइंडीज आठ रन से जीता

**ब्रिसबेन।** शामार जोसेफ के सात विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने गाबा पर दिन रात का टेस्ट जीता जो आस्ट्रेलिया मे टेस्ट क्रिकेट मे 27 साल बाद मिली जीत है। जोसेफ को वेस्टइंडीज की दूसरी पारी मे मिचेल स्टार्क का यॉर्कर लगा था और उन्हे मैदान से जाना पड़ा था। उन्होंने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए 68 रन देकर सात विकेट लिए और आस्ट्रेलिया को 207 रन पर आउट कर दिया। सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 146 गेंद मे 91 रन बनाकर नाबाद रहे। एडीलेड मे टेस्ट क्रिकेट मे पदार्पण करने वाले 24 वर्ष के जोसेफ 11वें नंबर के बल्लेबाज जोश हेजलवुड का विकेट लेते ही खुशी के मारे उछल पड़े। वेस्टइंडीज ने एडीलेड टेस्ट तीन दिन के भीतर दस विकेट से गंवाने के बाद वापसी करके श्रृंखला मे 1-1 से बराबरी की।

### भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को नौ विकेट से हराया

**अहमदाबाद।** रविंद्र सांते के हरफनमौला खेल के दम पर भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच मे रविवार को यहां इंग्लैंड को 49 रन से हराया।मैन ऑफ द मैच सांते ने बल्ले से 18 रन का योगदान देने के बाद आठ रन पर दो विकेट चटकाए। इस श्रृंखला आयोजन बीसीसीआई के तत्वावधान में दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) कर रहा है। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर मे 146 रन बनाए। मध्यक्रम के बल्लेबाज योगेन्द्र ने टीम के लिए सर्वाधिक योगदान दिया। उन्होने 26 गेंदो मे एक चौके और दो छक्को की मदद से 31 रन बनाए।

# सिनर बने ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन

- मेदवेदेव को हराया

**भाषा।** मेलबर्न



**यानिक** सिनर ने दो सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में दानिल मेदवेदेव को 3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। सेमीफाइनल में उलटफेर कर नोवाक जोकोविच के टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे दबदबे को खत्म करने वाले 22 साल के सिनर पहली बार किसी बड़े टूर फाइनल में खेल रहे थे। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी है। अमेरिकी ओपन 2021 के चैम्पियन मेदवेदेव की ग्रैंडस्लैम में छह फाइनल में यह पांचवीं हार है। तीसरी वरीयता प्राप्त रूस के खिलाड़ी ने टूर्नामेंट के अपने चौथे पांच-सेट तक चले मैच के साथ ग्रैंड स्लैम के ओपन युग में कोर्ट पर सबसे अधिक समय (24 घंटे और 17 मिनट) बिताने का नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने इस मामले में 2022 अमेरिकी ओपन में कार्लोस अल्कराज (23 घंटे 40 मिनट) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार फाइनल में जगह बनाने के बावजूद मेदवेदेव खिताब नहीं जीत सके। वह 2021 में जोकोविच और 2022 में राफेल नडाल से हारे थे। नडाल के खिलाफ भी वह अपनी पहले दो सेट की बढ़त को बरकरार नहीं रख सके थे। मेदवेदेव इस बार खिताबी मुकाबले तक पहुंचने के लिए पांच-पांच सेट के तीन मैच जीते। इसमें से दो मैचों में उन्होंने शुरुआती दो सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी की। सिनर ने इस दौरान फाइनल से पहले छह मैचों में में केवल एक सेट गंवाया जो जोकोविच के खिलाफ तीसरे सेट के टाईब्रेकर में था। मेदवेदेव और सिनर के बीच यह 10वें मुकाबला था जिसमें रूस के खिलाड़ी ने शुरुआत छह मैच जीते थे। सिनर की मेदवेदेव पर यह लगातार चौथी जीत रही। मेदवेदेव ने फाइनल मुकाबले की शुरुआत में अपना दबदबा कायम किया लेकिन इसे जल्दी खत्म करने की हड़बड़ाहट उन्हें भारी पड़ी। सेमीफाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को चार घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले की थकान का असर अब उनकी खेल पर हावी होने लगा था। मेदवेदेव ने पहले सेट के तीसेर गेम को ब्रेक किया और 36 मिनट में इसे अपने नाम किया। वह दूसरे सेट के दूसरे और चौथे गेम को भी ब्रेक करने में सफल रहे। मैच का रुख हालांकि तीसरे सेट से बदलना शुरू हुआ।

### वेई और मर्टेंस ने महिला युगल खिताब जीता

**मेलबर्न।** ताईवान की सेह सू वेई ग्रैंडस्लैम युगल खिताब जीतने वाली दूसरे सबसे उम्रदराज महिला बन गई जिन्होने बेल्जियम की एलिसे मर्टेंस के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन महिला युगल खिताब अपने नाम किया। दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने 11वीं वरीयता प्राप्त लाटविया की एलेना ओस्टापेंको और यूक्रेन की लिउडमाइला क्विचेनोक को 6-1, 7-5 से हराया। यह सू वेई का सातवां महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब था जबकि मर्टेंस ने चौथी बार जीता है। इससे पहले पुरूष वर्ग में भारत के 43 वर्ष के रोहन बोपन्ना सबसे उम्रदराज युगल चैम्पियन बने जिन्होंने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ खिताब जीता। आस्ट्रेलिया की लीजा रेमंड सू वेई से आठ दिन बड़ी थी जब उन्होने 2011 अमेरिकी ओपन महिला युगल खिताब जीता था। मार्टिना नवरातिलोवा ने 49 वर्ष की उम्र मे बॉब ब्रायन के साथ 2006 अमेरिकी ओपन जीता था।

### हमें इसका मुकाबला करना होगा: द्रविड़

**हैदराबाद।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले को 28 रन से गंवाने के बाद भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि श्रृंखला में वापसी के लिए उनके गेंदबाजों को विरोधी टीम के बल्लेबाजों के स्वीप और रिवर्स स्वीप जैसे शॉट से निपटने का तरीका ढूंढना होगा। ऑली पोप ने भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप, रिवर्स स्वीप और रिवर्स स्कूप जैसे शॉट लगा कर इंग्लैंड की बैजबॉल क्रिकेट को जारी रखते हुए 196 रन की यादगार पारी खेली। वह दोहरा शतक लगाने से चूक गए लेकिन उनकी शानदार बल्लेबाजी से टीम ने पहली पारी में 190 से पिछड़ने के बाद बावजूद यादगार जीत दर्ज की। द्रविड़ ने कहा, हमें उसका (बैजबॉल) मुकाबला करना होगा। मैंने निश्चित रूप से उस स्तर के गेंदबाजों के खिलाफ लंबे समय तक ऐसा (स्वीप, रिवर्स स्वीप खेलना) होते नहीं देखा है। हमने पहले भी खिलाड़ियों को ऐसा प्रयास करते और कुछ असाधारण पारियां खेलते देखा है लेकिन इतनी कम गलतियों और इतनी सफलतापूर्वक (स्पिनरों को) खेलने में सक्षम होना, मैंने शायद ऐसा नहीं देखा है।

# शिवम ने कराई यूपी की वापसी

- रणजी: मुंबई के पास अब 177 रन की बढ़त , बंगाल ने असम को पारी और 162 रन से हराया



**मुंबई।** भारतीय हरफनमौला शिवम दुबे की शतकीय पारी से मुंबई ने वानखेड़े स्टेडियम में उत्तर प्रदेश के खिलाफ मजबूत वापसी की। दुबे ने 130 गेंद में सात छक्के और नौ चौके लगाकर 117 रन की पारी खेली। उन्होंने सातवें विकेट के लिए शम्स मुलानी के साथ 177 रन की साझेदारी की जिसमे पहली पारी मे 126 रन से पिछड़ने वाली मुंबई की टीम के पास अब 177 रन की बढ़त है और उसके दो विकेट बचे है। मुंबई की पहली पारी 198 रन पर सिमटी थी जिसके जवाब मे उत्तर प्रदेश ने 324 रन बनाए थे। स्टंप्स के समय मुंबई ने दूसरी पारी मे आठ विकेट पर 303 रन बना लिए। क्रीज पर मोहित अवस्थी (34) के साथ सिल्वेस्टर डिसूजा (दो) मौजूद है। वहीं सूरज सिंधू जायसवाल ने पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में पांच विकेट चटकाए जिससे बंगाल ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच में रविवार को यहां तीसरे दिन के खेल के दौरान असम को पारी और 162 रन के बड़े अंतर से हराया। पारी के अंतर से जीतने पर बंगाल ने इस मैच से सात अंक हासिल किए। असम ने दिन की शुरुआत पहली पारी में आठ विकेट पर 99 रन से की थी लेकिन टीम 103 रन पर आउट हो गई। बंगाल के लिए मोहम्मद कैफ ने पारी में 36 रन देकर चार, जायसवाल ने 25 रन देकर दो और अंकित मिश्रा ने 22 रन देकर दो विकेट लिए। पहली पारी में 405 रन बनाने वाले बंगाल ने इसके बाद असम को फालोऑन कराया लेकिन उसके बल्लेबाज एक बार फिर विफल रहे और पूरी टीम 140 रन पर पवेलियन लौट गई। असम के कप्तान रियान पराग दोनों पारियो में बल्लेबाजी नही कर सके। दूसरी पारी में राहुल हजारिका (20), डेनिश दास (21), साहिल जैन (26) और धरानी राभा (24) ने टीम की हार को टालने की कोशिश की लेकिन जायसवाल ने 17 ओवर मे 43 रन पर पांच विकेट लेकर बंगाल की जीत पक्की कर दी।

### हिम्मत के 194 रन, हिमांशु के चार विकेट से दिल्ली असंभव जीत की दहलीज पर

**मोहाली।** कप्तान हिम्मत सिंह की 194 रन की पारी के बाद हिमांशु चौहान के चार विकेट से आलोचनाओं में घिरी दिल्ली रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में उत्तराखंड पर असंभव जीत की दहलीज पर पहुंच गई। दिल्ली ने दूसरी पारी मे नौ विकेट पर 264 रन पर घोषित की और उत्तराखंड को जीत के लिए 173 रन का लक्ष्य देने के बाद स्टंप तक उसके 95 रन तक छह विकेट झटक लिए। उत्तराखंड के चार विकेट बाकी है और जीत के लिए अंतिम दिन उसे 77 रन बनाने होंगे। पहली पारी मे 147 रन पर सिमटने वाली दिल्ली पहली पारी के आधार पर 92 रन से पिछड़ रही थी। उसने दूसरी पारी में 11 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे जिसमें उसके शीर्ष छह में से पांच खिलाड़ी बिना रन बनाए पवेलियन लौट गए। लेकिन दिल्ली के शीर्ष दो बल्लेबाजो में शुमार हिम्मत ने अकेले जिम्मेदारी संभालते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज लक्ष्य थरेजा (43 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 182 रन की साझेदारी निभाई। हिम्मत दूसरे दिन के बाद 109 रन पर खेल रहे थे, उन्होंने अपनी पारी के दौरान 27 चौके और एक छक्का जड़ा। थरेजा के आउट होने के बाद हिम्मत ने हिमांशु (16) के साथ 30 रन जोड़े। 173 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तराखंड ने सलामी बल्लेबाज अवनीश सुधा का विकेट ऑफ स्पिनर ऋतिक शौकीन की गेंद पर गंवा दिया। इसके बाद हिमांशु ने कुणाल चंदेला (शून्य), युवराज चौधरी (शून्य) और जीवनजोत (तीन) को जल्दी जल्दी आउट किया। और उत्तराखंड का स्कोर चार विकेट पर 15 रन हो गया। इसके बाद स्वप्निल सिंह (36) और आदित्य तारे (36) ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 78 रन जोड़े। इन दोनों के आउट होते ही दिल्ली की टीम जीत की दौड़ मे शामिल हो गई। कटक मे ग्रुप के एक अन्य मैच में सलामी बल्लेबाज संदीप पटनायक ने 150 रन और अनुराग सांरगी ने 70 रन बनाकर ओड़िशा को दूसरी पारी में आठ विकेट पर 425 रन बनाकर हिमाचल प्रदेश को 388 रन का लक्ष्य देने मे मदद की।

### तमिलनाडु ने चंडीगढ़ को पारी और 293 रन से हराया, रेलवे और पंजाब भी जीते

**कोयंबटूर।** बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर ने चंडीगढ़ के बल्लेबाजी क्रम को झकझोरते हुए पांच विकेट झटके जिसकी बदौलत तमिनालडु ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच में पारी और 293 रन से जीत हासिल की। पहली पारी में 111 रन पर सिमटने वाली चंडीगढ़ पर तमिलनाडु ने 499 रन की विशाल बढ़त बनाई। चंडीगढ़ को अपने बल्लेबाजों से शानदार प्रदर्शन की दरकार थी लेकिन ऐसा नही हो सका और टीम 71 ओवर मे 206 रन पर सिमट गई। दो बाएं हाथ के स्पिनरो किशोर (80 रन देकर पांच विकेट) और अजीत राम (42 रन देकर तीन विकेट) ने अपनी फिरकी के दम पर उसके बल्लेबाजो को नही टिकने दिया। तमिलनाडु ने पहली पारी में 610 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। अंकित कौशिक ने चंडीगढ़ के लिए 85 गेंद मे 50 रन की जुझारू पारी के दौरान आठ चौके लगाए लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। तमिलनाडु को इस जीत से छह अंक मिले जिससे वह दो जीत और एक ड्रा से 15 अंक लेकर ग्रुप मे शीर्ष पर पहुंच गया। तमिलनाडु ने पिछले मैच में रेलवे को पारी और 129 रन से हराया था। एन जगदीशन को 321 रन की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वलसाड मे एक अन्य मैच में रेलवे ने गुजरात को 184 रन से शिकस्त दी। कर्ण शर्मा की अनुशासित गेंदबाजी से रेलवे ने गुजरात को दूसरी पारी में 159 रन पर समेट दिया। रेलवे ने तीसरे दिन सुबह दो विकेट पर 110 रन से आगे खेलना शुरू किया और पूरी टीम दूसरी पारी मे 61.5 ओवर में 228 रन पर सिमट गई। इससे गुजरात को जीत के लिए 344 रन का लक्ष्य मिला। मनन हिंगराजिया सात चौके की मदद से 52 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर दूसरे बल्लेबाजों का कोई साथ नही मिला। शर्मा ने 20 रन देकर चार विकेट झटके जबकि युवराज सिंह (32 रन देकर दो विकेट) और हिमांशु सांगवान (49 रन देकर दो विकेट) ने दो दो विकेट हासिल किए।

### राजस्थान ने मणिपुर को पारी और 42 रन से हराया

**अहमदाबाद।** तेज गेंदबाज अनीकेत चौधरी (68 रन देकर तीन विकेट) और अराफात खान (36 रन देकर चार विकेट) के मिलकर लिए गए सात विकेट से राजस्थान रविवार को यहां मणिपुर को पारी और 42 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी के ग्रुप ए तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। राजस्थान ने कुणाल सिंह राठौड़ (156 रन) और महिपाल लोमरोर (117 रन) के शतकों से अपनी पहली पारी छह विकेट पर 399 रन पर घोषित की थी। मणिपुर ने पहली पारी में 159 रन बनाए थे जिससे टीम 240 रन से पिछड़ रही थी। पर खान और चौधरी की बदौलत राजस्थान ने मणिपुर को दूसरी पारी में 198 रन पर समेटकर जीत हासिल की जिसने सुबह बिना विकेट गंवाए 21 रन से खेलना शुरू किया था। राजस्थान को इस जीत से बोनस अंक भी मिला जिससे टीम चार मैच में 16 अंक लेकर ग्रुप ए मे शीर्ष पर पहुंच गई। मणिपुर ने इस सत्र में अपने सभी चार मैच गंवाए हैं। वही रांची मे एक अन्य मैच में अर्थव तायडे (138 रन) और ध्रुव शोरे (113 रन) के शतक से विदर्भ ने मेजबान झारखंड के खिलाफ नौ विकेट पर 374 रन पर दूसरी पारी घोषित कर कुल 428 रन की बढ़त हासिल की।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने नीदरलैंड से 1-5 की हार से दक्षिण अफ्रीका दौरा खत्म किया

**केपटाउन।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका का दौरा रविवार को यहां नीदरलैंड के हाथों मिली 1-5 की निराशाजनक हार से समाप्त किया। भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल अभिषेक ने 39वें मिनट में किया। नीदरलैंड के लिए जिप जानसेन (10वें और 28वें) ने दो गोल दागे जबकि विश्व की शीर्ष रैंकिंग टीम के लिए डुको टेलजेनकैम्प (16वें), जेप होडरमेकर्स (21वें) और कोएन बिजेन (35वें) ने एक एक गोल किए। नीदरलैंड ने जानसेन के गोल से शुरू में ही बढ़त बना ली। भारतीय टीम लगातार हमलों के बावजूद पहले क्वार्टर के अंत तक गोल नहीं कर सकी। दूसरे क्वार्टर में नीदरलैंड ने 16वें और 21वें मिनट में दो गोल कर भारत पर दबाव बना दिया। फिर जानसेन ने 28वें मिनट में अपना दूसरा गोल दाग दिया और नीदरलैंड की टीम पहले हाफ में 4-0 से आगे हो गई। दूसरे हाफ में भारत ने गोल करने की तमाम कोशिशें कीं लेकिन बिजेन ने एक और गोल कर नीदरलैंड को 5-0 से बढ़त दिला ली। फिर अभिषेक ने तीसरे क्वार्टर में गोल कर स्कोर 1-5 किया। अंतिम 15 मिनट में नीदरलैंड की रक्षात्मक पंक्ति ने भारतीयों के सभी हमलों को नाकाम किया। भारत ने भी इसके बाद अपने खिलाफ कोई गोल नहीं होने दिया।

### भारत ने हॉकी फाइव्स विश्व कप में स्विट्जरलैंड को हराया, मिस्र से हारा

**मस्कट।** भारत ने रविवार को यहां हॉकी फाइव्स पुरूष विश्व कप के पूल बी मैच मे स्विट्जरलैंड पर 9-1 की जीत से शुरूआत की लेकिन अगले मुकाबले मे मिस्र से 6-8 से हार गया। भारत और स्विट्जरलैंड के बीच मैच में शुरू में दोनों टीम आक्रामक दिखी। कई प्रयासों के बाद भारत ने मोहम्मद रहील (छठे, 12वे), मंदीप मोर (11वें, 15वें) के गोल से पहले हाफ मे 4-0 से बढ़त बना ली। दूसरे हाफ मे भारत ने गेंद पर कब्जा बनाए रखने की रणनीति पर काम किया जो उसके लिए फलदाई साबित हुई। मनिंदर सिंह ने 19वें, 22वें, 26वें और 28वें मिनट में चार गोल दाग दिए। रहील (28वें) ने फिर अपनी हैट्रिक पूरी की।

# पूरी तरह से फिट चाहर की निगाहें टी20 विश्व कप पर

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय तेज** गेंदबाज दीपक चाहर व्यक्तिगत तौर पर चुनौतीपूर्ण दौर के कारण कुछ मुकाबलों में नहीं खेल पाए लेकिन अब वह वापसी को तैयार हैं और उनकी निगाहें इस साल के अंत में होने वाले टी20 विश्व कप पर लगी हुई हैं। पिता के ब्रेन स्ट्रोक के कारण वह दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के भारत दौरे और फिर इसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए। चाहर ने पीटीआई से बातचीत में कहा, मैं अपने पिता की वजह से ही यहां हूं, जो भी मैंने हासिल किया है वो अपने पिता की वजह से ही हासिल किया। इस हालत में अगर उनके पास नहीं हूं तो मैं कैसा बेटा हूं? उन्होंने कहा, अगर यह श्रृंखला भारत में होती तो मैं निश्चित रूप से खेलने की कोशिश करता क्योंकि अगर जरूरत होती तो मैं चार-पांच घंटे में अस्पताल पहुंच सकता था। लेकिन दक्षिण अफ्रीका से दो तीन दिन वापस आने में लगते। तो मेरे लिए आसान फैसला अपने पिता के साथ रहने का था, कोई भी बेटा ऐसा करेगा। चाहर ने कहा कि उन्हें फिटनेस संबंधित वर्कआउट के अलावा ट्रेनिंग का ज्यादा समय नहीं मिला तो वह तैयारी के लिए एनसीए में चले गए क्योंकि उनकी निगाहें भारत की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने पर लगी हैं। उन्होंने कहा, मैं 25 दिन तक अपने पिता के साथ अस्पताल में था। वह आगरा में नहीं अलीगढ़ में थे। हम सभी को उनके साथ वहीं रूकना था।

# भारत ने अंडर-19 विश्वकप जीता, अर्शिन, तिवारी चमके

- अमेरिका को 201 रन से हराया

**भाषा।** ब्लोमफोंटेन (दक्षिण अफ्रीका)

**सलामी बल्लेबाज** अर्शिन कुलकर्णी (108 रन) के शतक के बाद तेज गेंदबाज नमन तिवारी के चार विकेट की मदद से भारत ने रविवार को यहां अंडर-19 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप मैच में अमेरिका पर 201 रन की बड़ी जीत दर्ज की। पहले ही सुपर सिक्स में जगह पक्की कर चुकी गत चैम्पियन भारत ने इस तरह टूर्नामेंट में अजेय लय जारी रखी। अब टीम सुपर सिक्स में ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अर्शिन और मुशीर खान (73 रन) के अर्धशतक से भारत ने पांच ओवर में 326 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फिर वामहस्त तेज गेंदबाज तिवारी (20 रन देकर चार विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों ने कमजोर टीम अमेरिका को 50 ओवर में आठ विकेट पर 125 रन पर समेट दिया। अमेरिका की टीम किसी भी समय इस विशाल लक्ष्य के करीब पहुंचती नहीं दिखी। तिवारी और साथी तेज गेंदबाज राज लिम्बानी (17 रन देकर एक विकेट) ने नई गेंद से पहले 10 ओवर में अमेरिका के शीर्ष क्रम को चरमरा दिया। लिम्बानी ने प्रणव चेटिपालायाम को पहले ओवर में जबकि तिवारी ने भाव्य पटेल को दूसरे ओवर में आउट किया। फिर आठवें ओवर में तिवारी ने कप्तान ऋषि रमेश को पवेलियन भेजा। उत्कर्ष श्रीवास्तव (40 रन) और मानव नायक भी तिवारी के अन्य दो शिकार बने। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद गत चैम्पियन भारत ने उम्मीद के अनुरूप बल्लेबाजी में दबदबा बनाया।

# राजप्पा, भीमप्पा व रंजीथ को पहले दिन स्वर्ण



### अखिल भारतीय विद्युत परिषद पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता

**लखनऊ।** केपीटीसीएल के एचण् राजप्पा, भीमप्पा और एसएस रंजीथ ने उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर द्वारा आयोजित 45वीं अखिल भारतीय विद्युत परिषद पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता के पहले दिन पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक हासिल करते हुए दबदबा कायम किया। पहले दिन तीन भार वर्गो का फैसला हुआ जिसमें मेजबान यूपी पावर सेक्टर के संदीप कुमार यादव ने 66 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के वेटलिफ्टिंग हाल में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन आज मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दीप प्रज्जवन करते हुए व फीता काटकर किया। उन्होंने अपने संबोधन मे प्रतिभागी टीमों में शामिल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल सिर्फ हार.जीत के लिए नहीं खेला जाता है। इससे उत्पन्न खेल भावना आपको कार्य क्षेत्र में दायित्वों के निर्वहन में भी सहायक होती है।इस अवसर पर प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष केबी सिंह निदेशक, कार्मिक प्रबंधन व प्रशासन, जीडी द्विवेदी निदेशक वितरण, सीपी यादव अपर सचिव,शमशाद अहमद अपर सचिव, वी के मिश्रा, राजकुमार रस्तोगी,अनिल निगम, आरएन पाल, जावेद मंसूरी, सीके वर्मा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व विद्युत विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। पहले दिन 59 किग्रा भार वर्ग में केपीटीसीएल के एच राजप्पा ने 500 किग्रा टोटल वजन उठाकर स्वर्ण जीता। छत्तीसगढ़ के राजकुमार पाटकर ने 370 किग्रा टोटल वजन उठाकर रजत पदक अपने नाम किया। आसाम के सुमन दास को 155 किग्रा टोटल के साथ कांस्य पदक मिला। 66 किग्रा भार वर्ग में केपीटीसीएल के भीमप्पा ने 485 किग्रा टोटल वजन उठाते हुए स्वर्ण जीता। छत्तीसगढ़ के बलराम वस्त्राकर ने 460 किग्रा टोटल वजन उठाकर रजत व यूपी पावर सेक्टर के संदीप कुमार यादव ने 395 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।